YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-142 | मंगलवार, 24 जून 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




राष्ट्रपति ने पुस्तक में जो विचार व्यक्त किये हैं वे सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप हैं। राष्ट्रपति के अनुसार, विरासत के साथ-साथ विकास हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। — राजनाथ सिंह


अभिव्यक्ति, वाद-विवाद लोकतंत्र के अभिन्न अंगः धनखड़ 11
मुख्यमंत्री नीतीश ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल की दी सौगात 12


## संक्षेप

### स्टांप विभाग तबादलों में धांधली की पुष्टि के बाद किए गए निरस्त

**लखनऊ।** स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में स्थगित किए गए सभी 202 तबादलों को धांधली की पुष्टि होने के बाद तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। प्रमुख सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने सोमवार को इस संबंध में शासनादेश जारी किया है। स्टांप विभाग में तत्कालीन महानिरीक्षक समीर वर्मा द्वारा 59 उपनिबंधक के स्थानांतरण, 29 को नई तैनाती और 114 लिपिक के स्थानांतरण किए थे। स्थानांतरण नीति के अनुसार समूह 'ख व 'ग के कर्मियों के तबादले से पहले विभागीय मंत्री से चर्चा की जाएगी। आरोप है कि तत्कालीन महानिरीक्षक ने मंत्री से चर्चा किए बिना ही मनमाने तरीकों से तबादले कर दिए। स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पूरे मामले की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने इसके बाद तत्काल प्रभाव से सभी तबादलों को स्थगित कर दिया था और देर शाम ही सीमर वर्मा को हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया। रवींद्र जायसवाल के मुताबिक विभाग में किए गए तबादलों के परीक्षण में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद तुरंत इसे निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने एक बार फिर कहा है कि विभाग में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई स्थान नहीं है और जो भी गड़बड़ी करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इंडिगो के 3 अफसरों पर एससी/एसटी एक्ट का केस

**गुरुग्राम।** इंडिगो फ्लाइट के ट्रेनी पायलट ने तीन सीनियर अधिकारियों पर जातिवाद का आरोप लगाया है। ट्रेनी पायलट का कहना है कि इन अधिकारियों ने उससे कहा कि वो प्लेन उड़ाने लायक नहीं है, जाए और जूते सिले। दरअसल, ये पायलट अनसूचित जाति से ताल्लुक रखता है। मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इंडिगो के अधिकारियों मनीष साहनी, तपस डे और कैप्टन राहुल पाटिल के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में पहले बेंगलुरु में शिकायत की गई, जहां पर पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद इसे गुरुग्राम में ट्रांसफर कर दिया गया, जहां पर इंडिगो का हेडक्वार्टर है। यहां बता दें कि जीरो एफआईआर किसी भी पुलिस थाने में दर्ज की जा सकती है, चाहे अपराध कहीं भी हुआ हो। अपनी शिकायत में ट्रेनी पायलट ने 28 अप्रैल को गुरुग्राम में इंडिगो के हेडक्वार्टर में हुई एक बैठक का हवाला दिया है। ये बैठक लगभग 30 मिनट तक चली और इस दौरान शिकायतकर्ता से कहा गया, ''तुम विमान उड़ाने लायक नहीं हो, वापस जाओ और चप्पलें सिलवाओ। तुम यहां चौकीदार भी बनने लायक नहीं हो।'' ट्रेनी पायलट का आरोप है कि उसका उत्पीड़न इसलिए किया गया क्योंकि अधिकारी उनका इस्तीफा चाहते थे।

# सपा ने तीन विधायकों को किया निष्कासित

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



❑ तीनों निष्कासित विधायकों राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग का है आरोप, विधायक ने निष्कासन को बताया हास्यास्पद

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से तीन विधायकों को निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तीनों बागी विधायकों के निष्कासन की जानकारी साझा की है।

पार्टी की पोस्ट में बताया गया है कि समाजवादी सौहार्दपूर्ण सकारात्मक विचारधारा की राजनीति के विपरीत साम्प्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता व किसान, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा और 'पीडीए विरोधी' विचारधारा का साथ देने के कारण, समाजवादी पार्टी जनहित में गोशाईगंज के विधायक अभय सिंह, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह और विधायक ऊँचाहार मनोज कुमार पाण्डेय को पार्टी से निष्कासित किया गया है। इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गयी 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूर्ण हुई, शेष की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है। भविष्य में भी 'जन-विरोधी' लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा और पार्टी के मूल विचार की विरोधी गतिविधियाँ सदैव अक्षम्य मानी जाएंगी। आरोप है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान कई विधायकों ने अपनी ही पार्टी सपा के खिलाफ जाकर मतदान किया था। भाजपा को अप्रत्याशित जीत मिली थी। सपा के अन्य विधायकों पर भी शक की सुई चली, जिनमें विनोद चतुर्वेदी, राकेश पांडे, पूजा पाल और आशुतोष मौर्य के नाम सामने आए थे। हालांकि अभी तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि निष्कासित तीनों विधायक लगातार भाजपा नेताओं व अन्य कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर शामिल हो रहे हैं।

सपा से निष्कासित किए जाने के बाद बिना नाम लिए ऊँचाहार से विधायक मनोज पांडेय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ''बिनु रघुनाथ अनाथ कहावा।'' उन्होंने लिखा जातिवादी, विभाजनकारी सोचयुक्त, सनातन विरोधी, विकास विरोधी और हिन्दू देवी देवताओं की आस्था का मान मर्दन करने वाली, प्रभु राम पर अपमाजनक टिप्पणी करने वालों को पोषित पल्लवित करने वाली पार्टी का हास्यास्पद बयान हथप्रभ कर देने वाला है। विधायक मनोज पांडे ने अपना पक्ष मजबूती से रखते हुए समाजवादी पार्टी पर तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में उनका 30 साल का लंबा राजनीतिक जीवन रहा है और उन्होंने हमेशा सपा के मूल सिद्धांतों के साथ काम किया। मनोज पांडे ने कहा कि जब मैंने पार्टी छोड़ी, उस समय मैं मुख्य सचेतक था। यह सवाल उन लोगों से किया जाना चाहिए, जिन्होंने ऐसी परिस्थितियां पैदा कीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी भी रूप में बागी नहीं हैं। अपने फैसले को संवैधानिक अधिकार बताते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर रखा है कि राज्यसभा में कोई भी विधायक जहां चाहे, वहां वोट कर सकता है। यह हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने तीखा बयान देते हुए कहा कि राम, राष्ट्र और सनातन मेरे लिए पहले हैं, पार्टी बाद में। अगर सनातन की बात करना बगावत है, तो हां, मैं बागी हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी अब अपने मूल विचारों से भटक गई है और केवल वोटबैंक की राजनीति में लिप्त है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अब न तो डॉ. लोहिया के विचारों पर चल रही है और न ही रामभक्तों का सम्मान कर ● शेष पेज 11 पर

# ईरान में इजरायल अपने लक्ष्य की प्राप्ति के बहुत नजदीक : नेतन्याहू

**एजेंसी**

## इजरायल ने ईरान पर फिर किये हवाई हमले



यरूशलम/तेहरान। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों एवं मिसाइल कार्यक्रमों को भारी नुकसान पहुंचाने के बाद इजरायल अपने उद्देश्यों को पूरा करने के 'बहुत नजदीक' है। यह जानकारी द टाइम्स ऑफ इजरायल सोमवार को दी। इजरायल ने सोमवार तड़के ईरान पर फिर से हवाई हमले किये। इससे पहले ईरान से दागी गयी एक मिसाइल को इजरायली सेना ने इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया था।

श्री नेतन्याहू ने पहले से रिकॉर्ड संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजरायल, ईरान के 400 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम की जानकारी हासिल कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल के पास इसके ठिकाने के बारे में दिलचस्प जानकारी है, लेकिन उन्होंने विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने युद्ध की संभावना से इनकार किया लेकिन यह भी कहा कि सभी लक्ष्य पूरे होने तक अभियान जारी रहेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह पुष्टि की थी कि अमेरिका ने इस्फ़हान, फोर्डो और नतांज़ में ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। ईरान ने भी इन हमलों की पुष्टि की लेकिन कहा कि इन हमलों में उसके परमाणु अभियान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, क्योंकि उन स्थलों को खाली कर दिया गया था और परमाणु सामग्री को पहले ही हटा लिया गया था। सऊदी परमाणु एवं रेडियोलॉजिकल विनियामक आयोग के अनुसार, अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद ईरान या अन्य अरब देशों के पर्यावरण में कोई रेडियोधर्मी पदार्थ नहीं पाया गया है। इज़राइली वायुसेना (आईएएफ) ने ईरान के करमानशाह प्रांत में स्थित सैन्य ढांचे को निशाना बनाते हुये मिसाइल लॉन्च और भंडारण केंद्रों पर बमबारी की। इस ऑपरेशन में 15 से अधिक युद्धक विमानों ने हिस्सा लिया। यह हमला ईरान की ओर से इज़राइल में दागी गयी मिसाइल के बाद हुआ। इजरायली सेना ने कहा कि मिसाइल को मार गिराया गया है और इस दौरान जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में शासन परिवर्तन की संभावना जताई थी और रविवार सुबह अमेरिकी बमवर्षकों तथा पनडुब्बियों ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर भारी हमले किये। इसी के बाद ईरान ने इजरायल पर हमले किए । इस घटनाक्रम से मध्य-पूर्व में तनाव और अधिक बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है।

### ईरान की सहायता करने के लिए तैयार हैं: रूस

**तेहरान/मास्को।** रूस विभिन्न तरीकों से ईरान की मदद करने के लिए तैयार है, जो तेहरान के अनुरोध पर निर्भर करेगा। यह बात क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने सोमवार को कही। पेस्कोव ने एक प्रेसवार्ता में एक सवाल के जवाब में कहा, ''सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ईरान को क्या चाहिए। हमने मध्यस्थता के अपने प्रयासों की पेशकश की है। ये पक्का है। पेस्कोव ने कहा कि रूस ने ईरान-इजराइल युद्ध पर अपना रुख खुले तौर पर घोषित कर दिया है तथा इसे तेहरान के लिए समर्थन का एक महत्वपूर्ण रूप बताया है। उन्होंने कहा, ''हमने ● शेष पेज 11 पर

### ईरान के खिलाफ अमेरिका ने भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं किया: सरकार

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान ईरान के खिलाफ हमले में अपने बी-2 बमवर्षक विमानों की उड़ान के लिए अमेरिका ने भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं किया था। भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कई सोशल मीडिया अकाउंट्स ने दावा किया है कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान ईरान के खिलाफ विमानों की उड़ान के लिए अमेरिका द्वारा भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया गया था। यह दावा फर्जी है। ● शेष पेज 11 पर

# नक्सलवाद के खात्मे के इतिहास में सुरक्षा बलों का बलिदान स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा : शाह

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले वर्ष जब देश नक्सलवाद से मुक्त होगा तो वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा और नक्सलवाद के खात्मे के इतिहास में सुरक्षा बलों का बलिदान तथा परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा।

श्री शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में सुरक्षा बलों के जवानों के साथ संवाद के दौरान यह बात कही। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा बलों के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन किया और कहा कि जवान अपने शौर्य और परिश्रम से ही नक्सलियों के साथ मुठभेड़ को सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा सेना के जवान जो तय करते हैं, वो हासिल करते हैं। सुरक्षा बलों के इसी भरोसे से मैं देश में 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का ऐलान करता हूं। श्री शाह ने कहा कि नक्सलवाद गरीब आदिवासी क्षेत्र के लिए बड़ी विभीषिका रही है, जिससे पिछले 35 साल में लगभग 40 हजार लोगों की मौत हुई है या फिर वो अपाहिज होकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। नक्सलवादी हिंसा ने गरीब आदिवासी तक खाना, बिजली, शिक्षा, घर, शौचालय और पीने का शुद्ध पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं को नहीं पहुंचने दिया। इतने लंबे वर्षों तक इतना बड़ा क्षेत्र गुलामी के कालखंड में जीने को मजबूर रहा। ● शेष पेज 11 पर

# सुप्रीम कोर्ट एकल माताओं के बच्चों के ओबीसी प्रमाणपत्र विवाद पर करेगा विचार

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि एकल माताओं के बच्चों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र जारी करने के लिए संबंधित नियमों में संशोधन करने का निर्देश देने की मांग वाली रिट याचिका पर विचार करेगी।

न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने इस मामले में विस्तृत सुनवाई की जरुरत बताते हुए कहा कि इस मामले में 22 जुलाई को विचार किया जाएगा। पीठ ने कहा, मौजूदा रिट याचिका एकल माताओं के बच्चों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने के बारे में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाती है, जिसमें मां ओबीसी से संबंधित है। शीर्ष अदालत में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि उन्होंने याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दायर किया है। शीर्ष अदालत ने 31 जनवरी को दिल्ली की एक महिला द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा। पीठ ने आज इसे एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए कहा, इस पर सुनवाई होनी चाहिए। पीठ ने शीर्ष न्यायालय के 2012 के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें ऐसे व्यक्ति की स्थिति से जुड़े सवाल पर विचार किया गया था, जिसके माता-पिता में से एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित है और दूसरा किसी भी श्रेणी से संबंधित नहीं है। केंद्र के वकील ने कहा कि इस मुद्दे पर विचार-विमर्श की आवश्यकता है और सभी राज्यों को इस मामले में पक्षकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय से दिशा-निर्देशों की आवश्यकता होगी। वकील ने कहा कि विभिन्न कारकों पर विचार किया जाना चाहिए, जिसके बाद दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे। याचिकाकर्ता ने कहा कि ओबीसी प्रमाण पत्र एकल मां के पास मौजूद प्रमाण पत्र के आधार पर जारी किया जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा, छ्लमामले के महत्व को देखते हुए (मुख्य न्यायाधीश के आदेश के अधीन) मामले को 22 जुलाई को अंतिम सुनवाई के लिए रखा जाना चाहिए। पीठ ने पक्षकारों को अपने लिखित प्रस्तुतियाँ दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने उन्हें यह भी कहा कि वे उस परिदृश्य की जाँच करें जहाँ एकल माँ ने अंतरजातीय विवाह किया हो। ● शेष पेज 11 पर

### विस उपचुनावों में आप को दो, भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल को मिली एक-एक सीट

नयी दिल्ली। विभिन्न राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के उप चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) दो सीटें बरकरार रखने में सफल रही जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और तृणमूल कंग्रेस ने एक-एक सीट जीती है।

चार राज्यों में 19 जून को हुए मतदान की सोमवार को हुई मतगणना में आप ने अपने शासन वाले पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट पर अपना कब्जा बनाए रखा। इसके साथ ही पार्टी ने गुजरात की विसावदर सीट पर सत्तारूढ भाजपा के विरुद्ध जीत दर्ज कर इस सीट को भी बरकरार रखा है। गुजरात में कडी सीट भाजपा के कब्जे में बनी रही। कंग्रेस पार्टी ने केरल में नीलाम्बूर सीट पर उलटफ़ेर कर सत्तारूढ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एनडीएफ) को शिकस्त दी। लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर आप के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कंग्रेस के भारत भूषण आशु को 10637 मतों के अंतर से हराया। श्री अरोड़ा को 35179 और आशु को 24542 वोट ● शेष पेज 11 पर

## नगर विकास विभाग की हरित पहल, जीसीएम प्रणाली के तहत होगी तीन स्तरीय मॉनिटरिंग

# उत्तर प्रदेश में तीन चरणों में लागू होगी जीसीएम प्रणाली

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग ने शहरी हरित नीति के तहत एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के शहरों में ग्रीन कवर की निगरानी के लिए ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की जाएगी। नगर विकास विभाग, जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर और पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्यों के आधार पर तीन स्तरीय मॉनिटरिंग करेगा।

मॉनिटरिंग की यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश में तीन चरणों में पूरी होगी। जो कि 2025 से शुरू होकर 2030 तक पूरे प्रदेश में लागू कि जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार नगर विकास विभाग की यह पहल यूपी में सतत और संपोषणीय शहरी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश के शहरों में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर विकास विभाग ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की है। जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर की तीन स्तरों निकाय स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। निकाय स्तर पर नगर आयुक्त या जिला अधिकारी जिला पर्यावरण समिति का गठन कर, हरित कार्यों की त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्ट स्टेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति और एक समर्पित निगरानी टीम मॉनिटरिंग का कार्य करेगी। तो वहीं तृतीय स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान थर्ड पार्टी निरीक्षण के माध्यम से शहरों के कार्यों का सत्यापन किया जाएगा। यह निगरानी भू-संदर्भित उपकरणों, मोबाइल एप्लिकेशन, उपग्रहीय आंकड़ों और वनस्पति सूचकांक के उपयोग से होगी, जिससे पौधों के स्वास्थ्य और हरित आवरण की वृद्धि का सटीक आकलन किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नगर विकास विभाग शहरी हरित नीति को तीन चरणों में लागू करेगा। पहले चरण में ये नीति 2025 से 2027 तक प्रदेश के स्मार्ट शहरों और प्रमुख महानगरों पर ध्यान केंद्रित करेगी। जबकि दूसरे चरण में 2027 से 2030 तक इस प्रक्रिया में उन शहरों को शामिल किया जाएगा जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। वहीं तीसरे चरण में वर्ष 2030 के बाद ये नीति पूरे राज्य की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में लागू की जाएगी। जिसके आधार पर प्रदेश के शहरों को प्राप्त जीसीएम अंकों के आधार पर ग्रीन, ग्रीन+, ग्रीन++ और ग्रीन+++ की कटेगरी में रखा जाएगा। जो शहर न्यूनतम मापदंडों को भी पूरा नहीं करेगें वो अपात्र शहरों की कैटगरी में रखे जाएगें। जीसीएम कैटगरी के आधार पर इन शहरों में नगरीय निकाय ग्रीन कवर को बढ़ाने के सभी संभव प्रयास करेंगे। जिसमें प्रशासकीय प्रयत्नों के साथ जनभागीदारी को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इस आधार पर प्रदेश के सभी शहरों को अल्टीमेट ग्रीन सिटी के तौर पर विकसित करने का प्रयास है। सीएम योगी आदित्यनाथ की यह पहल उत्तर प्रदेश को हरित और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ शहरों की दिशा में अग्रणी राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



# मुखर्जी ने जो सपना देखा था मोदी ने उसे पूरा किया : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल अस्पताल स्थिति उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारता माता के महान सपूत, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मुखर्जी की पावन पुण्यतिथि है। आज ही के दिन 1953 में मुखर्जी ने अखण्ड भारत के लिए अपना बलिदान दिया था। मुखर्जी एक महान शिक्षाविद्, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्नद्रष्टा थे। स्वतंत्र भारत में कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने देश को अपने विजनरी नेतृत्व से लाभान्वित करके देश की औद्योगिक नीति को तय करके अपनी भूमिका निर्वहन किया था। देश के अंदर खाद्य मंत्री के रूप में भी उन्होंने एक बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। उन्होंने कैबिनेट से नेहरू सरकार की ओर से आजादी के तत्काल बाद राष्ट्रीय एकता और अखण्डता से किए जा रहे खिलवाड़ की वजह से इस्तीफा दे दिया था।

योगी ने कहा कि भारतीय जनसंघ के पहले अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश के अंदर एक नई राजनीतिक शुरुआत को आगू बढ़ाया था। 1952 के आम चुनाव के बाद धारा 370 लागू ● शेष पेज 11 पर

# मण्डलीय समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त ने लापरवाह अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

## जन शिकायतों के निस्तारण और वृक्षारोपण की तैयारियों पर विशेष जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सोमवार को आयोजित मण्डलीय समीक्षा बैठक में जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। जल निगम (ग्रामीण) व सिंचाई विभाग की शिकायतों में खराब गुणवत्ता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। आगामी वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को गड्ढा खुदाई, पौध उठान और शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए।गौ-आश्रय स्थलों और स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहींबरसात को ध्यान में रखते हुए गौ-आश्रय स्थलों पर जलभराव व कीचड़ न हो, इसके लिए एसडीएम व बीडीओ को निरीक्षण के निर्देश दिए गए। पशुचिकित्सकों को नियमित निरीक्षण और बीमार पशुओं के इलाज के सख्त निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, नवजात टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, तथा एमओआईसी द्वारा हेपेटाइटिस बी डोज में लापरवाही पर मण्डलायुक्त ने नाराज़गी जताई और स्पष्टीकरण तलब किया।कर वसूली, ओवरलोडिंग और योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगीमण्डलायुक्त ने कर-करेत्तर की समीक्षा में वाणिज्य कर, स्टांप, पंजीयन, परिवहन व आबकारी विभागों को शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए। ओवरलोडिंग व बिना नंबर की गाड़ियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, पीएम सूर्य घर योजना, आंगनबाड़ी नियुक्ति, निवेश मित्र पोर्टल सहित विभिन्न योजनाओं की धीमी प्रगति पर अधिकारियों को प्रदर्शन सुधारने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी।बैठक में प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी व प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी एवं अन्य मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा के राज में स्विस बैंक में रखा काला धन हुआ तिगुना : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। बिजली कटौती और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर आम आदमी पार्टी ने योगी सरकार को घेरा। बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू-मुसलमान के झगड़े से किसी को फायदा नहीं, बीजेपी गैर जरूरी मुद्दे उठाकर वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही है।

सोमवार को बहराइच में आयोजित एक प्रेस वार्ता में आप प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में संघर्ष और सेवा के दम पर संगठन का विस्तार करेगी और साथ ही साथ 2026 में होने वाले पंचायत चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत उम्मीदवार उतारकर मजबूती से पंचायत का चुनाव लड़ेगी। सांसद संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूल पहले ही बंद हो चुके हैं, हाल में छापी रिपोर्ट के अनुसार 6000 सरकारी स्कूलों में मात्र एक टीचर है, इसलिए सरकार का फैसला है कि उन 6000 स्कूलों को भी बंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे हिंदुस्तान में अभी तक जब से मोदी जी की सरकार आई है, 90000 सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। यानी भाजपा के लिए बच्चों की शिक्षा प्राथमिकता नहीं है, स्वास्थ्य प्राथमिकता नहीं है। बीजेपी के 11 साल की कार्यप्रणाली के सवाल पर पत्रकारों से बात करते हुए राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि निश्चित तौर पर यह सवाल बीजेपी से करना चाहिए की उन्होंने 15 लाख रुपए हर खाते में पहुंचाने की बात कही थी, तो अब तक तो उनके कार्यकाल में काला धन तीन गुना हो गया, इस हिसाब से लोगों को अब 45 - 45 लाख रुपए मिलना चाहिए, तो वह 45 लाख रुपए कहां है? मोदी जी ने कहा था कि 2 करोड़ नौकरी वह हर साल देंगे, तो कहां हैं 2 करोड़ नौकरी? यानी आपको 11 साल में 22 करोड़ नौकरियां देनी थी, और अब तक 22,000 नौकरियां भी नहीं दी। आज उत्तर प्रदेश में बुलडोजर चला चला कर गरीब को जिस तरह कुचला जा रहा है, यह हमारे लिए मुद्दा है बिजली कटौती करके बिजली का दाम बढ़ाया जाना पार्टी का मुद्दा है। उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूल बंद है और अस्पताल बदहाल हैं, यह हमारे लिए मुद्दा है। अब यूपी की जनता को तय करना है, मैं जनता से सिर्फ इतना ही कह सकता हूं कि हिंदू मुसलमान के झगड़े से आपको कोई फायदा नहीं है। इससे न तो उत्तर प्रदेश का भविष्य आगे बढ़ेगा और नहीं देश का भविष्य आगे बढ़ेगा नहीं आम इंसान का भविष्य आगे बढ़ने वाला है। गैर मुद्दों को उठाकर वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान हटाना इसमें बीजेपी की महारत है। उसके चक्कर में हमें फसना है कि नहीं फसना है यह जनता को तय करना है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में हुई जन सुनवाई



बरनपुर भूदान मामले मे दो पक्षों से शिकायती प्रार्थना पत्र आया था तहसीलदार को जांच सौपी गई है जांच आख्या आने पर पक्षो को सुनने के बाद अग्रिम कार्रवाही किया जायेगा
**आकांक्षा सिंह**
**उपजिलाधिकारी कोरांव प्रयागराज**

**कोरांव ( प्रयागराज)।** एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह ने सोमवार को तहसील सभागार में जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं और फरियादियों की समस्याएं सुनी और निष्पक्षता के साथ निस्तारण करने का आदेश दिया। कुछ मामलों में उन्होंने फोन के माध्यम से भी जल्द निस्तारण कराने को मातहत को कहा। इसके अलावा, बरनपुर गांव में भूदान की विवादित भूमि के मामले में सोमदत्त सिंह पटेल एसडीएम से मिले एसडीएम ने आश्वासन दिया कि न्यायोचित और जनहित में पूरा सहयोग किया जाएगा। जन सुनवाई मे एसडीएम के अलावा तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल नायब डैया राम मुरत मौजूद रहे।

संगम क्षेत्र में गंगा–यमुना का जलस्तर बढ़ा, अलर्ट मोड में प्रशासन

प्रयागराज। लगातार बारिश के चलते संगम नगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 75.89 मीटर, छतनाग में 71.07 मीटर और यमुना का जलस्तर नैनी में 71.84 मीटर दर्ज किया गया है बीते 24 घंटे में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 6 सेंटीमीटर, छतनाग में 17 सेंटीमीटर और यमुना का जलस्तर नैनी में 27 सेंटीमीटर बढ़ा है। हालांकि दोनों नदियां अभी खतरे के निशान से काफी नीचे बह रही हैं। गंगा–यमुना का डेंजर लेवल 84.734 मीटर निर्धारित है।प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम के माध्यम से जलस्तर की 24 घंटे निगरानी शुरू कर दी है। तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया गया है, वहीं जल पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात कर दिया गया है।

यमुनानगर पुलिस को बड़ी सफलता वाहन चोर गैंग का किया खुलासा

प्रयागराज। प्रयागराज कमिश्नरेट की यमुनानगर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस गिरोह के पांच सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से चोरी की कई बाइक, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद हुआ है। एसीपी विवेक यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। पुलिस टीम की सतर्कता से इलाके में हो रही लगातार वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लग सका है।

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

**वाराणसी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को वाराणसी पहुंचे। शहर में कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री धामी ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और बाबा कालभैरव मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का अभिषेक कर मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड में सुख शांति की कामना की। दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ धाम (कॉरिडोर) में भ्रमण भी किया। मंदिर में मुख्यमंत्री धामी को मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्मृति चिन्ह मंदिर की अनुकृति भी भेंट किया। मंदिर में दर्शन पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी में आना हमेशा सुखद होता है। उनका आशीर्वाद हम सभी को मिलता है। देवभूमि उत्तराखंड से हम काशी आए हैं। यहां केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद (चार राज्यों की परिषद ) की बैठक होनी है। उसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हम सभी राज्यों का योगदान होगा। इस बैठक में राज्य तथा क्षेत्रीय हितों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होगी।

दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री धामी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया, 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रतिष्ठित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सम्पूर्ण विधि–विधान के साथ देवाधिदेव महादेव की पूजा–अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं राज्य की उन्नति के लिए प्रार्थना की।

कालभैरव मंदिर में दर्शन पूजन के बाद भी मुख्यमंत्री धामी ने एक और पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, वाराणसी प्रवास के दौरान काशी कोतवाल श्री काल भैरव मंदिर में दर्शन एवं पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्री काल भैरवजी से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं राज्य की प्रगति के लिए प्रार्थना की।

## मुख्यमंत्री ने रोपा रुद्राक्ष का पौधा



भदोही।। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सीएम योगी ने भदोही के कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर हरित उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने सभी से पौध लगाने और उसके संरक्षण की अपील की। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मौलिश्री और भदोही के सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने आंवला का पौधा रोपा। इस दौरान ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, औराई विधायक दीनानाथ भाष्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढ़ी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढ़ी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.2025 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 20.07.2025 तक |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 03.07.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सरकार की पहली प्राथमिकता: सीएम योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 65 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्या सुनी, प्रार्थना पत्र लिया और उन्हें अहसास कराया कि हर समस्या में सरकार साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सरकार की पहली प्राथमिकता है। सरकार विगत 8 वर्ष से इसी उद्देश्य से कार्य कर रही है।

जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, शिक्षा, आवास, आंगनबाड़ी, कब्जा आदि से जुड़े अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में आए बच्चों को दुलार किया। उन्होंने बच्चों से बातें कीं, पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी प्रदान कर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# मोहर्रम को लेकर डीसीपी की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलागंज। लखनऊ,मोहनलालगंज क्षेत्र में आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने की। बैठक में एडीसीपी अमित कुमावत, एसीपी रजनीश वर्मा, साउथ जोन के समस्त थानाध्यक्षों के साथ-साथ क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि व प्रधान गण उपस्थित रहे।

बैठक में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। डीसीपी निपुण अग्रवाल ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाएगी। पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं और पूरे क्षेत्र में गश्त, पिकेटिंग, ड्रोन निगरानी आदि के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाएगी।इसके अलावा डीसीपी अग्रवाल ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए भी विस्तृत निर्देश दिए। साथ ही, बिजली विभाग के एसडीओ से भी वार्ता कर यह सुनिश्चित किया गया कि त्योहार के दौरान कहीं भी विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और विशेष रूप से ताजिया मार्गों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए।बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह व अन्य प्रधानों ने पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की तथा डीसीपी निपुण अग्रवाल को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।डीसीपी ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए स्थानीय समुदाय से लगातार संवाद बनाए रखें और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें।यह बैठक प्रशासन और जनता के बीच आपसी समन्वय का परिचायक रही, जिसका उद्देश्य सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना नहीं बल्कि समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना भी है।

# मारपीट कर मकान पर किया अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति उसकी कथित दूसरी पत्नी और 10 अज्ञात लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित अंजली रावत ने आरोप लगाया कि उनके पति ने उन्हें धमकी दी, मारपीट की, और उनके द्वारा उपहार में दिए गए मकान पर एक कथित पत्नी और अज्ञात लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया।अंजली रावत जो अमौसी स्टेशन मार्ग, हिंदूखेड़ा की निवासी हैं, ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी शादी 9 मार्च 2025 को राम गोपाल, रतौली, जैतीखेड़ा के निवासी, के साथ आर्य समाज मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी का पंजीकरण 11 मार्च 2025 को कराया गया। अंजली के अनुसार, शादी के बाद राम गोपाल ने उन्हें रतौली में 3000 वर्गफीट का एक मकान उपहार विलेख के माध्यम से दिया, जिसका पंजीकरण 1 मार्च 2025 को हुआ। दोनों इस मकान में पति-पत्नी के रूप में रहने लगे।हालांकि, शादी के कुछ समय बाद राम गोपाल नौकरी के बहाने घर छोड़कर चले गए और अंजली को फोन पर धमकियां देने लगे। अंजली ने बताया कि राम गोपाल ने उन्हें अपशब्द कहे, दूसरों के साथ संबंध बनाने की बात कही, और उनकी जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद राम गोपाल ने उनसे संपर्क तोड़ लिया।31 मई 2025 को शाम 4:30 बजे, एक महिला, जो खुद को राम गोपाल की पत्नी बता रही थी 10 अज्ञात लोगों के साथ अंजली के मकान में जबरदस्ती घुस आई। इन लोगों ने अंजली के साथ मारपीट की, उन्हें लात-घूंसों से पीटा, और मकान से बाहर निकाल दिया। अंजली का आरोप है कि उनके मकान में रखा लगभग 4 लाख रुपये का सामान, जेवर, और नकदी अभी भी उसी मकान में है, जिस पर इन लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया।अंजली ने यह भी बताया कि अज्ञात लोगों में कुछ ने खुद को सपा का नेता बताते हुए धमकी दी कि उनकी प्रशासन में पहुंच है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस घटना से अंजली मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हैं और बेघर होकर दर-दर भटक रही हैं।अंजली ने बंथरा प्रभारी से मांग की है कि उनके साथ हुई मारपीट, धमकी, और मकान पर अवैध कब्जे की प्राथमिकी दर्ज की जाए। पुलिस ने ममला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पेड़ लगाना भावनात्मक और नैतिक जिम्मेदारी : महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सोमवार को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वृंदावन योजना सेक्टर-10 स्थित पार्क में वृक्षारोपण कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम ल्लएक पेड़ माँ के नामङ्क अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ। उन्होंने आंवले का पौधा लगाकर पार्क का नाम ल्लडॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति उपवन वाटिकाङ्क रखा। इस मौके पर सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यह वाटिका देशभक्ति और हरियाली दोनों का संदेश देगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी आंवले का पौधा लगाया और इसे पर्यावरण के साथ राष्ट्रसेवा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना भावनात्मक और नैतिक जिम्मेदारी है, सभी नागरिक इसमें भाग लें। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी और नागरिकों की उपस्थिति में कुल 100 पौधे लगाए गए, जिनमें आंवला, नीम, पीपल, गुलमोहर आदि शामिल थे। सुरेश खन्ना ने विशेष रूप से ऑक्सीजन देने वाले पौधों के रोपण को प्रोत्साहित किया और कहा कि वनों का संरक्षण जीवन का आधार है। कार्यक्रम में सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने पौधों की देखभाल करेंगे और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह आयोजन पर्यावरण और देशभक्ति का प्रेरणास्रोत बनकर उभरा।

## बिजली चोरी के खिलाफ अभियान में 7 लोगों पर हुई एफआईआर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन और पावर कारपोरेशन प्रबंधन के निर्देश पर बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से सोमवार को लखनऊ के चौक सर्किल में बिजली विभाग द्वारा बड़ा अभियान चलाया गया। यहाँ बिजली विभाग द्वारा सुबह 5 बजे से 8 बजे के बीच मॉर्निंग रेड की गई जब बिजली चोरी की घटनाएं आमतौर पर अधिक पाई जाती हैं। इस विशेष छापेमारी में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की लखनऊ मध्य क्षेत्र की टीम ने दो अलग-अलग खंडों रेजीडेंसी और चौक में कुल 30 बिजली कनेक्शन की जांच की। जांच के दौरान कुल 7 उपभोक्ताओं को 17.30 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया। इन सभी 7 उपभोक्ताओं के खिलाफ एंटी पॉवर थेफ्ट थाने में बिजली चोरी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद पाण्डेय ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से बिजली संयोजन का दुरुपयोग न करें और किसी भी प्रकार की बिजली चोरी की जानकारी बिजली मित्र पोर्टल पर या 1912 हेल्पलाइन नंबर पर साझा करें। उन्होंने कहा की आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## अनियंत्रित कार अज्ञात वाहन से टकराई कार चालक के सिर पर आई गंभीर चोटें

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में सोमवार तड़के एक सड़क हादसा हो गया। थाना क्षेत्र के कटी बगिया में करीब 4:30 बजे कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही कार स्विफ्ट डिजायर ओला (यूपी 32 GN-0678) का एक अज्ञात वाहन में पीछे से घुस गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस सड़क दुर्घटना में कार चालक सालेह नगर बंगला बाजार निवासी जैस (40 ) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस द्वारा सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। चालक को सिर में गंभीर चोटें आई हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कटी बगिया में पिलर संख्या 208 के पास हाईवे सड़क पर खड़े अज्ञात वाहन में पीछे आकर कार घुस गई और मौके से वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद कर लिया संकल्प



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कन्हैया माधोपुर द्वितीय वार्ड संख्या 38 में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान शिक्षाविद परम श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम पश्चिम मंडल-दो के उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा द्वारा उनके विद्यालय आदिनाथ कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित किया गया, जहाँ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष विमल कुमार चौधरी,वरिष्ठ नेता जीतू सिंह,जय प्रकाश गौरव मिश्रा, श्यामू राजपूत, मनोज रावत, अमित जायसवाल सहित ओ बी सी मंडल मोर्चा दो के अध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता उर्फ़ गोलू के साथ अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुगण श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे सभी ने डॉ. मुखर्जी जी के अद्वितीय राष्ट्रहित चिंतन और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और कहा कि ''एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे!''

# सफाई के बाद नहीं उठा कूड़ा, खुले नालों से हादसे का खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के अंतर्गत आने वाले कंघी टोला, कटहल वाली गली, धोबीआना, सुनहरी मस्जिद और गुल्लू तकिया इलाके में नगर निगम की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। क्षेत्र में नाले की सफाई तो कराई गई, लेकिन इसके बाद की स्थिति बेहद चिंताजनक और खतरनाक बनी हुई है।

सफाई कर्मचारियों ने नाले से निकाला गया कूड़ा वहीं सड़क किनारे छोड़ दिया, जिसे न तो उठाया गया और न ही ढकने की कोई व्यवस्था की गई। तेज़ धूप और उमस में यह गंदगी बदबू और बीमारियों का कारण बन रही है। साथ ही नाले को ढकने के लिए हटाए गए पत्थर भी वापस नहीं रखे गए, जिससे पूरे क्षेत्र में खुले नाले दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। इलाके की इन गलियों में रात के समय लोगों का निकलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में रहते हैं और खुले नाले के कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहीं स्थानीय भाजपा पार्षद मनीष रस्तोगी से जब इसके बारे में बात की गयी तो उनका कहना था की उन्होंने भी इस गंभीर समस्या को लेकर अभियंत्रण विभाग, ज़ोन 6 के अधिशासी अभियंता से शिकायत की है। लेकिन अब तक विभाग द्वारा किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों में नगर निगम की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश बढ़ रहा है। यहाँ के निवासियों का कहना था की सम्बन्धित अधिकारीयों को चाहिए है की तुरंत कार्रवाई करते हुए नाले से निकले कूड़े को तत्काल हटाया जाए और खुले पड़े नालों को सुरक्षित तरीके से ढका जाए, जिससे क्षेत्रवासियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# 25 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, एक व्यावसायिक निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने अवैध निर्माण और अनाधिकृत प्लाटिंग के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चिनहट और गोसाईंगंज क्षेत्रों में 25 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही तीन अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि चिनहट के भैसोरा स्थित लोनापुर रोड पर एसटीपी के पास, अभिषेक मिश्रा व अन्य द्वारा लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। वहीं पास ही विनित यादव व अन्य द्वारा 2 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा गोसाईंगंज के दुलारमऊ क्षेत्र में जीवन कुमार व अन्य द्वारा 3 बीघा क्षेत्र में बिना स्वीकृत ले-आउट के प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इन तीनों स्थलों पर एलडीए की प्रवर्तन टीम ने बुलडोज़र चलाकर निर्माण कार्य पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया।

इसके अलावा एलडीए ने गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में स्थित भूखंड संख्या 6/ई-298 पर तौसीफ अहमद व अन्य द्वारा किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया। लगभग 80 वर्गमीटर क्षेत्र में हो रहे इस निर्माण के खिलाफ पहले ही न्यायालय द्वारा सीलिंग का आदेश जारी किया गया था, जिसे प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से अमल में लाया गया। एलडीए प्रशासन ने साफ किया है कि बिना स्वीकृत ले-आउट या नक्शे के किसी भी प्रकार के निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रवर्तन टीमें नियमित निगरानी कर रही हैं और आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## आगामी त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए नगराम थाने मे सोमवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, बैठक मे ताजिया दार मौलवी और धर्मगुरु समेत संभ्रांत लोग शामिल रहे। सोमवार को मोहर्रम त्योहार को लेकर नगराम थाने मे थाना प्रभारी विवेक चौधरी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई , उन्होंने त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण ढंग के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहार में माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी , कुछ चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

## भारतीय पर्यटकों के लिए श्रीलंका ने दी फ्री-वीजा की सुविधा

लखनऊ। श्रीलंका पर्यटन के क्षेत्र में भारतीयों की दिलचस्पी बढ़ी हैं। एक जनवरी से 31 मई 2025 के बीच भारत से दो लाख से अधिक पर्यटक श्रीलंका गए। इस रिकार्ड बढ़ोत्तरी को देखते हुए श्रीलंका टूरिज्म की ओर से भारतीय पर्यटकों के लिए फ्री वीजा का द्वार खोलने की घोषणा की गई। सोमवार को गोमतीनगर के स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम में श्रीलंका टूरिज्म की ओर से भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रणनीति पेश की। विदेश मामलों के प्रवासी श्रमिकों और पर्यटन मंत्री विजीथा हेराथ और पर्यटन उप मंत्री प्रो. रुवान रणसिंघे के नेतृत्व में श्रीलंका पर्यटन क्षेत्र से जुड़े 35 से अधिक प्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल मौजूद रहा। उन्होंने भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए 23 जून को लखनऊ में रोड शो और नेटवर्किंग शो का आयोजन किया गया। इसके अलावा 25 और 27 जून 2025 को क्रमशः चंडीगढ़ और जयपुर में रोड शो और नेटवर्किंग शो का आयोजन की घोषणा की। इस दौरान श्रीलंका टूरिज्म प्रमोशन ब्यूरो और श्रीलंका कन्वेंशन ब्यूरो की ओर से पर्यटकों के लिए द्वीप राष्ट्र की समृद्ध विरासत को पेश किया गया।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग एवं बलिदान का सर्वोच्च उदाहरण है : देवेश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारत की एकता एवं अखंडता के परिचायक संविधान सभा के सदस्य शिक्षा विद एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी जिला लखनऊ द्वारा बख्शी तालाब स्थित श्रीपति लॉन में सगोष्ठी का आयोजन किया गया

गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार उपस्थित रहे,संगोष्ठी को संबोधित करते हुए देवेश कुमार ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग एवं बलिदान का सर्वोच्च उदाहरण है उन्होंने अपने जीवन काल में राष्ट्र हित को प्राथमिकता देते हुए देश में दो निशान दो संविधान दो प्रधान का प्रबल विरोध करते हुए जम्मू कश्मीर के लिए परमिट व्यवस्था एवं धारा 370 का भी विरोध किया था,आगे उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपनी राष्ट्रवादी नीति से कभी समझौता नहीं किया इसका परिणाम यह था कि देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा देने वाले वह देश के पहले मंत्री बने अपनी राष्ट्रवादी सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने जनसंघ का गठन किया जो आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में जाना जाने लगा आज उन्हीं की सोच का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी 14 करोड़ सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान का परिणाम है कि जम्मू कश्मीर में केंद्र की मोदी सरकार ने धारा 370 को खत्म कर देश के संविधान को पूरी तरह से जम्मू कश्मीर में लागू कर केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास को गति प्रदान करने का काम किया जा रहा है

आगे संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत देश जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में दूसरे नंबर पर है वही भारत की जनसंख्या में लगभग 65 करोड़ से अधिक युवा है जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं वही देश के कुछ लोगों को विकसित भारत निर्माण के लिए अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है।संगोष्ठी में विधायक बक्शी का तालाब योगेश शुक्ला,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी,श्री कृष्णा लोधी,पूर्व विधायक चंद्रा रावत,नगर पंचायत अध्यक्ष इटौंजा कमल अवस्थी,नगर पंचायत काकोरी अध्यक्ष रोहित साहू समेत जिले के अन्य पदाधिकारी,मोर्चो के अध्यक्ष,लखनऊ जिले के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डिफेंस कारिडोर व इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग कलस्टर में पर्यावरण मानक सुनिश्चित होंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार डिफेंस कारिडोर व इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग लाजिस्टिक कलस्टर में पर्यावरणीय मानक सुनिश्चित करेगी। इसके लिए यूपीडा इन क्षेत्रों की हर छह महीने में पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट तैयार करवाएगा। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से प्रमाणित लैब्स द्वारा तैयार की जाएंगी। यह पहल डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) की परियोजनाओं के लिए लागू की गई हैं। यूपीडा ने जिन जिलों में पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त की है, उनमें अलीगढ़, कानपुर नगर, लखनऊ, चित्रकूट और झांसी शामिल हैं। इन जिलों में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण और विकास कार्य प्रगति पर हैं। अब इन स्थानों पर पर्यावरण की स्थिति की नियमित निगरानी की जाएगी। प्रत्येक छह महीने में लैब्स द्वारा सैंपलिंग, फील्ड निरीक्षण और संबंधित अधिकारियों से सूचना एकत्रित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस रिपोर्ट में वायु, जल, ध्वनि, मिट्टी जैसे प्रमुख पर्यावरणीय घटकों की स्थिति का विवरण होगा। रिपोर्ट को पर्यावरण मंजूरी देने वाली संस्थाओं जैसे राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को ऑनलाइन जमा भी किया जाएगा। इन जिलों के अलावा, आगरा और उन्नाव के लिए पर्यावरण मंजूरी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पर्यावरण संरक्षण के साथ औद्योगिक विकास पर फोकस योगी सरकार की यह पहल राज्य सरकार के औद्योगिक विकास को पर्यावरणीय दायित्वों के साथ संतुलित रखने के विजन को दर्शाती है। डिफेंस कॉरिडोर जैसी राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाएं जब पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए आगे बढ़ती हैं, तो यह न केवल स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य और संसाधनों की रक्षा करती हैं, बल्कि इससे वैश्विक निवेशकों में राज्य की सकारात्मक छवि भी बनती है।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी अधिकारी समय से माइक्रोप्लान तैयार कर इसके अनुसार गतिविधियां संचालित करायें।**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुयी।

संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 से 31 जुलाई 2025 तक तथा दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई 2025 तक चलाया जायेगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी अधिकारी समय से माइक्रोप्लान तैयार कर इसके अनुसार गतिविधियां संचालित करायें। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि मच्छर जनित रोग जिस स्थान से मिले, वहां वेक्टर कन्ट्रोल हेतु व्यापक गतिविधियां तत्काल संचालित करायी जायें तथा मरीजों को तत्काल समुचित उपचार दिया जाये। उन्होंने कहा कि संवेदनशील गांवों में गतिविधियां व्यापक रूप से संचालित की जायें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छता, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव झाड़ियों का कटान आदि से संबंधित गतिविधियां पूर्ण मनोयोग से संचालित कराएं। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि संक्रामक रोगों यथा डेंगू, मलेरिया, ए0ई0/जे0ई0एस0 आदि के प्रभावी नियंत्रण द्वारा हम किसी की जान बचा सकते हैं। बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय से गतिविधियां संचालित करने से निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।जिन विकास खण्डों में मच्छर जनित बीमारियों के मरीज अधिक मिल रहे हैं, वहां ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं अन्य सभी विभागीय अधिकारी समन्वय बैठक कर गतिविधियां संचालित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि टीमों के माध्यम से घरों में मच्छर प्रजनन के श्रोत की जांच करायी जाये और इसकी सूचना का संकलन भी किया जाये।जिलाधिकारी ने गत संचारी रोग अभियन्त्रण अभियान के दौरान खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों को प्रदर्शन में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि इण्डीकेटर्स में प्रदर्शित की गयी कमियों की जांच कराते हुये तत्काल उचित कार्यवाही की जाये, जिससे प्रदर्शन में सुधार हो। फागिंग एवं एण्टीलार्वा के छिड़काव में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। विद्यालयों में भी व्यापक स्तर पर गतिविधियां एवं जागरूकता अभियान संचालित कराये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा की संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान शासन की प्राथमिकताओं में अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, अतः इसकी उच्च स्तर से भी नियमित रूप से समीक्षा होती है। अभियान की गतिविधियां धरातल पर प्रदर्शित होनी चाहिए। सभी गतिविधियों का अभिलेखीकरण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान में लापरवाही करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना, रोगों के प्रसार को रोकना और समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, इसलिए इसे बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय से व्यापक स्तर पर संचालित कराया जाये।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मनरेगा में घोटाले की गूंजः गरीबों का हक डकार रहे प्रधान व सचिव

**मनरेगा हाजरी में भरे जा रहे महिलाओ के नाम , जमीनी हकीकत कुछ औरविकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मिरचौड़ी का मामला**

सीतापुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उद्देश्य गांव के गरीब मजदूरों को काम और सम्मानजनक जीवन देना था, लेकिन अब यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। सीतापुर जिले के कई गांवों में मनरेगा फंड को जमकर लूटा जा रहा है। सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत मिरचौड़ी में नाम मात्र मजदूरो से काम करवाकर मतलब भर की हाजरी लगाई जा रही है, जिसमे महिलाओ की भी हाजरी लगाई जाती है। लेकिन मनरेगा पोर्टल पर अपलोड फोटो में महिलाएं कही नजर तक नही आती रही है। प्रशासन मौन क्यों?अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या प्रशासन भी इस गोरखधंधे में शामिल है।

## इण्डियन बैंक आरसेटी सीतापुर में भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर द्वारा ई-बैंकिंग जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**शिविर में बताया गया कि ओ.टी.पी., सी.वी.वी., एटीएम पिन इत्यादि को किसी से भी साझा न करें, नहीं तो आपकी जमा पूँजी खाली हो सकती है**

**कैनविज टाइम्स संवाददात**

सीतापुर। इण्डियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जमैयतपुर सीतापुर में भारतीय रिजर्व बैंक से आये सहायक प्रबन्धक कु0 वंदना तथा वरिष्ठ सहायक श्री प्रवीन कुमार सचान द्वारा बी.सी. सखियों, बैंक मित्रों एवं अन्य उपस्थित जन समुदाय को ई-बैंकिंग के प्रति जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आने वाले ऑनलाईन लेन-देन जैसे आधार सक्षम भुगतान सेवाएँ, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेफ्ट, आई.एम.पी.एस. आर.टी.जी.एस. सहित बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के विभिन्न तरीकों की जानकारी प्रदान की गयी ताकि ग्रामीण इलाकों में उक्त जानकारी पहुँच सके। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि द्वारा विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफामो की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी और इनके उपयोग हेतु जरूरी सावधानियॉं भी बताई गयी जैसे यदि ऑनलाइन प्लेटफार्म में लेन-देन करते समय कोई गलत भुगतान हो जाता है तो उसकी शिकायत तुरन्त 1930 पर करनी चाहिये। आपनें उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि किसी भी स्थिति में अपनी पर्सनल जानकारी जैसे ओ.टी.पी., सी.वी.वी., एटीएम पिन इत्यादि को किसी से भी साझा न करें, नहीं तो आपकी जमा पूँजी खाली हो सकती है। सावधानी ही बचाव है।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक महोदय श्री अंकुश वर्मा नें बताया कि आप सभी लोगों को सावधानीपूर्वक बैंकिंग की ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करना चाहिये, क्योंकि आज के समय में ऑनलाइन भुगतान हम सबकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। भुगतान करें परन्तु हमेशा सतर्क रहकर। भारतीय रिजर्व बैंक के जागरूकता कैम्प में संस्थान के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति,जिला टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक हुयी सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददात**




सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/जिला टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिषदीयप्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कराये जायें तथा लक्ष्य के अनुरूप नामांकन भी सुनिश्चित कराया जाये। जर्जर भवनों का नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुये ध्वस्तीकरण कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डी0बी0टी0 के माध्यम से देय धनराशि समय से पात्रों को उपलब्ध करायी जाये। जिन छात्रों के आधार कार्ड न होने के कारण डी0बी0टी0 की धनराशि नहीं प्रेषित की जा सकी है, उनके तत्काल आधार कार्ड बनवाये जायें।जिलाधिकारी ने जिला टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप निरीक्षण सुनिश्चित करायें। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कराने तथा छात्र एवं अध्यापक उपस्थित में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि आर0टी0ई0 के तहत नामांकन प्रक्रिया समय से पूर्ण करायी जाये, जिससे पात्र छात्रों को लाभ मिल सके। पी0टी0एम0 को सभी विद्यालयों में व्यापक स्तर पर आयोजित कराने तथा पी0टी0एम0 के दौरान छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति के विवरण से उनके अभिभावकों को अवगत कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मानकों अनुरूप मिड-डे-मील बनवानें की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। समस्त प्रकार के भुगतान एवं मानदेय का भुगतान समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरैयां बल्देव सिंह गाँव की बेटी ने मौलाना आजाद रूरल यूनिवर्सिटी से क्षेत्र का नाम किया रोशन

पहला,सीतापुर। सीतापुर के विकास खण्ड पहला इलाके में स्थित गाँव सरैयां बल्देव सिंह सीतापुर निवासी राज नंदनी पुत्री राम औतार ने बी0 ए0 6 सेमेस्टर की परीक्षा में उत्तीर्ण कर 83.16 प्रतिशत अंक हासिल कर मौलाना आजाद रूरल यूनिवर्सिटी एवं परिवार का गौरव बढ़ाया है। प्राप्त जानकारी अनुसार के अनुसार राज नंदनी पुत्री राम औतार ब्लाक पहला के ग्राम सरैयां बल्देव सिंह जिला सीतापुर ने 83.16प्रतिशत अंक लाकर परिवार एवं जनपद में नाम रोशन किया है।गेटमैन की बेटी ने अच्छी पढ़ाई कर उच्चतम अंक प्राप्त कर अपनी तहसील समेत अपने परिजनों का गौरव बढ़ाया है।परिवार ने बताया कि परीक्षाफल घोषित होते ही परिवार मे खुशी का माहौल हो गया जिससे गाँव के लोग, सहपाठी, गुरुजनों एवं हमारे सुभचिंतको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।जहां पूरी मेहनत और लगन से अध्ययन करने के फल स्वरूप बिटिया ने इतने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं।

# वित्तीय धनराशि का जमकर हुआ बंदरबांट विकास योजनाएं बनी लूट का जरिया

**सगे संबंधियों के खातों में हुआ लाखो का भुगतान विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मधवापुर बनी भ्रष्टाचार की जननी**




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा, सीतापुर। विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मधवापुर में सरकारी योजनाओं के तहत आवंटित वित्तीय धनराशि का भारी दुरुपयोग सामने आया है। मनरेगा , तालाब में पानी भरवाई , व्हील चेयर , ह्यूम पाइप , हैंडपम्प मरम्मत , हैंडपम्प रिबोर , हाईटेक लाइब्रेरी आदि विकास कार्यो में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है । यही नही अपने सगे संबंधियों के खाते पर भी खूब भुगतान किया गया है। सूत्रों के अनुसार, पंचायत द्वारा स्वीकृत योजनाओं के नाम फर्जी मास्टर रोल के भुगतान व कराये गए कार्यो में भी भारी अनियमितताएं उजागर हुई हैं।गांव की तस्वीर बदली नहीं, खातों में भरती गई रकमग्राम पंचायत माधवापुर के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है की हाईटेक लाइब्रेरी के नाम पर दिनांक 10 फरवरी 2025को लगभग 188723 रुपयों का भुगतान किया गया। जिसमे काफी भारी अनिमिताये भी बर्ती गयी है। यही नही बाउंड्रीवाल रिपेरिंग प्राइमरी स्कूल रसूलवा के नाम पर दिनांक 10 फरवरी 2025 को लगभग 28000 रुपयों का भुगतान व्यक्ति विशेष पर किया गया। इससे साफ संकेत मिलता है कि विकास के नाम पर कागज़ी हेराफ़ेरी कर सरकारी धन को निजी लाभ में बदल दिया गया है। यही नही ग्राम पंचायत में हुए अन्य कार्यो में भी व्यक्ति व्यक्ति विशेष को लाखों का भुगतान किया गया है। यही नही ग्राम पंचायत में हियूम पाइप कार्य के नाम दिनांक 20 जनवरी 2025 को लगभग 57945 रुपयों का भुगतान कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि हियूम पाइप कार्य तो ग्राम पंचायत में कही नजर नही आते है । आखिर बड़े पैमाने पर हुए भुगतानों की जांच कराई जाए ।

**प्रशासन मौन, भ्रष्टाचार बेलगाम**


स्थानीय प्रशासन की चुप्पी इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना रही है।प्रमुख बिंदु यह है कि योजनाओं का धन निजी खातों में स्थानांतरित जमीनी स्तर पर कार्य शून्य, कागज़ों में पूराप्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी पर सवालअगर जल्द कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला जिले भर में भ्रष्टाचार की मिसाल बन सकता है और पंचायत स्तर की पूरी वित्तीय प्रणाली की साख पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करेगा।

इस संबंध में जब सीडीओ निधि बंसल को फ़ोन किया तो किसी कारण वश बात नही हो पाई।

# बरसात में तालाब बनी मटेहनी की सड़क

**जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने उक्त धौरहरा को सौंपा**

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



धौरहरा खीरी । विकासखंड धौरहरा की ग्राम पंचायत मटेहनी के मजरा शाहपुरवा में हल्की बारिश में ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव की इस गंभीर समस्या को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी (उक्त) धौरहरा को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है।ग्रामीणों ने बताया कि हनुमान यादव के घर से मेवालाल गुप्ता के घर तक करीब 15-20 साल पुराना खड़ंजा लगा है, जो अब पूरी तरह धंस चुका है। बरसात होते ही इस खड़ंजे पर पानी भर जाता है, जिससे न सिर्फ लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है, बल्कि बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी झेलनी पड़ती है।गांव में जमा गंदे पानी की वजह से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित मार्ग की जांच कर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि उन्हें जलभराव से राहत मिल सके। नवागत खंड विकास अधिकारी धौरहरा इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करते हैं और ग्रामीणों को कब तक राहत मिलती है।

# डीएम-एसपी ने वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**डीएम एसपी ने परखी व्यवस्थाएं, संवासिनियों से किया सीधा संवाद**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जिले में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा की दिशा में कार्य कर रहे महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्थाओं को परखने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने अचानक सेंटर पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव मौजूदरहे।डीएम-एसपी ने महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा, इलाज, परामर्श और कानूनी मदद की उपलब्धता से जुड़े सभी पहलुओं का परीक्षण किया। संवासिनियो से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। दोनों अधिकारियों ने सेंटर की संपूर्ण कार्यप्रणाली को सूक्ष्मता से परखा। सबसे पहले उन्होंने रिकॉर्ड रजिस्टर, शिकायत निवारण प्रक्रिया और परामर्श सेवा की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग कक्षों में जाकर अस्थायी आश्रय कक्ष, चिकित्सा परामर्श कक्ष, पुलिस हेल्प डेस्क और मनोवैज्ञानिक परामर्श की स्थिति की व्यवस्था का निरीक्षण किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सेंटर में मौजूद संवासिनियो से व्यक्तिगत बातचीत कर उनके अनुभव और संतोष स्तर को भी जाना। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वन स्टॉप सेंटर केवल एक भवन नहीं, बल्कि संकट में फंसी महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण है। उन्होंने स्टाफ को सख्त निर्देश दिए कि यहां आने वाली हर महिला को सुरक्षा, सहारा और संवेदना तीनों मिले। इसमें कोई समझौता नहीं होना चाहिए।एसपी संकल्प शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से पड़ताल करते हुए कहा कि किसी भी महिला के लिए सबसे पहले ज़रूरी है 'संवेदनशील सुनवाई'। उन्होंने कहा कि सेंटर को पुलिस से समन्वय और सहायता देने में तत्पर रहना चाहिए ताकि हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो।

## पेड़ गिरने से ठेकेदार की दर्दनाक मौत

लखीमपुर खीरी। ज़िले के पढ़ुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत खरवाहिया नंबर 02 गांव में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक पेड़ अपनी जड़ से हटकर करीब 10 फुट दूर बैठे ठेकेदार पर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना राम सरन के खेत में हुई, जहां लिप्टिस के पेड़ को ठेके द्वारा कटवाया जा रहा था। ठेकेदार रफीक पुत्र हबीब, उम्र लगभग 50 वर्ष, पेड़ कटाई के दौरान उससे करीब 10 फुट दूर बैठे थे। कटाई के दौरान पेड़ अचानक दिशा बदलते हुए सीधा रफीक पर आ गिरा। आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक रफीक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। जैसे ही हादसे की खबर गांव में फैली, परिवार में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। बताया जा रहा है कि मृतक ठेकेदार के चार बच्चे हैं, शकील, नन्हू समेत अन्य। रफीक परिवार का मुखिया था, और उसकी अचानक हुई मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, जिसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है।

## गल्ला व सब्जी मंडी में पानी की भारी किल्लत, हैंडपंप और वॉटर कूलर सब खराब

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज की प्रमुख गल्ला एवं सब्जी मंडी में प्रतिदिन हजारों की संख्या में किसान, व्यापारी और मजदूर आते हैं, लेकिन यहां पीने के पानी की सुविधा पूरी तरह ठप पड़ी है। न तो कोई चालू नल उपलब्ध है,और न ही कोई स्वच्छ पेय जलस्रोत। मंडी परिसर में लगे अधिकांश नल लंबे समय से खराब हैं, और जो कुछ नल कार्यशील दिखते हैं, उनका पानी पीने योग्य नहीं है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, गर्मी के इस दौर में जब तापमान चरम पर है, तब पीने के पानी की ऐसी किल्लत आमजनों के लिए भारी परेशानी का कारण बन रही है।मंडी प्रशासन की ओर से परिसर में एक वॉटर कूलर लगाए जाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह भी काफी समय से खराब पड़ा है। बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा दो वॉटर कूलर लगवाने की योजना थी, परंतु ठेकेदार द्वारा केवल औपचारिकता निभाते हुए खानापूर्ति की जा रही चर्चा यह भी है कि फाउंडेशन का निर्माण अधूरा छोड़कर सिर्फ टंकी रखे जानें की चर्चा है स्थानीय नागरिकों और मंडी में कार्यरत व्यापारियों का कहना है कि इस जनहित के मुद्दे पर जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन धारण किये हुए है।

# निघासन में खनन माफिया का कहर जारी रातों-रात उपजाऊ ज़मीन बन रही बंजर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निघासन खीरी। खीरी ज़िले के निघासन क्षेत्र में खनन माफिया का आतंक दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। जिम्मेदार के इशारे पर रात के अंधेरे में धड़ल्ले से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही हो रही है, जो दर्जनों खेतों की उपजाऊ मिट्टी उठाकर उन्हें बंजर बना रही हैं। जानकारी के अनुसार, रात 11 बजे के बाद बुद्धिपुरवा नहर के पास चार बीघा ज़मीन को खनन माफियाओं ने खुदवाकर तालाब बना डाला है।सिर्फ खेत ही नहीं, बल्कि संपर्क मार्ग भी इनके निशाने पर हैं। पक्की सड़कों पर धूल और मिट्टी उड़ती दिखाई देती है, वहीं कच्ची सड़कों पर गहरे गड्ढे और ट्रॉली के पहियों के निशान आम बात हो गई है। इन गतिविधियों से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है, और पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी मीडिया या जागरूक नागरिक खनन माफियाओं की खबरें उजागर करते हैं, तो 1-2 दिन के लिए काम रुकता है। लेकिन इसके बाद फिर से पूरी ताकत से खनन शुरू कर दिया जाता है। उच्च अधिकारियों को फोन पर सूचित किए जाने के बावजूद मौके पर कोई कार्रवाई नहीं होती और बहाने बना दिए जाते हैं।प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है – आखिर क्यों नहीं हो रही सख्त कार्रवाई? क्या स्थानीय प्रशासन की शह पर चल रहा है यह अवैध कारोबार?स्थानीय जनता प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है ताकि निघासन की उपजाऊ भूमि को बचाया जा सके और माफियाओं के आतंक पर लगाम लगाई जा सके।

# प्रॉपर्टी के लिए दिव्यांग की हत्या शव गन्ने के खेत में मिला, दो आरोपी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदपुरा गांव में प्रॉपर्टी विवाद में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। जमीन के लालच में दिव्यांग रमाकांत की हत्या उसके ही चचेरे भाइयों ने कर दी और शव को गन्ने के खेत में छिपा दिया। घटना का खुलासा सोमवार को हुआ, जब पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 13 दिन से लापता रमाकांत का सड़ा-गला शव अटकोहना गांव के गन्ने के खेत से बरामद किया।दिव्यांग रमाकांत (पुत्र स्व. हरीकरन लाल) के नाम पर करीब 16 बीघा कीमती जमीन थी, जिसमें से 8 बीघा उन्होंने अपने मौसेरे भाई अच्छे लाल की पत्नी शिल्पी देवी के नाम दान कर दी थी। शेष जमीन भी वे उन्हें देने वाले थे। इसी जमीन के लालच में चचेरे भाइयों सत्येंद्र उर्फ गोलू, जीतू और अंकुल ने उसे 10 जून को झूठे बहाने से गांव बुलाया और फिर हत्या कर दी।रमाकांत के लापता होने पर मौसेरे भाई अच्छे लाल ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी।



पुलिस ने पूछताछ में जब गोलू और जीतू को हिरासत में लिया तो उन्होंने पहले गुमराह किया, लेकिन सख्ती से पूछने पर हत्या की बात कबूल कर ली।

### पुलिस ने क्या कहा

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय ने बताया कि हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### परिवार का आरोप

शिल्पी देवी (मृतक के मौसेरे भाई की पत्नी) ने बताया कि रमाकांत उन्हें ही पूरी जमीन देना चाहता था, इसी कारण चचेरे भाइयों ने साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी।यह मामला न सिर्फ पारिवारिक विश्वास के टूटने की मिसाल है, बल्कि प्रॉपर्टी के लिए रिश्तों की हत्या की एक और भयावह तस्वीर भी पेश करता है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : अब एक लाख की सहायता, पारदर्शिता व समयबद्ध आयोजन पर जोर

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को प्रभावी और पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित करने को लेकर सोमवार को विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना न केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम है, बल्कि यह सम्मानजनक व व्यवस्थित विवाह की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। सीडीओ ने इस योजना में पारदर्शिता, समयबद्धता और गरिमा सर्वोच्च प्राथमिकता है। योजना के अंतर्गत जनपद लखीमपुर खीरी को 896 जोड़ों के सामूहिक विवाह का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यह लक्ष्य ब्लॉकवार व नगर निकाय स्तर पर वितरित किया गया है ताकि कार्य समय से प्रारंभ हो सके। विवाह सहायता बढ़ी, अब मिलेगी 1 लाख रुपये की राशि*सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अनुदान राशि को 51,000 से बढ़ाकर 1,00,000 कर दिया गया है। इस बढ़ी हुई राशि में से 60,000 वधू के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 25,000 की धनराशि उपहार सामग्री के लिए तथा 15,000 आयोजन खर्च के रूप में निर्धारित की गई है। योजना का लाभ 'पहले आओ, पहले पाओ' की आधारशिला पर उपलब्ध कराया जाएगा।सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी हो। सभी प्राप्त आवेदनों की रैंडम जांच अन्य विभागों से कराई जाएगी, जिससे पात्रता की पुष्टि निष्पक्ष ढंग से हो सके। बैठक के उपरांत टेंडर समिति की बैठक भी आयोजित हुई। इसमें यह तय किया गया कि सभी नियम व शर्तें स्पष्ट कर एक माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साथ ही पहले लग्न में ही सामूहिक विवाह आयोजन का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया।बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश मंत्री ने गिनाई जिला सहकारी बैंक की उपलब्धियां

## बैंक कर्मचारियों ने मिलकर किया सुंदर काण्ड का पाठ, हुआ प्रसाद वितरण का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव । जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब गंज अरुण सिंह के सहकारी बैंक के दो वर्ष के कार्यकाल पुर्ण होने पर आज बैंक परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुंदर काण्ड पाठ के बाद आरती के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री संजय राय ने श्री सिंह के के दो वर्ष के कार्यकाल को लेकर बातचीत में करते हुए कहा कि बैंक के भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई सहकारिता सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि1सरकार द्वारा चलाये गये सदस्यता महाअभियान 01 सितम्बर 2023 से 30 सितम्बर 2023 के मध्य जनपद में 80194 नये सदस्यों को बनाकर सहकारिता से जोड़ा गया तथा इनसे बैंक को मु0 2.00 करोड़ रुपये की अंशपूँजी प्राप्त हुई। सदस्यता महाअभियान में जनपद-उन्नाव पूरे प्रदेश में चैथे स्थान पर रहा तथा नाबार्ड के द्वारा बैंक को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।2 जनपद की पॉच परिसमापन वाली समितियों (खानपुर सुरौली, सरवन, कंाथा, असावर, फतेहगंज) को सक्रिय करते हुए इनकी उर्वरक एवं अल्पकालीन ऋण सीमा स्वीकृत की गयी तथा जनपद की कुल 178 समितियों में से 167 समितियों की मु0 19834.73 लाख रुपये की अल्पकालीन ऋण सीमा स्वीकृत की गयी जबकि हमसे वर्ष 2022-23 में मात्र 7328.08 लाख रुपये की ऋण सीमा स्वीकृत की गयी थी, जो 12506.65 लाख रुपये से अधिक ऋण सीमा स्वीकृत है। जनपद की 166 समितियों को उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से मु0 10.00 लाख रुपये प्रति समिति की दर से ब्याज रहित उर्वरक ऋण सीमा स्वीकृत की गयी है। ब्याज रहित ऋण सीमा से समिति के व्यवसाय एवं लाभ में वृद्धि हुई है। समिति के कर्मचारियों जिन्हे वर्षों से वेतन नही मिल रहा था उनके प्रबंधकीय व्यय खातें में लाभ का अंश हस्तान्तरित हुआ तथा वर्ष 2022-23 में मात्र 163 समितियों की 10 प्रतिशत ब्याज पर उर्वरक ऋण सीमा स्वीकृत की गयी थी। 20 नई बी-पैक्स (जनसार, केवाना, असायस, लउवासिंहनखेड़ा, अलावलपुर, दुलीपुर, सहरांवा, सहदानी, कैथोली, कुरसठ, उतरा डकौली, मांखी, कोडरा कंाटी, फत्तेपुर/रउतापुर, खुसरोपुर, हफीजाबाद, शिवपुर, शिवदीनखेड़ा, कुदइया रंजीत खेड़ा एवं बीबीपुर) गठित किये जाने हेतु चयनित है। कुल वसूली 77.55 प्रतिशत की गयी जबकि वर्ष 2022-23 में 71.53 प्रतिशत थी तथा इस वर्ष भी 80 प्रतिशत वसूली का लक्ष्य प्रस्तावित है।बैंक का कुल ऋण वितरण इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 147 करोड़ किया गया, जबकि वर्ष 2022-23 में मात्र 56 करोड़ किया गया था तथा इस वर्ष भी 162 करोड़ ऋण वितरण प्रस्तावित है।बैंक मुख्यालय में एक भव्य सुसज्जित श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई सभागार, सभापति कक्ष का निर्माण एवं बैंक मुख्यालय में प्रशासनिक भवन को आधुनिकीकरण/वातानुकूलित करके बैंक कार्मिकों के लिये अलग-अलग चेम्बरो का निर्माण कराकर बैंक को समर्पित किया गया तथा वर्षो से बैंक में सभागार एवं बैंक कार्मिको के चेम्बरो के न होने की कमी को पूरा किया गया।बैंक में वेतनभोगी समितियों के माध्यम से 9260.40 लाख रुपये का ऋण जनपद के प्राथमिक /जूनियर/इण्टर कॉलेज/डिग्री कॉलेज के शिक्षको को वितरित किया गया, जो मेरे कार्यकाल में 2375.78 लाख रुपये अधिक किया गया है।

बैंक कर्मचारियों/अन्य व्यक्तियों हेतु मेरे कार्यकाल में प्रथम बार बैंक द्वारा आवास ऋण, वाहन ऋण, ट्रैक्टर ऋण, बील्डिंग ऋण, पी0एम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत ऋण, दोपहिया वाहन, डेरी ऋण, डायरेक्ट केसीसी एवं व्यक्तिगत ऋण की सुविधायें प्रारम्भ की गयी तथा इस मद में पहली बार 9.48 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया गया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बचत भवन स्थित कलेक्ट्रट सभागार में बैठक की। डीएमओ रमेशचंद्र यादव ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई तक व दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए पशु पालन,पंचायती राज ,स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग विशेष प्रयास करके अभियान को सफल बनाये। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जाए। जिसके तहत लगातार जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जाए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंपलेट, पोस्टर, बैनर एवं माइक के जरिए भी अभियान का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा, स्वास्थ्य विभाग से डीएस अस्थाना के अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों का उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग सदस्य बचत भवन में सुनेंगीं पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

रायबरेली। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि उप्र राज्य महिला आयोग सदस्य पूनम द्विवेदी 25 जून पूर्वाह्न 11 बजे बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में महिला उत्पीड़न रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवेदक/आवेदिकाओं की जन सुनवाई करेंगी। तत्पश्चात सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बालिका/महिला गृह एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी।

## वर्षों पुराने इमामबाड़े की मरम्मत के लिए उप जिला अधिकारी को दिया ज्ञापन

डलमऊ, रायबरेली। ऐहार गांव में बिना सरकारी अनुमति के इमामबाड़ा बनाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि डॉक्टर सिद्दीकी, फारूक, हाफिज और शब्बीर द्वारा बंजर भूमि पर इमामबाड़े का निर्माण कराया जा रहा है, जो सरकार के आदेशों का उल्लंघन है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से निर्माण पर रोक लगाने और अवैध निर्माण हटवाने की मांग की है। जबकी वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने सौ वर्षों से बने



इमामबाड़े की मरम्मत और छत डलवाने को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि इमामबाड़ा जर्जर हो चुका है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मरम्मत के लिए अनुमति देने और बारिश से पहले कार्य शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है की 1 सप्ताह बाद मोहर्रम त्योहार भी शुरू हो जाएगा जिसमें इमामबाड़े पर ताजिया रखनी होती है जर्जर इमामबाड़ा होने से कोई हादसा भी हो सकता है गांव के दर्जनों ग्रामीण सलीम,रमजान अली, कादिर, अल्ताब, आरिफ, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद गुफरान, सोहेल, गुड्डू समेत अन्य लोगों ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

## पिता पुत्र की मौत से मचा कोहराम एक साथ उठी दो अर्थी

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र रसूलाबाद निवासी एक ही दिन पिता-पुत्र की मौत, बच्चे को करंट लगने की खबर सुनकर आ रहे पिता की सड़क हादसे में गई जान, एक साथ उठी अर्थी क्रसोमवार को एक साथ पिता-पुत्र की अर्थियां उठी। बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर पिता की भी सड़क हादसे में जान चली गई। घर में एक साथ दो अर्थियां उठीं, तो मोहल्ले में हर किसी की आंखें नम हो गई, हर दिल सन्न हो गया। आपको बताते कि सुबह करीब 10 बजे बच्चा खेलते-खेलते दीवार पर लगे एक खुले बिजली बोर्ड के पास जा पहुंचा। अनजाने में बोर्ड में उंगली डाल दी। तेज करंट से उसे जोर का झटका लगा और वह जमीन पर गिर पड़ा। इतना ही नहीं, करंट के झटके से बोर्ड भी टूटकर उसी पर गिर गया। परिजनों ने फौरन उसे मियागंज सीएचसी पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही शराब ठेके पर ड्यूटी कर रहे पिता विष्णु जायसवाल बदहवास होकर बाइक से घर के लिए निकले। लेकिन रास्ते में माखी-रसूलाबाद रोड पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विष्णु जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला पोषण समिति की बैठक

## प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर डीपीओ को कड़ी फटकार, वेतन रुका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। बैठक में 18 मानको पर कायाकल्प चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों,,कार्यालय सहगोदाम निर्माण, बाल मैत्री शौचालय, भवनों की मरम्मत,पोषण वाटिका,रेनवाटर हार्वेस्टिंग, वॉल पेंटिंग,पेयजल, पोषण ट्रैकर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, सैम बच्चों के लिए पोषण आहार उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने प्रगति ठीक नहीं मिलने पर सीडीपीओ संग बीडीओ को भी कड़ी फटकार लगाई। सख्त निर्देश दिया की सयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि कार्य पूर्ण क्यों नहीं हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह को कार्य संतोषजनक ना होने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके उपरांत भी अगर कार्य में सुधार नहीं होता है तो इससे भी बड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहे। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिमाह पोषण ट्रैकर ऐप पर शत-प्रतिशत बच्चों का वजन एवं लम्बाई दर्ज कराना सुनिश्चित करें तथा समस्त केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों को पोषाहार नियमानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिया कि माइक्रो प्लान बना कर कार्य करें। बैठक में सीडीओ अर्पित उपाध्याय,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह,सभी खण्ड विकास अधिकारी सहित सीडीपीओ उपस्थित रहें।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया याद

## भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा के प्रतिष्ठान चंदापुर चौराहे पर संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने उनके चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। यह कार्यक्रम भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा के प्रतिष्ठान चंदापुर चौराहे पर संपन्न हुआ। आपको बता दें कि, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा ने कहा कि, डॉध साहब भारतीय जनसंघ के संस्थापक के साथ-साथ वरिष्ठ नेता और भारत की एकता व अखंडता के प्रबल समर्थक रहे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 कोलकाता में हुआ था। उनकी मृत्यु 23 जून 1953 श्रीनगर में हुई थी, उनके पिता का नाम आशुतोष मुखर्जी व माता का नाम जोगमाया देवी मुखर्जी था। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रत्याशी माता दीन पासी, अवधेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पंकज श्रीवास्तव, रामप्रकाश गौतम, राघवेंद्र सिंह, गजेंद्र तिवारी, अशोक वर्मा, शिव प्रकाश वर्मा, सत्रोहन लाल, विनोद कुमार, राजू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंडी में किसानों के लिए बने चबूतरों पर अवैध कब्जा व्यापारियों को 48 घंटे में अतिक्रमण हटाने का निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। अवैध वसूली की जांच शुरू उन्नाव मंडी समिति में किसानों के लिए बने चबूतरों पर व्यापारियों के अवैध कब्जे को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर डीएम के आदेश से सिटी मजिस्ट्रेट और मंडी समिति सचिव ने सोमवार को संयुक्त निरीक्षण किया। आपको बताते चलें कि विगत माह मंडी में अवैध कब्जे दारों ने मंडी सचिव के ऊपर दबाव बनाते हुए धरना प्रदर्शन किया था जिसमें शासन ने संज्ञान लेते हुए आज सम्बंधित अधिकारियों ने अवैध कब्जा किए व्यापारियों से अतिक्रमण मुक्त कराते हुए आगे भी अभियान चलाया जाएगा।निरीक्षण में पाया गया कि व्यापारियों ने किसानों के लिए बने चबूतरों पर अपना सामान फैलाकर स्थायी कब्जा कर रखा है। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। किसानों ने शिकायत की है कि उनसे जबरन शुल्क वसूला जा रहा है, जबकि मंडी में व्यापार करने की सुविधा उनके लिए निःशुल्क है। सिटी मजिस्ट्रेट ने व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि मंडी समिति किसानों की सेवा के लिए है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दो दिन के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंडी समिति सचिव ने बताया कि परिसर को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसमें पारदर्शिता, सफाई और अनुशासन को प्राथमिकता दी जाएगी। किसानों के हितों की रक्षा के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएंगे।

# फसलों की बुवाई को देखते हुए किसान भाइयों को जारी किया सूचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी शशांक ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद में खरीफ फसलो की बुवाई का समय प्रारम्भ हो चुका है। जिसमें नत्रजन उर्वरक का प्रयोग अधिक किया जाता है। वर्तमान में जनपद में यूरिया 28971 मै0टन, डी0ए0पी0 3904.00 मै0टन एवं एन0पी0के0 3680.00 मै0टन उर्वरक उपलब्ध है, जिसका वितरण जनपद के समस्त निजी बिक्री केन्द्रो एवं सहकारी समितियों पर कराया जा रहा है। वर्तमान में जनपद मे उर्वरको की कोई कमी नही है। खरीफ की मुख्य फसल धान व मक्का का बुवाई कार्य प्रारम्भ हो चुका है। वर्तमान में जनपद में नत्रजन/फास्फ़ेटिंक उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आगे खपत एवं मॉग के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी।सभी किसान भाईयो से अपील है कि अपने जोत व भूमि के अनुसार अपने आधार कार्ड पर पी0ओ0एस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक का क्रय करें। तथा मृदा परीक्षण के आधार पर वैज्ञानिक संस्तुति के अनुसार ही फसलो में संतुलित उर्वरक का प्रयोग करे तथा रसायनिक उर्वरको (डी0ए0पी0, यूरिया, एन0पी0के0 एवं एम0ओपी0) के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरको यथा नैनो तरल यूरिया तथा नैनो तरल डी0ए0पी0, सल्फर कोटेड यूरिया एवं एस0एस0पी, हरी खाद, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं फसल चक्र को अपनाये तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती के तरीको को अपनाते हुए खेती करें। साथ ही उर्वरको से सम्बन्धित कोई भी शिकायत हो तो कन्ट्रोल रूम के मो0नं0 7839882173 पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्य दिवस में अवगत करा सकते है।

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव वाराणसी पहुंचे,एयरपोर्ट पर स्वागत

वाराणसी । ''मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक'' में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार शाम को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव की गर्मजोशी से अगवानी की और फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी, मनीष पाल, अमित प्रकाश चौबे,प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा शैलेश पांडेय,महामंडलेश्वर संतोष दास 'सतुआ बाबा' आदि शामिल रहे। एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री कड़ी सुरक्षा के बीच शहर के लिए रवाना हो गए।बताते चले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को होटल ताज में आयोजित हो रहे मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शहर में आ चुके है। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# आईआईटी कानपुर ने मनाया 58वां दीक्षांत समारोह पदक व डिग्री पाकर खुशी से झूम उठे छात्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) ने सोमवार को परिसर में आयोजित अपने 58वें दीक्षांत समारोह में 2,848 छात्रों की शैक्षणिक यात्रा के समापन का जश्न मनाया। यह समारोह, जो विभिन्न विषयों के छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर और आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र संजय मल्होत्रा ??मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. महेश गुप्ता ने आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल के साथ दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। दो सत्रों में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की शुरुआत मुख्य सभागार में एक भव्य सभा से हुई, जहाँ उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों ने संस्थान के नेतृत्व और मुख्य गणमान्य की उपस्थिति में अपने पदक और उपाधियाँ प्राप्त कीं। दूसरे सत्र का आयोजन विभिन्न व्याख्यान कक्षों में किया गया।संजय मल्होत्रा, जिन्होंने 1989 में आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में बीटेक पूरा किया था। उन्होंने कहा कि 36 साल बाद आईआईटी कानपुर में वापस आना सौभाग्य की बात है। उन्हीं गलियारों से गुजरते हुए, 1985 के अपने बैचमेट्स के साथ यादों को ताज़ा करते हुए और आज के छात्रों की प्रतिभा को देखकर मुझे बहुत गर्व और पुरानी यादों से भर देता है।इस वर्ष स्नातक करने वाले समूह में शामिल हैं। 269 पीएचडी प्राप्तकर्ता, एमटेक-पीएचडी संयुक्त डिग्री कार्यक्रम से 29, एमडीएस-पीएचडी संयुक्त डिग्री से दो, एमएस (शोध द्वारा)-पीएचडी संयुक्त डिग्री से दो, 480 एमटेक स्नातक, 874 बीटेक, 204 बीएस, 194 एमएससी (दो-वर्षीय), 145 एमबीए, 20 एमडीएस, 83 एमएस (शोध द्वारा), पीजीपीईएक्स-वीएलएफएम से 40, 26 डबल मेजर, 93 दोहरी डिग्री, 26 एमएस-पीडी, और ईमास्टर्स कार्यक्रम से 361 छात्र। इसके अतिरिक्त, 192 छात्रों ने एक माइनर, 90 ने दो माइनर, 30 ने तीन माइनर, तीन ने चार माइनर और एक छात्र ने पांच माइनर के साथ स्नातक किया, जो आईआईटी कानपुर में शैक्षणिक लचीलेपन और अंतःविषय पारिस्थितिकी तंत्र को उजागर करता है।समारोह के दौरान संस्थान के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान प्रदान किए गए। कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग से तालिन गुप्ता को राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। चार वर्षीय यूजी कार्यक्रम के लिए निदेशक का स्वर्ण पदक विद्युत इंजीनियरिंग विभाग से ध्रुव मिश्रा को प्रदान किया गया, और पांच वर्षीय यूजी कार्यक्रम के लिए निदेशक का स्वर्ण पदक भौतिकी विभाग से कलश तलाटी को प्रदान किया गया। कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग से वरुण टोकस को रतन स्वरूप मेमोरियल पुरस्कार प्रदान किया गया।58वां दीक्षांत समारोह न केवल अकादमिक उत्कृष्टता बल्कि मूल्यों, समुदाय और भविष्य के नेतृत्व का भी उत्सव था।

# भाजपा ने अपने संस्थापक डॉ. मुखर्जी को याद किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कन्नौज। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा लेकर भारत माता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियों ने उन्हें याद कर नमन किया। मुख्य वक्ता भुवन प्रकाश ने मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व'' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ का मुख्यमन्त्री वहां का प्रधानमन्त्री कहलाता था। संसद में अपने भाषण में डॉ मुखर्जी ने धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। उन्होंने तात्कालिन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नज़रबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। मोदी जी आज मुखर्जी जी के दिखाए हुए मार्ग पर चल रहे है आज भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है।पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुखर्जी के सपने को साकार किया गया और धारा 370 हटाने का काम किया। आज कश्मीर में लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा रहा है। डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा प्रस्तुत की, जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने किया वही संगोष्ठी में पूर्व जिलाध्यक्ष औरैया भुवन प्रकाश, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने मुखर्जी के जीवन पर अपने विचार रखते हुए कहा मुखर्जी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने आप को बलिदान कर दिया उनका बलिदान ही 72 वर्षों के बाद कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का कारण बनी।

# मलारी गाँव में मनरेगा योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा, सैकड़ों से अधिक श्रमिक की हाजिरी सिर्फ 10-12 श्रमिकों की ही फोटो

**मलारी गाँव में मनरेगा में फर्जीवाड़े की अगर जांच हो जाए तो एपीओ आएंगे जांच के दायरे में, मलारी गाँव में फर्जीबाड़ा कराने के मास्टर माइंड बताये जाते एपीओ:सूत्र**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। विकासखंड पड़री कृपाल की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में विख्यात हो चुके एपीओ के बारे में ग्राम पंचायतों के मनरेगा मजदूरों में आम चर्चा रहती है कि वह जिस ब्लॉक में तैनाती होती है वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फर्जी हाजिरी लगाकर बगैर काम किये ही उनकी फोटो अपलोड करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।ऐसा ही मामला विकासखंड पंडरी कृपाल ग्राम पंचायत मलारी का प्रकाश में आया है जहां ऑन लाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अपलोड करने से न हीं चूके।मिली जानकारी के अनुसार विकास खण्ड पड़री कृपाल की ग्राम पंचायत मलारी में मनरेगा की हाजिरी बड़ा फर्जी वाड़ा हो रहा है।बानगी के तौर पर ग्राम पंचायत मलारी में 144 श्रमिकों की हाजिरी के लिए दस से बारह लोगो खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर का मस्टर रोल अपलोड कर दिया गया है।ऐसा मामला ऑनलाइन पकड़ में आ या है।वही हालत यह है कि काम कोई और करें और फोटो किसी और की अपलोड हो रही है।महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फो टो दर्शाई जा रही है।यह हाजिरी ऑनलाइन में रोज गार सेवक या मेट करते है।वही लोगों ने बताया कि हाजिरी में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है।एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अपलोड कर दी जा रही हैं।इस समय पड़री ब्लॉक क्षेत्र के मलारी तीन कार्यका गांव में जोर शोर से तालाब का सौंदर्य करण खुदाई,समतलीकरण सहित अन्य काम चल रहा है।इसमें फर्जीवाड़ा भी चल रहा है।तीन प्रोजेक्ट पर 1144 महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अपलोड की गई।लेकिन पोर्टल पर बार-बार फोटो एक ही अपलोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है।बड़े आश्चर्य की बात है कि 16 मास्टर रोल में सिर्फ तीन बार ही लोगों को खड़ा करके एक ही फोटो अपलोड की गई फोटो एक ही है।इससे साफ है कि अधिकारियों ने निगरानी नहीं की।इससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदारों की मिलीभगत से बड़े स्तर पर मनरेगा योजना में लूट मची हुई है।

### क्या कहते हैं मंडलायुक्त देवीपाटन

मंडलायुक्त शशि भूषण लाल ने कहा कि इस तरह मामला है तो कड़ी कार्यवाही होगी, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।शासन द्वारा संचा लित योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### पारदर्शी व्यवस्था में सेंधमारी लगाने से नहीं चूके

ग्राम पंचायत मलारी में श्रमिकों की जो फोटो अप लोड की गई है,उनके पास न तो फावड़ा है न डलि या है और न ही अन्य उपकरण,फिर भी जिम्मेदारों ने नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम पर फर्जी फोटो अपलोड कर काम करते दर्शा दिया।मनरेगा के वेब पोर्टल और मॉनिटरिंग सिस्टम पर जो फोटो अपलोड की गई है।सूत्रों के मुताबिक फोटो किसी तलाब में खड़ा करके की है,और पुरानी है।वर्तमान में कोई कार्य महीनों से नहीं हुआ है।सूत्र बता रहें है कि अपलोड की गई पोटो प्रारंभिक जांच में पोटो से फोटो खींचकर अपलोड किए जाने की पुष्टि हुई क्लस्टर प्रभारी,एपीओ कितने संजीदगी से निग रानी कर रहे है।यह स्पष्ट नजर आ रहा है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षक समस्याओं के साथ बीईओ से मिलकर सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। शिक्षक हित के दृष्टिगत समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ टीम फखरपुर सोमवार को बीईओ राकेश कुमार के साथ बैठक की। ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र ने शिक्षकों के समस्याओं से अवगत कराते हुए अनुरोध किया कि जो शिक्षक स्थानांतरित होकर आएं हैं , उनका मानव संपदा तत्काल अपडेट कराया जाए। जिससे माह जून का वेतन निर्बाध रूप से मिल सके। संगठन मंत्री प्रेम कुमार अवस्थी ने कहा कि चयन वेतनमान से संबंधित सभी लंबित पत्रावलियों को अविलंब निस्तारित करके फॉरवर्ड कर दिया जाए। बीईओ राकेश कुमार ने बताया कि बीएसए कार्यालय से जिन शिक्षकों की मानव संपदा विवरण बीआरसी पर आया हुआ था, उन सभी का अपडेट हो गया है। इनिशियल कैडर सूची में जिन शिक्षकों का नाम नही है वे लोग तत्काल अवगत करा दे। जिससे चयन वेतनमान लगने में कोई समस्या न हो। महामंत्री उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीष श्रीवास्तव, शशांक सिंह, राघवेंद्र सिंह, रवींद्र कुमार मिश्र, मंत्री माधव सिंह , राकेश कुमार वर्मा आदि पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

# नशामुक्त समाज की ओर एक कदम केन्द्रीय विद्यालय में जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। 59वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा में स्थित केन्द्रीय विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य छात्रों को नशीले पदार्थों के प्रभाव से सतर्क करना और उन्हें ऐसी आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान एसएसबी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए यह स्पष्ट किया कि नशे की लत केवल शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि व्यक्ति की सोच, परिवारिक संबंधों और सामाजिक जीवन पर भी गंभीर असर डालती है, उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि कैसे छोटी सी लत भी बड़े संकट में बदल सकती है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने सामूहिक रूप से नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा ली और जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प किया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या राजकुमारी निगम, शिक्षक राजेश तिवारी, शिक्षिका पूजा मौर्या तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को सही दिशा में आगे बढ़ने और नकारात्मक प्रवृत्तियों से बचने की सलाह दी। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों की उत्सुकता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। उन्होंने विषय से जुड़े सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं और पूरे कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह आयोजन विद्यालय की ओर से समाज को एक मजबूत और सकारात्मक संदेश देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा।

# घटिया निर्माण पर पर नाराज हुईं डीएम कार्य को उखाड़ने और भुगतान में कटौती के निर्देश

**गुणवत्ता से समझौता नहीं: इंटरलॉकिंग कार्य में खामियों पर डीएम का बड़ा कदम**

**जनहित में सख्त प्रशासन: नेहा शर्मा ने अधोमानक कार्य को कराया रद्द, अधिकारियों को चेतावनी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पंद्रह वें वित्त आयोग के अंतर्गत गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौरा हा तक कराए जा रहे इण्टरलॉकिंग व सौंदर्यीकरण कार्य में भारी अनियमितताओं का खुलासा होने के बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने संज्ञान में लिया है। जांच में कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर खामि यां उजागर हुईं,जिसके आधार पर जिलाधिकारी ने न सिर्फ पूरा कार्य पुनःउखाड़कर दोबारा कराए जा ने,बल्कि भुगतान में नियमानुसार कटौती करने के भी निर्देश दिए हैं।प्रकरण में अपर उप जिलाधिका री द्वितीय विशाल कुमार द्वारा प्रस्तुत संयुक्त जांच आख्या में यह सामने आया कि लगभग 255 मीट र लंबे इस कार्य में बेस कोर्स में प्रयुक्त ब्रिक बैसा ल्ट में अत्यधिक मात्रा में बालू की मिलावट पाई गई है जबकि ब्रिक बैसाल्ट की मात्रा अत्यंत कम थी,साथ ही, इंटरलॉकिंग में प्रयुक्त ईंटों की औसत संपीड़न क्षमता भी कम पाई गई है।जांच रिपोर्ट में कार्य को अधोमानक व अस्वीकार्य माना गया है। इसके मद्देनजर जिलाधिकारी ने न सिर्फ सम्पूर्ण कार्य को तत्काल उखाड़ने और मानकों के अनुरूप दोबारा निर्माण कराने के आदेश दिए हैं,बल्कि भुग तान में कटौती कर दोषियों की जवाबदेही तय कर ने की प्रक्रिया भी शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं।इस पूरे मामले में संबंधित नगर पालिका परिषदके अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई है और उ नके विरुद्ध लिखित चेतावनी पत्र जारी किया गया है।जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े कार्यों में भ्रष्टाचार,लापरवाही और घटिया निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित कि या है कि भविष्य के सभी कार्यों में गुणवत्ता की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

# चौबीस घंटे बाद भी घाघरा नदी में नहीं पता चला राजा बाबू का

**छह घंटे से एसडीआरएफ की टीम कर रही घाघरा नदी में राजा बाबू की तलाश**

**तेरह वर्षीय राजा बाबू उस समय मगरमच्छ खीच ले गया था जिस समय वह नदी में अपनी भैंस को नहला रहा था**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में रविवार को एक दर्दनाक घटना साम ने आई थी जहां उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के सोनौली मोहम्मदपुर गांव के पास घाघरा नदी में एक तेरह वर्षीय बच्चा लापता हो गया था। ये घटना उस समय हुई थी जब राजा बाबू उर्फ नान यादव नाम का यह बच्चा अपनी भैंस को नहला रहा था। घटना के चौबीस घंटे बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चल पाया है जिला प्रशासन ने बचाव कार्य तेज कर दि या है। डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है जो सोमवार सुबह नौ बजे से टीम तलाशी अभियान चला रही है। तरबगंज तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिका री भी मौके पर मौजूद हैं। अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घड़ियाल ने बच्चे को खींचा होगा। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सरकारी नियमों के अनुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी जाएगी। घटनास्थल पर सैकड़ों लोग जमा हैं परिजनों की हालत बेहद खराब है बचाव दल लगातार तलाश में जुटा है।

## पूर्वदशम, दशमोत्तर एवं उच्च कक्षाओं के लिये छात्रवृत्ति आवेदन के लिए समयसारिणी निर्धारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं हेतु प्रक्रियात्मक कार्यवाही हेतु शासन द्वारा समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। सामान्य जाति के छात्र-छात्राएं 10 जुलाई से 20 दिसम्बर 2025 तक एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं 10 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं तथा सामान्य जाति के छात्र-छात्राएं 12 जुलाई से 23 दिसम्बर 2025 तक एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं 12 जुलाई 2025 से 03 अप्रैल 2026 तक प्रिन्ट आउट निकाल कर शिक्षण संस्थान में जमा कर सकते हैं। इसी प्रकार पूर्वदशम (कक्षा 09-10) तथा दशमोत्तर कक्षा (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत निर्धारित समयसारिणी के अनुसार छात्र-छात्राएं 02 जुलाई से 30 अक्टूबर 2025 तक रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण कर 02 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक प्रिन्ट आउट निकाल कर शिक्षण संस्थाओं में जमा कर सकते हैं।

# एसपी ने मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए गूगल मीट के माध्यम से की गई समीक्षा गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने 22 जून की रात्रि आगामी मोहर्रम पर्व को शांति,सौहा र्द व कानून-व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने के उद्दे श्य से कैंप कार्यालय से जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों,प्रभारी निरीक्षकों,थानाध्यक्षों के साथ गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा गोष्ठी की गई। गो ष्ठी के दौरान एसपी ने संवेदनशील स्थानों की पह चान एवं सतर्कता हेतु सभी थाना प्रभारियों को नि र्देशित किया है कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित संवेदनशील स्थानों,ताजियादारियों के मार्गों एवं विवादग्रस्त क्षेत्रों की पूर्व पहचान कर वहां विशे ष सतर्कता बरतने और पर्याप्त पुलिस बल की तै नाती सुनिश्चित करना सुनिश्चित करें साथ ही शरार ती तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए ऐसे व्यक्तियों की सूचीबद्ध पहचान की जाए जो पूर्व में अफवाह फैलाने,झगड़ा कराने या माहौल बिगाड़ने में संलि प्त रहे हैं।इनकी निगरानी हेतु बीट प्रभारी सक्रिय रहेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर निरोधात्मक कार्य वाही करेंगे।त्योहार के दौरान जुलूस मार्गों,भीड़भा ड़ वाले क्षेत्रों एवं संभावित विवादित स्थलों पर ड्रो न कैमरों और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करे।सभी थाना प्रभारी स्थानीय शांति समिति,पीस कमेटी की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उनके साथ समयबद्ध बैठकों का आयोजन कर समन्वय स्थापित करे तथा सभी धर्मगुरुओं व गणमान्य नागरिकों से शांतिपूर्ण त्यो हार मनाने की अपील करे।जुलूस एवं ताजियादारी निकालने के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कि या गया है। किसी भी आयोजन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों व मार्गों के उपयोग हेतु निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करवाया जाए। जनपद के थाना क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की स्टैटिक एवं मोबाइ ल ड्यूटी लगाई जाएगी।साथ ही संभावित भीड़ नियंत्रण व आपात स्थिति से निपटने हेतु मॉक ड्रिल भी कराई जाए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति एवं सौहार्द के वातावरण में त्योहार सम्पन्न कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी सम्वेदनशीलता, सक्रियता एवं सतर्कता से कार्य करें।अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधि कारियों से मैदान में सक्रिय रहकर जनसंपर्क करने जनता में विश्वास बनाए रखने तथा किसी भी सूच ना या विवाद पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए।

## उर्वरक की ओवर रेटिंग व कालाबा. जारी पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई: डीएम

बहराइच। खरीफ फसलों की बुआई/रोपाई के समय नत्रजनिक एवं फास्फ़ेटिक उर्वरकों की मांग में वृद्धि के दृष्टिगत असामाजिक तत्वों द्वारा उर्वरकों की ओवर रेटिंग, अन्य उत्पादों की टैगिंग रोकने, कालाबाजारी, जमाखोरी, अनुदानित उर्वरकों का व्यवसायिक प्रयोग तथा सीमा से लगे क्षेत्रों में उर्वरकों की तस्करी की संभावना को न्यून करने तथा जिले के कृषकों को उनकी जोतबही/खतौनी देखकर उसमें अंकित कृषित भूमि एवं बोई जाने वाली फसलों की निर्धारित संस्तुतियों के अनुसार पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिला कृषि अधिकारी व ए.आर. को-आपरेटिव को निर्देश दिये गये हैं कि उर्वरक वितरण कार्य का नियमित रूप से अनुश्रवण करते हुए बिक्री केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण एवं स्टाक का भौतिक सत्यापन कर किसानों को नत्रजनिक एवं फास्फ़ेटिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करायें।डीएम ने निर्देश दिया है कि यूरिया, डी.ए.पी. व एन.पी.के. काम्प्लेक्स एवं एम.ओ.पी. की निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य दर के अन्तर्गत बिकी सुनिश्चित करायी जाये। यदि कोई उर्वरक विक्रेता अधिकतम खुदरा मूल्य दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बिकी करता हुआ पाया जाये तो सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही की जाय। उर्वरकों की आपूर्ति, उपलब्धता एवं वितरण की जनपद स्तरीय समिति के द्वारा साप्ताहिक बैठक आयोजित कर नियमित रूप से समीक्षा भी की जाये। डीएम ने कहा है कि यदि कोई थोक अथवा फुटकर उर्वरक विक्रेता मुख्य उर्वरकों यथा यूरिया, डीएपी, एनपीके काम्प्लेक्स, एम.ओ.पी. एवं एस.एस.पी. के साथ अन्य को भी खरीदने हेतु बाध्य करता है तो उसके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाय।

# लोक कल्याण के लिए पीयूषकान्त वर्मा ने लिया था जन्म: पद्मश्री रामचेत

**अखिल भारत हिन्दू महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की मनाई गई द्वितीय पुण्यतिथि योगा,रक्तदान व मेधावियों को किया गया सम्मानित**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। अखिल भारत हिन्दू महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीयूष कान्त वर्मा का जन्म लोक कल्याण के लिए हुआ था , जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों, निराश्रितों,असहायों व जरूरतमंदों की जरूरतें पूरी करने में व्यतीत कर दिया । उक्त बातें कृषि वैज्ञानिक व पद्मश्री डॉ रामचेत चौधरी ने स्वर्गीय पीयूष कान्त वर्मा को द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बतौर मुख्यातिथि कहा । गोरखपुर की पूर्व महापौर डॉ सत्या पाण्डेय ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कही कि पीयूष कान्त वर्मा साधारण व्यक्तित्व नही बल्कि देवदूत थे , जिन्हें परमपिता परमेश्वर में मानव जाति के उत्थान हेतु पृथ्वी पर भेजा था । कार्यक्रम की अध्यक्षता बालमुकुन्द गुप्ता ने किया । द्वितीय पुण्यतिथि पर प्रथम चरण में सुबह योगा कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने योग किया फिर आत्मा की शांति हेतु शांतिपाठ , द्वितीय चरण में रक्तवीर क्रमशः अदिति राय,दीपक भारती, आलोक गोस्वामी,अंजली राय,शनि गुप्ता,सोनी,अमितेश मिश्रा, आर्या श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव, सुंदरम श्रीवास्तव, अवधेश व योगेश ने रक्तदान कर असली श्रद्धांजलि अर्पित किया । रक्तदान शिविर का उद्घाटन स्वर्गीय पीयूष कांत वर्मा के दामाद प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया । कार्यक्रम के तृतीय चरण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी द्वारा श्राद्धाजंलि अर्पित करने के बाद सभी रक्तदाताओं को प्रस्ततिपत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया उसके बाद छोटी उम्र के बाबजूद भी बड़ा चमत्कार करने पर क्रमशः साक्षी राय को ब्रेनलिपि में,आकाश को काडियोग्राफी में,सोनम को बैडमिंटन में,साधना को पेंटिंग में,सोनू गुप्ता को शिक्षा में,रश्मि को टेराकोटा में,अमर मणि त्रिपाठी को प्रथम प्रयास में ही नीट(एमबीबीएस) परीक्षा पास करने में,रितिका को केले के रेशा से अनेकों कलाकृतियों में,हेमलता त्रिपाठी को आधुनिक सावित्री के रूप में व भाव्या श्रीवास्तव को छोटी उम्र में भी सैकड़ो मंत्रोच्चार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रस्ततिपत्र व अंगवस्त्र भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया । भाई हरिनाथ,अदिति राय,नीलम व दीपक भारती ने स्वर्गीय पीयुषकान्त वर्मा के जीवनी पर प्रकाश डाला जिससे सभी की आंखे नम हो गयी । प्रियांशु श्रीवास्तव, आर्या श्रीवास्तव, नलिनी श्रीवास्तव, अदिति राय ,सुंदरम श्रीवास्तव व अमित श्रीवास्तव ने आगंतुक अतिथियों को बुके व अंगवस्त्र व अमित श्रीवास्तव उर्फ राजू ने स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया । कार्यक्रम आयोजिका स्वर्गीय पीयुषकान्त वर्मा की धर्मपत्नी नलिनी श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन किया । मंच का सफल संचालन शिक्षक व पत्रकार रमेश मणि त्रिपाठी ने किया । इस अवसर पर मुख्यरूप से पार्षद मंतालाल यादव, पार्षद रामगति निषाद,अधिवक्ता रत्नाकर सिंह,जनार्दन प्रसाद,राजेश,अमिता शर्मा,अर्नव मणि सहित सैकड़ों सम्भ्रांत उपस्थित होकर श्राद्धाजंलि अर्पित किया ।

# 25 जून को महिला आयोग की सदस्य करेगी जन सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ की सदस्य ऋतु शाही व एकता सिंह द्वारा आगामी 25 जून को प्रातः 11 बजे से सर्किट हाउस गोण्डा में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व म हिला जनसुनवाई की जायेगी।जनपद की ऐसी म हिलायें जो किसी भी प्रकार की प्रताड़ना,उत्पीड़न अथवा घरेलू हिंसा से पीड़ित हों,तो त्वरित न्याय एवं महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने हेतु उक्त महिला जन सुनवाई में उपस्थित हों सकती है।

# मैं बोलूंगा ललकारूंगा और धर्म की रक्षा में सदैव खड़ा रहूंगा : राकेश प्रताप सिंह

## समाजवादी पार्टी द्वारा गौरीगंज के बागी विधायक को निष्कासित करने से गरमाई सियासत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। समाजवादी पार्टी द्वारा गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इसकी जानकारी मिलने पर विधायक राकेश प्रताप सिंह सोमवार को समाजवादी पार्टी पर काफी आक्रामक दिखे और उन्होंने कहा कि मैं बोलूंगा ललकारूंगा और अंत तक धर्म की रक्षा के लिये राम और राष्ट्र के लिये सदैव खड़ा रहूंगा।बताते चलें कि गौरीगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बीते राज्यसभा के चुनाव में ह्रदय परिवर्तन कर भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था और उसी के बाद से विधायक राकेश प्रताप सिंह के बगावती तेवर शुरु हो गये थे। सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह समेत तीन अन्य विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया इसकी जानकारी मिलने पर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि जिस सनातन धर्म में मेरा जन्म हुआ जिसमें मैंने जीवन के आदर्श सीखे, सेवा का भाव पाया, और सभी जाति मजहब को साथ लेकर चलने की सीख प्राप्त की उस धर्म के प्रति मेरी निष्ठा अटूट है। उन्होंने कहा कि यह वही सनातन धर्म है जिसके अनुयायी इस देश में एक सौ बीस करोड़ से अधिक हैं और जिसकी जड़ें इस देश की संस्कृति, सभ्यता और आत्मा में गहराई से बसी हुई हैं किन्तु आज दुर्भाग्यवश, समाजवादी पार्टी राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिये प्रभु श्रीराम और सनातन धर्म को अपमानित करने से भी नहीं हिचक रही है।किसी एक धर्म विशेष को प्रसन्न करने की लालसा में, वे बारऽबार सनातन पर प्रहार कर रहे हैं, अपशब्द कह रहे हैं



और धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि समाजवादी वही पार्टी है जो कभी डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों की बात करती थी वही लोहिया जी जो रामायण मेला आयोजित करवाने की बात करते थे जो भारतीय संस्कृति, परंपरा और धर्म के प्रति समर्पित थे।वे मानते थे कि प्रभु श्रीराम समस्त भारतीय समाज को जोड़ने वाले सांस्कृतिक प्रतीक हैं लेकिन आज की समाजवादी पार्टी उस लोहिया के विचारों से पूरी तरह भटक चुकी है।आज वही पार्टी राम मंदिर मे प्रभु श्री राम के दर्शन करने पर अपने नेताओं पर प्रतिबन्ध लगाती है।यह विचलन केवल राजनीतिक पतन नहीं है यह वैचारिक दिवालियापन है। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं क्या अपने धर्म, अपने भगवान के लिये बोलना गुनाह है ? यदि यह बगावत है तो हां मैं बागी हूं। उन्होंने कहा कि मैं उस हर विचारधारा के विरुद्ध बगावत करता रहूंगा जो सनातन धर्म का अपमान करेगी।उन्होंने कहा कि हमारे जिले छत्रपति शाहू जी महाराज नगर का नाम बदलकर फिर से अमेठी करना केवल नाम परिवर्तन नही बल्कि उन महापुरुषों और दलित समाज के सम्मान का अपमान था। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी अब ॡसमाप्तवादी पार्टीॠ बन चुकी है जो न विचारधारा में स्थिर है न आचरण में धर्म, भगवान और हमारे शास्त्रों से ऊपर कोई नहीं है और जब कोई उनका अपमान करेगा तब मेरा मौन रहना भी पाप होगा।मैं सनातन का सिपाही हूं और सनातन पर आंच आने पर चुप नही रह सकता। मैं बोलूंगा ललकारूँगा और अंत तक धर्म की रक्षा में खड़ा रहूंगा।

# धारा 370 समाप्त कर डॉ.मुखर्जी के सपनों को किया साकार : अमर पाल मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता-अखंडता के लिए समर्पित रहा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 व 35 इ को समाप्त कर डॉ मुखर्जी के सपनों को साकार किया है।यह बातें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहीं।श्री मौर्य ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा उनका ओजस्वी व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।यह भी कहा कि डा. मुखर्जी ने राष्ट्र सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। संचालन जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया।इसके पहले पार्टीजनों ने जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अगुवाई में जिला पंचायत गेट स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72 वें बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।मुख्य अतिथि सांसद अमर पाल मौर्य के कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू,पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, डॉ आरए वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू,डॉ सीताशरण त्रिपाठी,एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद सिंह,राज प्रसाद उपाध्याय,राजेश गौतम,प्रवीन कुमार अग्रवाल,योगेंद्र सिंह, कृपा शंकर मिश्रा, गांधी सिंह,आशीष सिंह रानू,बबिता तिवारी,आनन्द द्विवेदी, विजय रघुवंशी, रीना जायसवाल,राजेश सिंह,प्रदीप शुक्ला, विवेक सिंह,मनोज मौर्य,संजय सोमवंशी, संजय त्रिलोकचंदी, मनीषा पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# असिस्टेंट प्रोफ़ेसर पद पर चयनित हो जिले का गौरव बढ़ाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिले के प्रतिष्ठित कॉलेज गनपत सहाय महाविद्यालय के प्रवक्ता एवं लक्ष्मणपुर निवासी डॉ. पवनेश मिश्र का चयन असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर लोगो में खुशी की लहर दौड़ गई है। शुभचिंतकों व इष्टमित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुएबुझ्झवल भविष्य की कामना की है।

डॉ मिश्र ने बताया कि उनका चयन कानपुर के प्रसिद्ध कॉलेज क्राइस्ट चर्च कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर हुआ हां। उन्होंने बताया कि भर्ती 2023-24 की अंतिम सूची जारी कर दी गई है, जिसमें उनके पर वाणिज्य विषय में सहायक प्राध्यापक के रूप में हुआ है। ज्ञात हो कि डॉ. मिश्र लंबे समय से वाणिज्य विषय में स्थानीय गनपत सहाय डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक योगदान दे रहे हैं और छात्रों के बीच उनकी सुलझी हुई शिक्षण शैली के लिए विशेष पहचान है। उनकी इस सफलता पर जिले में हर्ष का माहौल है। वह जिले कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवक रहे और लंबे समय तक प्रचार विभाग, जिला कार्यवाह के दायित्व का सफल निर्वहन किया। वर्तमान में विभाग संपर्क प्रमुख के दायित्व का निर्वहन कर रहे है। इनका पारिवारिक पृष्ठिभूमि उच्चशिक्षित है। इनके पिता विद्युत विभाग में ऑफिसियल कर्मचारी रहे तथा भाइयों में सबसे बड़े भाई चिकित्सक, दूसरे सीमेंट कंपनी में क्षेत्रीय अधिकारी, तीसरे भाई व्यवसाई है। धर्मपत्नी शालिनी मिश्रा विद्याभारती के सीबीएसई के विद्यालय में कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत हैं। क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कानपुर – छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से संबद्ध – उत्तर भारत के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है। यहां असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर चयनित होना उच्च शैक्षणिक योग्यता और विषयगत विशेषज्ञता का प्रतीक माना जाता है। डॉ. मिश्रा को उनकी इस उपलब्धि पर शैक्षिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# चेयरमैन ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। पर्यटन विभाग द्वारा ब्रह्मचारी घाट पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण का काम रुकने की वजह से नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार से नाराजगी व्यक्ति की है। उन्होंने ब्रह्मचारी घाट पर पहुंचकर काम रोके जाने के संबंध में जानकारी ली और कहा कि यदि देवहा नदी में पानी बढ़ने और कटान होने से मंदिर के आसपास कोई नुकसान हुआ, तो इसके जिम्मेदार प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार होंगे। जिसकी शिकायत वे स्वयं मुख्यमंत्री से करेंगी।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल सोमवार को ब्रह्मचारी घाट पर हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य को देखने पहुंची। यहां घाट निर्माण रुका हुआ पाया गया। जिसके बाद उन्होंने पर्यटन विभाग की टीम में शामिल इस कार्य को देख रहे प्रोजेक्ट मैनेजर लज्जाराम से नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि दो-तीन दिन तेज बारिश हो गई तो नदी में पानी का लेवल बढ़ जाएगा। कटान की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। एक वर्ष का समय बीत जाने के बावजूद भी ठेकेदार घाट निर्माण नहीं कर सका है और अब पानी दलदल होने का बहाना बनाकर काम रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इस कार्य की वजह से ऐतिहासिक मनकामेश्वर मंदिर और ब्रह्मचारी घाट क्षेत्र में कटान हुआ या किसी प्रकार का नुकसान हुआ तो उसकी जिम्मेदारी प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार की होगी। कहा कि वह इसकी शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगी।डॉ आस्था ने कहा कि यदि काम रोका भी गया है तो पानी का लेवल बढ़ने से पहले रेत के कट्टे डालकर बचाव कार्य कराया जाए। जिससे कि ब्रह्मचारी घाट मंदिर क्षेत्र में कटान की स्थिति उत्पन्न न हो।इस मौके पर काफी संख्या में मंदिर आने वाले श्रद्धालु, पर्यटन विभाग की टीम, सभासद वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना मौजूद रहे।

# विज्ञान हलचल कार्यक्रम में छात्रों ने सीखी पवन ऊर्ज़ा और हाइड्रोग्राफी की बारीकियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाधान आईएपीटी अंवेषिका के तत्वावधान में सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से 'विज्ञान हलचल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान विषयों से अवगत कराने के उद्देश्य से पवन ऊर्ज़ा और हाइड्रोग्राफी पर विस्तार से जानकारी दी गई। आयोजन में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वैज्ञानिक तथ्यों को रचनात्मक रूप से समझने का प्रयास किया।कार्यक्रम के दौरान समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने हाइड्रोग्राफी विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि यह विज्ञान की वह शाखा है, जो महासागर, समुद्र, झीलों और तटीय क्षेत्रों की विशेषताओं का अध्ययन और मापन करती है। हाइड्रोग्राफी का मुख्य उद्देश्य नौचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त इसका उपयोग वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास से जुड़ी समुद्री गतिविधियों के लिए भी किया जाता है।शर्मा ने बताया कि हाइड्रोग्राफी में समुद्री जल की प्रकृति, समुद्र तल की भौगोलिक संरचना, ज्वारीय धाराएं, तरंगें और किनारों की विशेषताओं का अध्ययन किया जाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में



हाइड्रोग्राफी नौवहन का अहम हिस्सा बन चुकी है। हर वर्ष 21 जून को विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम रखी गई है, जो समुद्र तल के मानचित्रण के माध्यम से महासागर आधारित कार्यों को सशक्त बनाने पर बल देती है।

कार्यक्रम में पवन ऊर्ज़ा विषय पर जानकारी देते हुए अमित शर्मा ने कहा कि गतिमान वायु को पवन कहा जाता है और इसी गति से उत्पन्न होने वाली ऊर्ज़ा को पवन ऊर्ज़ा कहा जाता है। यह ऊर्ज़ा का एक स्वच्छ, नवीकरणीय और टिकाऊ स्रोत है, जो जीवाश्म ईंधन पर निर्भर नहीं करता। उन्होंने बताया कि पवन टरबाइन की सहायता से अनेक देश बिजली उत्पन्न कर रहे हैं और इसके माध्यम से रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि चीन, जर्मनी, भारत, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम और ब्राजील जैसे देश पवन ऊर्ज़ा के क्षेत्र में अग्रणी हैं। पवन ऊर्ज़ा के महत्व को रेखांकित करने हेतु प्रत्येक वर्ष 15 जून को विश्व पवन दिवस मनाया जाता है।इस अवसर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में जीविका मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और विज्ञान के प्रति जागरूकता बनाए रखने की प्रेरणा दी गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़रिया निवासी विपिन पुत्र सुंदरलाल उम्र 32 वर्ष बताया जा रहा है कि रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। परिजनों को जानकारी लगने पर उनके होश उड़ गए और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बताया जा रहा है उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार को शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाजारघाट बैल्हा निवासी महिला ने मुख्यमंत्री आवास के पास आत्मदाह का किया प्रयास

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हजारा थाना क्षेत्र के गांव बाजारघाट बैल्हा निवासी सुमित्रा कौर बताया जा रहा है। महिला अपने भाई के साथ लखनऊ के गौतमपल्ली स्थित सीएम आवास के पास पहुंचीं और सोमवार की सुबह लगभग 11:30 पर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश की। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर उन्हें रोक लिया, जिससे आग नहीं भड़की।पीलीभीत पुलिस से मांगी गई जानकारी एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि सुमित्रा कौर ने हजारा थाने में घर में घुसकर छेड़छाड़ और अभद्रता की शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान थीं और उन्होंने आत्मदाह का प्रयास किया है। हालांकि पुलिस मामले में पूछताछ कर रही हैं।

## पुलिस पर घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट करने का आरोप

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव जादमपुर का रहने वाला युवक दो दिन पहले बाइक से जा रहा था। गोरा गांव में उसकी बाइक से एक बालक के चोट लग गई। इस दौरान विवाद हुआ। युवक की बाइक कुछ लोगों ने छीन ली। युवक ने पुलिस से मामले की शिकायत करते हुए कुछ लोगों पर मारपीट कर बाइक छीनने का आरोप लगाया था। दो पुलिस कर्मी मामले की जांच करने पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस का विरोध शुरू कर दिया। पुलिस और ग्रामीणों में काफी देर तक नोक झोंक होती रही। ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों का वीडियो बनाया तो वह बचते नजर आए। बाइक छोड़कर पुलिसकर्मी गांव से बाहर निकल गए। इस दौरान एक महिला ने पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया। वीडियो बनने के बाद पुलिसकर्मी बाइक छोड़कर चले गए। उन्होंने अपनी नेम प्लेट छिपा ली। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिसमें एक महिला के हाथ से खून निकल रहा है। घायल महिला को लेकर उसके परिजन सीओ के पास पहुंचे। उन्होंने सीओ को दिए शिकायती पत्र में पुलिस पर घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। सीओ ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। सोमवार सुबह दस बजे इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि एक्सीडेंट के दौरान हुई मारपीट के मामले की पुलिस जांच करने गई थी। इस दौरान कुछ लोग दबाव बनाने के लिए नोक झोंक कर रहे थे। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। फिलहाल वायरल वीडियो रविवार का बताया जा रहा है।

## छोटी सी अफवाह विनाश का कारण बन सकती है

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के एक होटल में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार की शाम 5 बजे एक बैठक आयोजन किया। इस दौरान बैठक में सोशल मीडिया सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें सोशल मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने कहा कि इस समय सोशल मीडिया का जमाना है और हर वर्ग का व्यक्ति सोशल मीडिया से जुड़ा हुआ है। कई बार देखा जाता है कि छोटी भ्रामक खबर अफवाह विनाश कारण बन जाती हैं। धर्म के प्रचार प्रसार होते व वे धर्मियों को बेनकाब करने व देश के लिए षड्यंत्र रच रहे लोगों को वेनकाब करने सहित सोशल मीडिया धर्म योद्धा बनाने के लिए बैठक की गई हैं।

## डा. रजी जाफर के निधन पर शोक

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डा. रजी जाफर खान ग्राम अमहट मेडई खॉ कापुरवा के निवासी थे जो स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे। वह एक सामाजिक सूझबूझ के मधुर बाड़ी बोलने वाले हाजिर जवाब इनसान थे हमेशा समाज और परिवार को जोड़ने का काम करते और धार्मिक जुलूसो और करबला अमहट में तामीरी कामों में बढचढ कर भाग लेते और अरबी मदरसा तंजीमुल मकातिब के अध्यक्ष भी थे इसके साथ साथ वह एक अच्छे मौलाना भी थे मोहर्रम में कई इमामबाड़े में वह मजलिस पढ़ते उनकी मजलिसों में समाज में बुराइयों की सुधार पर होतीं थी लोग इसे बहुत पसन्द करते थे। वह बाम्बे में काफी दिनों से बीमार थे जिनका रविवार को देहांत हो गया उनको सुलतानपुर उनके आवास मेडई खॉ कापुरवा में सोमवार को लाया गया और लोगों की मिलने के लिए भीड़ लगी रही उनकोअलीगढ के कब्रस्तान में सिपुर्दे खाक किया गया।उनकी उम्र लगभग80वर्ष थी उनके निधन से शिया कौम को काफी आघात पहुँचा जिसकी भरपाई नहीं हो सकती इसकी जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जगदीशपुर पुलिस ने एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर देशराज पुत्र लल्लन निषाद निवासी पूरे जालिम मल्लाह मजरे मडवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## डॉक्टर मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक भाजपा के प्रेरणा पुंज व अखंड भारत के स्वप्न द्रष्टा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बहत्तरवां बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय गौरीगंज में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं वक्त प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370 समाप्त कर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। डॉ मुख़र्जी के जीवन का प्रत्येक क्षण भारत माता के चरणों में समर्पित था जिसने देश की एकता अखंडता और आत्मसम्मान के लिए अपने पूरे जीवन को समर्पित कर दिया डॉ मुखर्जी ने एक देश में दो विधान दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेगा नहीं चलेगा का नारा नहीं था यह उस तेजस्वी तपस्वी की हुंकार थी जिसे 20वीं शताब्दी के भारत में अंग्रेजों के बनाए गए ढांचे में भारतीय आत्मा को भरना चाहते थे पश्चिमी शिक्षा से लेकर हुए भारतीयता की पुनर्स्थापना के लिए मैदान में उतरे1939 में कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण करने से असहमत होकर हिंदू महासभा से जुड़े 1944 46 में महासभा के अध्यक्ष बने उस समय बंगाल में मुस्लिम लीग की सरकार ने विभाजनकारी राजनीति को हवा दी उसका उन्होंने कड़ा विरोध किया।

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें : रमाकांत उपाध्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## प्रत्येक गांव से दस-दस किसानों को बायोगैस प्लांट लगवाने के लिये चिन्हित करने का निर्देश दिया

अमेठी। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग लखनऊ के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने आज अपने जनपद भ्रमण के दौरान कान्हा गौशाला गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंशों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में भूसा, हरा चारा, पशु आहार, शेड, गोवंशों की ईयर टैगिंग, छांव की व्यवस्था, पीने के पानी की उपलब्धता, स्वच्छता सहित अन्य पहलुओं पर गहनता से निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया।गो सेवा आयोग के सदस्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित सभी खण्ड विकास अधिकारियों व पशुपालन विभाग के सभी अधिकारियों तथा पशु चिकित्साधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों की समीक्षा किया। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण शुक्ल ने बताया कि जनपद अमेठी में कुल एक सौ छब्बीस गो आश्रय स्थल संचालित है जिनमें बाइस हजार एक सौ नौ गोवंश संरक्षित हैं।गो सेवा आयोग के सदस्य ने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अधिकारियों के साथ चर्चा व विचार विमर्श किया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गायों के लिये कुबेर का भंडार खोला है प्रत्येक गौशाला में प्रत्येक गोवंश को सुविधाएं मिलनी चाहिये बीमार व कमजोर गोवंशों को अलग सुविधा दी जाय गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए, वहां पर गोबर से खाद, पेंट सहित विभिन्न उत्पाद बनाए जाएं तथा किसानों को गोबर की खाद व गोमूत्र का प्रयोग खेती में करने के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों को समझाया जाए की गाय सिर्फ दूध देने के लिए नहीं अपितु उसका गोबर व गोमूत्र भी हमारे लिए बहुत उपयोगी है, गाय के गोबर से बायोगैस प्लांट लगाकर गैस बनाई जा सकती है। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने विकासखंडों में सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठकर कर प्रत्येक ग्राम प्रधान को अपने अपने गांव में दस दस किसानों को बायोगैस प्लांट लगवाने के लिये प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि लोगों को गाय के गोबर और गोमूत्र तथा गाय से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाय जिससे किसान अपने गोवंशों को बाहर निराश्रित ना छोड़े साथ ही गौशालाओं में गोबर के विभिन्न उत्पादों को बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर किया जाय। गौशाला को मॉडल गौशाला बनाया जाए तथा उन्हें विद्यालयों से जोड़ा जाए, विद्यालय के बच्चे वहां पर आकर अपना जन्मदिन मनाएं और घूमें फिरें, गौशाला को पिकनिक स्पॉट की तरह उपयोग किया जाय।बैठक में जिलाधिकारी संजय चौहान ने गो सेवा आयोग के सदस्य को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जो भी निर्देश दिये गये हैं उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए जनपद की मुख्य मार्गो की गौशालाओं को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जायेगा।बैठक में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा सरकार में भ्रष्टाचार,परिवारवाद व वसूली का था राज : भूपेंद्र चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के सुलतानपुर भाजपा कार्यालय पहुंचने पर पार्टी जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।उन्होंने कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा यूपी की योगी सरकार भ्रष्टाचार और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है।उत्तर प्रदेश के योगी मॉडल की चर्चा पूरी दुनिया में होती है।प्रदेश में कानून का राज है। अपराध न्यूनतम स्तर पर है। प्रदेश विकास की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए।श्री चौधरी ने कहा कि सपा सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग एक उद्योग बन गया था। सपा से निकाले गए तीन बागी विधायकों के मुद्दे पर कहा यह विधायकों का निर्णय है।विधायक स्वयं तय करेंगे उनको क्या करना है।उन्होंने सपा में चल रहे अंतर्विरोध व विवादों की ओर भी इशारा किया। उन्होंने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने सपा शासन में भ्रष्टाचार,परिवारवाद और वसूली का आरोप लगाया। उन्होंने संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा पार्टी लगातार अपने कार्यक्रमों व अभियानों को लेकर जनता के बीच है। पार्टी कार्यकर्ता मोदी सरकार के 11 साल के रिपोर्ट कार्ड को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश में ढाई करोड़ प्राथमिक सदस्य बनाए गए हैं।श्री चौधरी ने बताया कि प्रदेश के 98 जिलों में से 70 जिलों में जिलाध्यक्ष की घोषणा हो चुकी है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मो.जावेद पुत्र रमजान निवासी सालपुर धौताल परगना व तहसील थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा का निवासी हूँ, मैं बयांन करता हूँ कि मेरा लड़का मो. जावेद मेरे कहे सुने में नहीं रहता है और उसका चाल-चलन व व्यवहार ठीक न होने के कार ण मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ।आज के बाद उससे किसी भी प्रकार का लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरा मो.जावेद से कोई रिश्ता नहीं है।

**रमजान पुत्र मुन्ना, निवासी सालपुर धौताल, परगना व तहसील, जनपद गोंडा**

# कचरा प्रबंधन भी है संभावनाओं का क्षेत्र

घरों, उद्योगों और व्यावसायिक गतिविधियों से लगातार निकलने वाले कचरे का बेहतर ढंग से निपटान बड़ी चुनौती है। हालांकि बदली स्थितियों में वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर कुछ नये व सकारात्मक समाधान सामने आये हैं। जैसे रिसाइक्लिंग करना व बेकार समझी जाने वाले सामान से कुछ उपयोगी वस्तुएं बनाना। दरअसल, कुछ कचरे को केवल हटाने की नहीं, समझने और संवारने की जरूरत है- क्योंकि अब यह पर्यावरण मुद्दे के अलावा अर्थव्यवस्था, रोजगार का भी आधार बन गया है। केवल घरों से रोजाना फेंके जाने वाले सब्जियों के छिलके, प्लास्टिक थैलियां, टूटे खिलौने, अखघ्बार, बोतलें- सब मिलकर भारत में प्रतिदिन 1.5 लाख टन ठोस कचरा उत्पन्न करते हैं। इसका सिर्फ 25-30 प्रतिशत हिस्सा ही वैज्ञानिक रूप से प्रोसेस हो पाता है। लेकिन अब वेस्ट मैनेजमेंट प्रोफ़ेशनल्स की नई पीढ़ी कचरे को कंचन में बदलने का काम कर रही है। कचरा प्रबंधन में युवाओं के लिए बड़ी संख्या में कैरियर विकल्प मौजूद हैं। आज जरूरत है सॉर्टिंग एक्सपर्ट्स, रिसाइक्लिंग टेक्नीशियनों, कचरा विश्लेषकों, कंपोस्ट विशेषज्ञों और प्लास्टिक प्रबंधन सलाहकारों की। ये प्रोफ़ेशनल नगर पालिकाओं और सरकारों के साथ कार्य करते हैं, वहीं स्टार्टअप्स, सीएसआर प्रोजेक्ट्स और पर्यावरणीय संगठनों से भी जुड़कर बदलाव ला रहे हैं। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के अनुसार, 2024 तक देश के 70 प्रतिशत से अधिक कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण किया जाने लगा है- यह काम हजारों प्रशिक्षित वेस्ट वर्कर्स द्वारा किया जा रहा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, रिसाइक्लिंग इंडस्ट्री हर साल 40,000 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही है और इसमें 20 लाख से अधिक रोजगार सृजित हो रहे हैं। सीपीसीबी यानी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, ई-वेस्ट और प्लास्टिक वेस्ट के लिए अलग-अलग संग्रह केंद्रों और प्रोसेसिंग यूनिट्स में विशेषज्ञों की भारी कमी है। ऐसे में यह क्षेत्र युवाओं के लिए सुनहरा अवसर बन चुका है। कचरा अब देश की अर्थव्यवस्था में एक नई धारा का निर्माण कर रहा है। एक राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में छपी हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत की रीसाइक्लिंग इंडस्ट्री वर्ष 2047 तक 25 लाख करोड़ रुपये यानी 3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। इस अद्भुत आर्थिक संभावना का आधार है देश में उभरती हुई सर्कुलर इकॉनमी की अवधारणा, जो'टेक-मेक-डिस्पोज' वाले पुराने मॉडल को पीछे छोड़, संसाधनों के दोबारा उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन और टिकाऊ उत्पादन प्रणाली को प्रोत्साहित कर रही है। भारत सरकार इस दिशा में सक्रियता से कदम बढ़ा रही है-ईपीआर यानी एक्सपेंडेड प्रोड्यूसर रेस्पॉन्सिबिलिटी जैसी नीतियों के माध्यम से प्लास्टिक, ई-वेस्ट, बैटरियों और उपयुक्त तेलों के पुनर्प्रयोग को अब कानूनी ढांचे में लाया जा रहा है। यह पर्यावरण रक्षा के साथ ही अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। रिपोर्ट के अनुसार, यदि पैकेजिंग उद्योग 'सर्कुलर' मॉडल अपनाता है, तो 6.5 लाख करोड़ रुपये का आर्थिक मूल्य उत्पन्न हो सकता है और 65 लाख ग्रीन जॉब्स पैदा हो सकते हैं। कचरा प्रबंधन का क्षेत्र शैक्षणिक योग्यता के सभी स्तरों के युवाओं के लिए उपयुक्त है। अगर कोई छात्र 10वीं या 12वीं पास है, तो वह सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कंपोस्टिंग, या वेस्ट सेग्रिगेशन जैसे शॉर्ट टर्म कोर्स (3 से 6 माह) कर सकता है। इन कोर्सेस की सुविधा स्किल इंडिया, एनएसडीसी, टीआईएसएस, इग्नू, और राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा दी जाती है। जो ग्रेजुएट या पोस्ट- ग्रेजुएट छात्र हैं, वे एनवायरमेंट मैनेजमेंट, सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट, या अर्बन प्लानिंग जैसे क्षेत्रों में डिप्लोमा या डिग्री ले सकते हैं। कचरा प्रबंधन और रिसाइक्लिंग के क्षेत्र की नौकरियों का विस्तार सरकार, निजी क्षेत्र और सामाजिक संगठनों-तीनों में है।

# भारत में आध्यात्म एवं युवाओं के बल प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के नए संकेत

**विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है। अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 30.51 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 89,110 अमेरिकी डॉलर हैं। इसी प्रकार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 19.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 13,690 अमेरिकी डॉलर है और जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.74 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 55,910 अमेरिकी डॉलर है। यह तीनों देश सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में आज भारत से आगे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है।**

जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और संभवत आगामी लगभग दो वर्षों के अंदर जर्मनी की अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है। अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 30.51 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 89,110 अमेरिकी डॉलर हैं। इसी प्रकार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 19.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 13,690 अमेरिकी डॉलर है और जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.74 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 55,910 अमेरिकी डॉलर है। यह तीनों देश सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में आज भारत से आगे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है। भारत के पीछे आने वाले देशों में हालांकि सकल घरेलू उत्पाद का आकार कम जरूर है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में यह देश भारत से बहुत आगे हैं। जैसे जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.18 लाख करोड़ है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 33,960 अमेरिकी डॉलर है। ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.84 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 54,950 अमेरिकी डॉलर है। फ्रान्स के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 46,390 अमेरिकी डॉलर है। इटली के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 41,090 अमेरिकी डॉलर है। कनाडा के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 53,560 अमेरिकी डॉलर है। ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.13 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 9,960 अमेरिकी डॉलर है। सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है। इस सबके पीछे सबसे बड़े कारणों में शामिल है भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात, आर्थिक विकास की दौड़ में बहुत अधिक देर के बाद शामिल होना। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों की शुरुआत वर्ष 1991 में प्रारम्भ जरूर हुई परंतु इसमें इस क्षेत्र में तेजी से कार्य वर्ष 2014 के बाद ही प्रारम्भ हो सका है। इसके बाद, पिछले 11 वर्षों में परिणाम हमारे सामने हैं और भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगते हुए आज 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दूसरे, इन देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या का बहुत अधिक होना, जिसके चलते सकल घरेलू उत्पाद का आकार तो लगातार बढ़ रहा है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अभी भी अत्यधिक दबाव में है। अमेरिका में तो आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम 1940 में ही प्रारम्भ हो गए थे एवं चीन में वर्ष 1960 से प्रारम्भ हुए। अतः भारत इस मामले में विश्व के विकसित देशों से बहुत अधिक पिछड़ गया है। परंतु, अब भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है तथा साथ ही अतिधनाडय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिससे अब उम्मीद की जानी चाहिए कि आगे आने वाली समय में भारत में भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि होगी। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अमेरिका में सेवा क्षेत्र इसकी सबसे बढ़ी ताकत है। अमेरिका में केवल 2 प्रतिशत आबादी ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर है और अमेरिका की अधिकतम आबादी उच्च तकनीकी का उपयोग करती है जिसके कारण अमेरिका में उत्पादकता अपने उच्चत्तम स्तर पर है। पेट्रोलीयम पदार्थों एवं रक्षा उत्पादों के निर्यात के मामले में अमेरिका आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2024 में अमेरिका ने 2.08 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बराबर का सामान अन्य देशों को निर्यात किया है, जो चीन के बाद विश्व के दूसरे स्थान पर है। तकनीकी वर्चस्व, बौद्धिक सम्पदा एवं प्रौद्योगिकी नवाचार ने अमेरिका को विकास के मामले में बहुत आगे पहुंचा दिया है। टेक्निकल नवाचार से जुड़ी विश्व की पांच शीर्ष कम्पनियों में से चार, यथा एप्पल, एनवीडिया, माक्रोसोफ्ट एवं अल्फाबेट, अमेरिका की कम्पनियां हैं। इन कम्पनियों का संयुक्त बाजार मूल्य 12 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक है, जो विश्व के कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से बहुत अधिक है। अतः अमेरिका के नागरिकों ने बहुत तेजी से धन सम्पदा का संग्रहण किया है इसी के चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अमेरिका में बहुत अधिक है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वर्ष 1944 में अमेरिका के ब्रेटन वुड्ज नामक स्थान पर हुई एतिहासिक बैठक में विश्व के 44 देशों ने वैश्विक वित्तीय व्यवस्था के नए ढांचे पर सहमति जताते हुए अपने देश की मुद्रा को अमेरिकी डॉलर से जोड़ दिया था। इसके बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिकी डॉलर का दबदबा बना हुआ है। आज विश्व का लगभग 80 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग लेन देन अमेरिकी डॉलर में होता है। अमेरिका के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को पूरे विश्व का विनिर्माण केंद्र कहा जाता है क्योंकि आज पूरे विश्व के औद्योगिक उत्पादन का 31 प्रतिशत हिस्सा चीन में निर्मित होता है। चीन में पूरे विश्व की लगभग समस्त कम्पनियों ने अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित की हुई हैं। चीन के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण इकाईयों का योगदान 27 प्रतिशत से अधिक हैं। पूरे विश्व में आज उत्पादों के निर्यात के मामले में प्रथम स्थान पर है। विभिन्न उत्पादों का निर्यात चीन की आर्थिक शक्ति का प्रमुख आधार है। सस्ती श्रम लागत के चलते चीन में उत्पादित वस्तुओं की कुल लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम होती है। वर्ष 2024 में चीन का कुल निर्यात 3.57 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का रहा है। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अर्थात जर्मनी ने पिछले एक वर्ष में 25,000 पेटेंट अर्जित किए हैं। जर्मनी को, ऑटोमोबाइल उद्योग ने, पूरे विश्व में एक नई पहचान दी है। चार पहिया वाहनों के उत्पादन एवं निर्यात के मामले में जर्मनी पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है। जर्मनी में निर्मित चार पहिया वाहनों का 70 प्रतिशत हिस्सा निर्यात होता है। यूरोपीय यूनियन के देशों की सड़कों पर दौड़ने वाली हर तीसरी कार जर्मनी में निर्मित होती है। जर्मनी विश्व का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है, जिसने 2024 में 1.66 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बराबर राशि के उत्पाद एवं सेवाओं का निर्यात किया था। मुख्य निर्यात वस्तुओं में मोटर वाहनों के अलावा मशीनरी, रसायन और इलेक्ट्रिक उत्पाद शामिल हैं। आज भारत सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व में चौथे पर पहुंच गया है परंतु भारत को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में जबरदस्त सुधार करने की आवश्यकता है। भारत पूरे विश्व में आध्यात्म के मामले में सबसे आगे है अतः भारत को धार्मिक पर्यटन को सबसे तेज गति से आगे बढ़ाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर निर्मित करने चाहिए जिससे नागरिकों की आय में वृद्धि करना आसान हो। दूसरे, भारत में 80 करोड़ आबादी का युवा (35 वर्ष से कम आयु) होना भी विकास के इंजन के रूप में कार्य कर सकता है। भारत की विशाल आबादी ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था में विविधता झलकती है और यह केवल कुछ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान 16 प्रतिशत है तथा रोजगार के अधिकतम अवसर भी कृषि क्षेत्र से ही निकलते हैं, जिसके चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद विपरीत रूप से प्रभावित होता है। सेवा क्षेत्र का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है परंतु, विनिर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ाने की आवश्यकता है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत में 81 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है अर्थात विदेशी निवेशक भारत में अपनी विनिर्माण इकाइयों की स्थापना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आज विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास बढ़ा है। आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी 694 अरब अमेरिकी डॉलर की आंकड़े को पार कर गया है। आगे आने वाले समय में अब विश्वास किया जा सकता है कि भारत में भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि होती हुई दिखाई देगी। **-प्रहलाद सबनानी**

# प्रधानमंत्री मोदी का हर अभियान बना जन आन्दोलन

**डॉ.राजेश मिश्र**

अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की तो किसी को अंदाजा न रहा होगा की यह अभियान जन आन्दोलन का रूप ले लेगा। स्वच्छता आन्दोलन के साथ देखते ही देखते तरह से राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी व आमजन जुड़ गये वह अपने आप मे अद्वितीय ही रहा। अभियान पूरे देश में व्यापक असर तो दिखा ही साथ ही लोगों के दिलों-दिमाग में स्वच्छता के प्रति जागरुकता के प्रति अमिट छाप छोड़ गया। आज भी लोग सार्वजनिक व निजी स्थलों मे कचरा फेंकने, गंदगी करने के पहले सौ बार सोचते है। कोविड के समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और जन सहयोग को मिशाल के रूप मे देश ने देखा है। सरकारी मदद इलाज के इतर जिस तरह से एक दूसरे की मदद के लिए लोग सामने आए और लाखो लोगों की जान सुरक्षित किए वह प्रधानमंत्री के आह्वान का ही नतीजा रहा है।

मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय और अभूतपूर्व कार्य कर भारत को कई क्षेत्रो मे नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शौचालय पी.एम. आवास निर्माण के बाद बड़ी उपलब्धियों मे यदि किसी को गिना जाअगा तो वह है आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगो का इलाज कराकर उन्हे वित्तीय संकट से बचाया। देखा जाए तो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लिये इलाज पर होने वाला खर्च कमर तोड़ने वाला होता है। गम्भीर बीमारी के समय तो कई ऐसे परिवार रहे जो खर्च न उठा पाने की स्थिति मे मरीज को अपने हाल पर छोड़ देते थे। आयुष्मान भारत योजना ने अब सब कुछ आसान कर दिया है। सामान्य हो या असामान्य सभी तरह की बीमारियों की चिन्ता आयुष्मान भारत पर छोड़ी जा चुकी है। आयुष्मान भारत योजना के बाद डिजिटल इण्डिया का कदम क्रान्तिकारी रहा है। डिजिटल इण्डिया ने यूपीआई के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेन-देन दर्ज किए गए। मेक इन इण्डिया विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरो को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी। मोदी सरकार ने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं। अनुच्छेद 370 का हटाया जाना ऐसा निर्णय रहा जिसे देश मान चुका था की यह सम्भव नही है। 'यह नहीं हो सकता' की धारणा आम हो चुकी थी लोकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे यह धारणा टूट गई। अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया और किसी तरह की चूं-चपड़ भी नही हुई। विपक्ष की यह आशंका भी निर्मूल साबित हुई की देश मे भू-चाल आ जाएगा।अनुच्छेद 370 के समाप्ति के बाद देश ने भी देखा की जब जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव हुए तो 58.46 फीसद तक मतदान हुआ। यह परिवर्तन एक साहसिक निर्णय का असर रहा है। इसी तरह तीन तलाक की प्रथा जो मानवता के लिए त्रासदी थी जिस पर वर्षों तक चुप्पी छायी रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी बात कही लेकिन कोई निर्णायक कदम नही उठाया गया। मोदी सरकार ने तीन तलाक को समाप्त कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब पता चलता है कि इस्लामिक देशों में तो तीन तलाक बहुत पहले ही समाप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण की सार्थक योजना चलाई जिसका असर देखने को मिला है। गरीबी हटाओ केवल पुराने नारे तक सीमित नहीं रहा बल्कि गरीबों के कल्याण को साकार रूप दिया गया। आंकड़े बताते हैं की 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के उपर उठ चुके है। नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकडे भी इसके गवाह है। भारत मे अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगो को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं व चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया जिसे बडी उपलब्धि के रूप में माना जा सकता है। पी.एम. आवास योजना ने भी गरीबों की ना की दशा बदली बल्कि खुशहाली की राह दिखाआ है।

## सेहत मंत्र

# कई बीमारियों का रामबाण इलाज है अजवाइन के पत्तों का जूस

हमारे किचन में कई ऐसे मसाले मौजूद होते हैं। जो कोल्ड या कफ की समस्या हो या पेट में दर्द या फिर त्वचा को ग्लोइंग बनाने के काम आते हैं। यह नुस्खे सदियों से आजमाए जा रहे हैं। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको एक ऐसे ही घरेलू नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसके इस्तेमाल में आपको कई तरह के फायदे होंगे। हम आपको अजवाइन के पत्तों के जूस के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। अजवाइन के पत्ते को इंडियन बेरीज भी कहा जाता है। बता दें कि अजवाइन के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, प्रोटीन, फैट, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। इसके सेवन से आपको शरीर को डिटॉक्स, डाइजेशन को दुरुस्त, अर्थराइटिस के दर्द को कम, स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता से राहत मिलती है। ऐसे में अगर आपके घर पर भी छोटे बच्चे हैं तो आपको अपने गार्डन में इस आयुर्वेदिक पौधे के जरूर लगाना चाहिए। अजवाइन के पत्तों का जूस बच्चों के सर्दी-खांसी और सांस आदि से जुड़ी समस्याओं में काफी फायदेमंद होता है। अगर आपके बच्चे को भी सर्दी-खांसी और जुकाम आदि हो गया है तो अजवाइन की ताजी पत्तियों को तोड़कर उसके रस को निचोड़ लें। इस जूस को सिर और चेस्ट पर लगाएं। यह चेस्ट और बंद नाक को खोलने, गले के इंफ़ेक्शन, कफ को ढीला करना, खांसी को शांत करने आदि में राहत मिलती है। अजवाइन की पत्तियों के जूस का सेवन करने से बुखार को कम किया जा सकता है। इस औषधीय पत्तियों के जूस में आयरन, प्रोटीन और विटामिन-सी की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। इसलिए यदि इसके जूस का सेवन किया जाए तो ब्रेस्टमिल्क को बढ़ाया जा सकता है। कीड़े के काटने पर बी अजवाइन के पत्ते का जूस लगाया जाता है। क्योंकि यह एंटी-इंफ्लेमेटरी होता है। जिसके कारण जलन व खुजली की समस्या दूर होती है।

## धर्म मंत्र

# भोजपुर मंदिर जहाँ है देश का सबसे बड़ा शिवलिंग

मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग है महाकालेश्वर, उज्जैन और ओंमकारेश्वर, खंड़वा लेकिन एक शिवलिंग ऐसा भी है जो उत्तर भारत का सोमनाथ कहलाता है। यह शिवलिंग है प्रदेश की राजधानी भोपाल के नजदीक भोजपुर गाँव में स्थापित भोजेश्वर शिव मंदिर है। यह वेत्रवती यानि बेतवा नदि के किनारे बना है। भोपाल से 30 किलोमीटर दूर रायसेन जिले के भोजपुर गाँव में बना परमार कालीन मंदिर हमेशा ही श्रृद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र रहा है। ऐसा माना जाता है कि भोजपुर में दुनियां का सबसे बड़ा शिवलिंग स्थपित है। जिसकी स्थापना धार के प्रसिद्ध परमार राजा भोज ने (1010-1053 ईसवीं) करवाई थी। अतः इसे भोजपुर मंदिर या भोजेश्वर मंदिर भी कहा जाता है। भोजपुर मंदिर में यू तो साल भर लोगों का आना जाना बना रहता है पर इस प्रसिद्ध स्थल पर साल में दो बार वार्षिक मेले का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें मंकर संक्रांति व महाशिवरात्रि पर्व का पर्व शामिल है। इन दोनों पर्वों पर यहाँ भक्तों की भारी भीड़ लगती है। महाशिवरात्री पर यहाँ एक लाख से भी अधिक श्रृद्धालु पहुंचते हैं। जिसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए जाते है। प्राचीन काल में भोजपुर मंदिर ''उत्तर भारत का सोमनाथ कहलाता था। सबसे अहम बात यह है की मंदिर अब तक पूरा नहीं बना है। भोजपुर के विश्व प्रसिद्ध शिवलिंग की ऊंचाई साढ़े इक्कीस फिट, पिंडी का व्यास १८ फिट आठ इंच व जलहरी का निर्माण 20ब20 से हुआ है। मंदिर के पास परिसर में पत्थर पर ही मंदिर का नक्शा बना हुआ है। भारतीय मंदिरों की वास्तुकला की झलक इस नक़्शे में दिखाई देती है। इस मंदिर के विषय में कई किदवंतियां भी है जिसमें एक कितवंती है कि द्वापर युग में पांडवों द्वारा माता कुंती द्वारा भगवान शिव की पूजा के लिए इस शिवलिंग का निर्माण एक ही रात में किया गया था।

## पर्यटन



# आनंद की अनुभूति के साथ दिल और दिमाग़ को सूकून देती है यात्रा

यात्रा का आनंद और उस आनंद की अनुभूति वाकई में दिल को कितना आनंदित कर देती है। चाहे कोई पर्यटन स्थल हो, कोई धार्मिक स्थल हो या किसी समारोह में सम्मिलित होने का अवसर- इन सबका आनंद कमोवेश एक जैसा ही होता है। कई दिनों पहले से इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। वास्तव में यात्रा का अभिप्राय और प्रयोजन भिन्न भिन्न होते हैं। किसी को प्रकृति की छटा और खूबसूरती आकर्षित करती है तो किसी को धार्मिक स्थल की पावन भूमि। और सच कहूँ तो बच्चों को तो सबसे अधिक आनंद मिलता है। हमारी यात्रा आरंभ तो बाद में होती है लेकिन गंतव्य का दृश्य और उसकी कल्पना हमारे मन मस्तिष्क पर पहले ही अंकित हो जाती है और तभी तो हमारी यात्रा और कार्यक्रम सफल होंगे। पहाड़ों पर जमीं बर्फ की परत हो, झूमते लहराते देवदार के वृक्ष हों, कल-कल बहते झरनों का मादक संगीत हो या फिर चोटियों को चूमते नटखट बादलों का झुण्ड हो- क्या आपने कभी सोचा है की मन कितना पुलकित हो उठता है, मात्र कल्पना से ही। शाम की सुरमयी बेला हो, सूरज की लालिमा में पूरी कायनात ओतप्रोत हो और पक्षियों के कलरव से पूरा वातावरण संगीतमय हो- ऐसे में भला कौन होगा जो मंत्रमुग्ध और आह्लादित नहीं हो जायेगा। हम कुछ पलों के लिए भूल जाते हैं कि हमारा रोज़मर्रा का जीवन कितना बोझिल और भागदौड़ वाला था। और सच मानिये तो हमारी यात्रा का प्रयोजन भी यही होता है कि हम अपने दैनिक जीवन की आपाधापी से थोड़ा मुक्त हो जाएं और कहीं स्वच्छन्द और उन्मुक्त होकर जीवन के कुछ पल का भरपूर आनंद लें। दूर हो जाएं कुछ दिन के लिए उन समस्त अवांछनीय भय और चिंता के पलों से। और सही भी है- हम सभी लोग अपने लैपटॉप या कंप्यूटर को तो रिफ्रेश करते रहते है। उसे भी तो कुछ पल चाहिए जब उसे थोड़ा आराम मिले। ठीक इसी प्रकार हमें अपने मस्तिष्क, शरीर और मन को समय समय पर रिफ्रेश करते रहना चाहिए, इससे हमारा न सिर्फ बौद्धिक और शारीरिक विकास होगा बल्कि हमें एक नयी ऊर्जा और स्फूर्ति मिलती रहेगी।

# बलिदान की धरती पर हरियाली की सौगात : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को वृक्षारोपण से श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बलिदान को समर्पित हर पौधा — राष्ट्रभक्ति का हरियाला संकल्प



हैदरगढ़ बाराबंकी। राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत जनसंघ के संस्थापक, ''एक देश-एक विधान'' के प्रबल पक्षधर श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हैदरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबीसी में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन विभाग द्वारा ''एक वृक्ष माँ के नाम'' अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर कुल 151 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें मुख्यतः महोगनी, पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, जामुन, महुआ, शीशम, इमली तथा कंजी जैसे छायादार एवं औषधीय पौधे सम्मिलित थे।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे वन क्षेत्राधिकारी श्री राकेश तिवारी ने कहा, वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ वायु देने का संकल्प है। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए और उसका संरक्षण भी करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, संजय अवस्थी, एसडीओ पी. पांडे, डिप्टी वन क्षेत्राधिकारी उमेश कनौजिया, वन दरोगा अनुज कुमार सिंह, फॉरेस्ट गार्ड शैलेंद्र सिंह, राम विलास सिंह, सुमित यादव, रामसुंदर पाल (विधानसभा संयोजक), सुशील जायसवाल (जिला उपाध्यक्ष), डॉ. अरविंद सिंह (मंडल उपाध्यक्ष), देवी बक्श सिंह (मंडल संयोजक), मनोज शुक्ला (शक्ति केंद्र संयोजक) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण, फील्ड विज़िट में दिखी गहरी रुचि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । शासन के निर्देश पर सोमवार को सिरौलीगौसपुर तहसील स्थित पारिजात सभागार में प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 45 प्रशिक्षु अधिकारियों को विविध प्रशासनिक व तकनीकी पहलुओं की बारीक जानकारी दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने की, जबकि प्रशिक्षण का संचालन जिला सांख्यिकी अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस ''क्रॉप कटिंग'' की आधुनिक तकनीक पर रहा, जिसके माध्यम से किसानों के खेतों में फसलों की औसत पैदावार का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाता है। यह आंकड़े बाद में भारत सरकार को भेजे जाते हैं, जो कृषि नीतियों के निर्धारण में सहायक होते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को डिजिटल खसरा, ई-क्रॉप सर्वे, एवं आधुनिक डेटा संग्रहण विधियों की जानकारी भी दी गई, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित की जा सके।शिविर के पश्चात प्रशिक्षु अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण पर भी ले जाया गया। मेला रायगंज क्षेत्र में पट्टे पर दिए गए तालाब में मत्स्य पालन की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीण आजीविका के इस प्रभावी मॉडल की सराहना की। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षु अधिकारियों ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों – पारिजात धाम और कुंतेश्वर धाम – का भी भ्रमण किया, जहाँ पूजा गुप्ता द्वारा उन्हें क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक विशेषताओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय, उप निरीक्षक हिमांशु पांडेय, राजस्व निरीक्षक भूपेन्द्र द्विवेदी, प्रेम चन्द्र, शुभेन्द्र अवस्थी, आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा सहित कई वरिष्ठ राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण न केवल प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण रहा, बल्कि फील्ड विज़िट के माध्यम से प्रशिक्षुओं को जमीनी हकीकत से रूबरू होने का भी अवसर मिला।

## हाकी मैच में ध्यानचंद टीम का जलवा

बाराबंकी। ओलंपिक दिवस के अवसर पर हॉकी एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित हॉकी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें ध्यान चंद इलेवन और बाबू सोसाइटी के बीच खेला गया।मैच बेहद रोमांचक रहा खेल की शुरुआत में ही ध्यानचंद इलेवन के कपिल यादव ने मैदानी गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी ।पहले हॉफ में बढ़त एक गोल की रही दूसरे हॉफ में बाबू सोसाइटी ने गोल उतारने के लिए पूरा ज़ोर लगा दिया पर एक बार फिर ध्यानचंद इलेवन के देवांशू यादव ने एक गोल कर दिया और अपनी टीम की जीत पक्की कर ली अंतिम समय में ध्यानचंद इलेवन के मोहम्मद माज ने भी मैदानी गोल के जरिए मुकाबला 3-0से जीत लिया। पराजित बाबू सोसाइटी कोई गोल नहीं कर सकी इस अवसर पर हॉकी एसोसिएशन के सचिव मज़हर अज़ीज़ खान, डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ के सचिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा,जूडो संघ के अध्यक्ष हुमायूं नईम खान, मोहम्मद असलम अंजू अवस्थी,चंदा रानी, ज़मीरुल हसन, फरीद हसन,शीर्ष शर्मा,नसीम कीर्ति,आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे

# काव्य की गूंज से गुंजायमान हुआ पल्हरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। श्री कपिल मुनि योग एवं ध्यान साधना केंद्र, पल्हरी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देशप्रेम, योग, चेतना और स्वस्थ जीवन की भावनाओं से ओत-प्रोत काव्यधारा बहती रही। कार्यक्रम का संचालन ओजस्वी कवि डॉ. अम्बरीष 'अम्बर' ने किया। अपने प्रेरणास्पद छंदों से उन्होंने श्रोताओं को भावविभोर करते हुए कहा–

'मित्रों सरल सहज है शुभ योग में आना।
सत्यं शिवम् के सुंदर संयोग में आना।
यदि चाहते न रोग के अभियोग में आना।
तो है जरूरी सबका इस योग में आना।।''

इस आयोजन के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री बंशराज वर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता वयोवृद्ध योगाभ्यासी श्री नींबू लाल गुप्ता ने की। कार्यक्रम में सेवा-निवृत्त राजस्व अधिकारी श्री हनुमान प्रसाद यादव, से.नि. बैंक अधिकारी श्री रामानंद वर्मा, एवं योगाचार्य डॉ. एस.के. अवस्थी 'शशि' सहित अनेक गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। लखनऊ से पधारे वरिष्ठ कवि डॉ. उमेश 'आदित्य' ने योग की आत्मिक परिभाषा को अपने दोहे में यूं व्यक्त किया–

''आत्म और परमात्म के, मिलने का संयोग।
इस दुनिया में वास्तविक, कहलाता है योग।।''

राष्ट्रप्रेमी कवि यदुनाथ द्विवेदी ने अपने ललाम छंदों से भारत की योग परंपरा का गौरव बखानते हुए कहा–

योग जन्मदायिनी वसुंधरा है भारत की,
आज सारे विश्व में पताका फहरी हुई।
अब योग दिवस मना रहा है सारा विश्व,
लहर-लहर हिंद कीर्ति लहरी हुई।।''

डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' ने योग को स्वस्थ जीवन की संजीवनी बतलाते हुए कहा– ''योगा करते लोग जो, रहता स्वस्थ शरीर। औषधि है बिनमूल्य की, ज्यों सुरसरि का नीर।।''वहीं राजधानी से पधारे कवि अभिनव आनंद ने चेतना और आत्मकल्याण का आह्वान करते हुए पढ़ा–

''चेतना का तुम पर अस्तित्व से संयोग कर लो।
आत्मा, मन और काया शुद्ध कर सुनिरोग कर लो।
ये विरासत पाई है संसार के कल्याण को,
योग कर लो विश्व के कल्याण खातिर योग कर लो।।''

इसके अतिरिक्त ओजस्वी कवि दुष्यंत 'सिंहनादी' (देवीगंज), गीतकार अजय ओझा (अतरौरा), भजन गायक सुशील कुमार, योग शिक्षक हरिनाम सिंह, तथा संगीतकार रामविलास यादव ने भी अपनी भावप्रवण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन अपने भव्य आयोजन व भावनात्मक ऊंचाई के कारण ऐतिहासिक बन गया।समारोह में सेवा-निवृत्त शिक्षक अशोक कुमार वर्मा, डॉ. अनिल कुमार सिंह, बैकुंठ नाथ दूबे, जगन्नाथ तिवारी, अमर सिंह, पवन कुमार वर्मा, डॉ. अनुपम आनंद, समाजसेवी रत्नेश कुमार, शुभ करन वर्मा, दिनेश मौर्य सहित क्षेत्र के अनेक संभ्रांत जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## वितरण में अनियमितता, बसंतपुर मंझारा का कोटा निरस्त

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील रामनगर के ब्लॉक सूरत गंज स्थित ग्राम पंचायत बसंतपुर मंझारा की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित दुकान संचालक श्रीमती राधा रानी द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितताएं की गई। फलस्वरुप उप जिलाधिकारी द्वारा कोटा निरस्त करो जांच तय की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटेदार श्रीमती राधा रानी द्वारा अंत्योदय कार्ड में भारी फ़ेल बदलकर अपने परिवारीजनों का नाम जोड़ा गया। यहां तक कि मृतक उपभोक्ताओं के कार्ड में कोटेदार ने अपने पारिवारिक जनों के नाम सम्मिलित कर कई वर्षों से खाद्यान्न निर्गत कर कालाबाजारी की जा रही थी। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर जिला अधिकारी की निर्देशन में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा गहन जांच कराई गई। जांच में सत्यता पाए जाने पर कोटा निलंबन की कार्यवाही तत्काल की गई। कोटेदार द्वारा की गई हेरा फ़ेरी की गहन जांच की जा रही है। बताते हैं कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की तैयारी है। जिससे कोटेदार का जेल जाना बिल्कुल तय बताया जा रहा है।

## होनहार विजय को बधाई का सलसिला जारी



**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा श्रीश रावत ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र विजय कुमार गौतम को सम्मानित करने बिलंदीपुर पहुंचे। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा व अंगवस्त्र भेंट कर बधाई दी।और भविष्य में यथासंभव मदद का भरोसा दिया। जब से विजय ने प्रथम प्यास में सफलता हासिल की है बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर नीरज कुमार रावत , छोटे लाल गौतम , सुनील रावत , पंकज कुमार ,ब्रजलाल गौतम उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण में बताया, विचार - व्यवहार नियंत्रण के गुर

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वात्सल्य संस्था एव सक्षम परियोजना के तत्वावधान मे सोमवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे किशोरी लीडर्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिभागी किशोरियो को जीवन कौशल, शिक्षा का महत्व व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। परियोजना प्रबंधक भुआल सिंह ने किशोरियो से कहा कि अपने जीवन कौशल और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण मे किशोरियो को खुद को और अपनी भावनाओं , विचारों और व्यवहारों को नियंत्रित करने एव दूसरों की भावनाओं और दृष्टिकोणों को समझने के प्रति जागरूक करते हुए प्रभावी ढंग से संवाद करना, सहानुभूति रखना, और दूसरों के साथ स्वस्थ संबंध एव समस्याओं की पहचान करने समाधान खोजने, और उन्हें हल करने के गुर बताये गये। ब्लाक समन्वयक महेंद्र कश्यप ने सूचना के विश्लेषण एव तर्कसंगत निर्णय लेने नए विचारों और समाधानों के साथ साथ तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम मसौली ब्लाक के 36 गांव की किशोरियो ने प्रतिभाग किया जिन्हे सीमा वर्मा, कमलेश कुमार शोभिका मिश्रा, ने प्रतिभा किया। प्रशिक्षण के दौरान कुल 41 सदस्यों की प्रतिभागिता रही।

## फर्जी शिकायतें आना एक गंभीर समस्या

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सफाई कार्य होने के बाद भी फर्जी शिकायतें आना एक गंभीर समस्या है गांवो मे कुछ ऐसे भी लोग होते है अनावश्यक रूप से शिकायत कर अपने मुंह मिया मिठ्ठू बनना चाहते है। ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर का है। बरसात से पूर्व नाले नालियों की सफाई का कार्य बीते एक माह से ग्राम प्रधान व ग्राम्य विकास अधिकारी द्वारा बरसात आने के पहले करीब एक महीने से करा रहे है। वहीं कुछ ऐसे खुरापाती लोगों है जो स्वय रहते शहरों मे है और शिकायत ग्राम पंचायत की कर रहे हैं। सोमवार को ग्राम्य विकास अधिकारी व ग्राम्य प्रधान निमिष मार्केट के साफ सफाई करा रहे थे। जबकि शिकायत में दी गई बाते पूर्ण रूप से गलत साबित हुई। ग्राम विकास अधिकारी दयानंद ने बताया कि हम लोगों को फर्जी शिकायतें दी जा रही है जबकि त्रिलोकपुर पंचायत में करीब एक महीने से साफ सफाई कार्य जोरो से चल रहा है।शिकायत में पूर्व टोला के तालाब की साफ सफाई की बात की गई। जो कि अभिलेखों में वहां पर कोई तालाब दर्ज ही नहीं है। कस्बे मे साफ सफाई कराई जा रही है।

## चौकी इंचार्ज संभाला कार्यभार

**बनीकोडर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवागत चौकी प्रभारी बृजभान सिंह चंदेल ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया।ही स्पष्ट कर दिया कि उनकी प्राथमिकता शासन के मंशा अनुरूप कानून व्यवस्था बनाए रखने की होगी।उन्होंने कहा कि पीड़ितों के लिए उनका दरवाजा हमेशा खुला रहेगा, जिससे उन्हें अपनी समस्याएं साझा करने में कोई परेशानी न हो।

# रिश्वत बिना नहीं होती है रजिस्ट्री, सीएम से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। तहसील मुख्यालय स्थित उप निबंधन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च अधिकारियों से शिकायत की गयी है।यहां तैनात उपनिबंधक कादम्बरी त्रिपाठी पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।अधिवक्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित शिकायती पत्र एसडीएम को सौंपा गया।आरोप है कि उपनिबंधक द्वारा बिना सुविधा शुल्क के रजिस्ट्री नहीं की जाती और इंकार करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है।शिकायत में कहा गया है कि अधिवक्ताओं के माध्यम से प्रस्तुत बैनामा वसीयतनामा इकरारनामा को नज़रअंदाज़ कर दलालों के जरिए दस्तावेजों की तुरंत रजिस्ट्री कर दी जाती है।इसके अलावा बहराइच हाईवे विस्तार परियोजना में प्रतिबंधित भूमि की रजिस्ट्री भी भारी रिश्वत लेकर की जा रही है।सबसे गंभीर आरोप 21 अप्रैल 2025 को हुए एक फर्जी बैनामे से जुड़ा है जिसमें असली भूखातेदार बिहारीलाल के स्थान पर किसी फर्जी व्यक्ति के नाम से बैनामा करा दिया गया।आरोप है कि इस बैनामे में खरीदार और विक्रेता के बयान भी एक दूसरे के सामने नहीं लिए गए और सीसीटीवी फुटेज तक उपनिबंधक के निर्देश पर हटा दी गई।इस प्रकरण में कोतवाली रामनगर में एफआईआर संख्या 0153 दर्ज की गई है तथा पुलिस जांच जारी है।साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक को शपथपत्र भी सौंपे गए हैं।अधिवक्ताओं ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में जमकर चले ईंट-पत्थर, दो गंभीर घायल

सिद्धौर बाराबंकी थाना असन्द्रा क्षेत्र के नगर पंचायत सिद्धौर के डोमन गड़हा वार्ड में गुरुवार की रात पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर ईंट-पत्थर चले, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डोमन गड़हा वार्ड निवासी चंद्रशेखर मौर्य और अजय मौर्य के बीच बीते कुछ समय से आपसी विवाद चला आ रहा था। बताया जा रहा है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते दो दिन पूर्व रात लगभग 8 बजे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान अजय मौर्य अपनी छत पर चढ़ गया और वहां से चंद्रशेखर मौर्य एवं उनके पुत्र अजय मौर्य पर ईंट-पत्थरों की बारिश कर दी। हमले में दोनों को सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई, जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया। थाना प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई और अप्रिय घटना न हो।

## ससुराल वालों ने बहू को घर से निकाला, जांच शुरू

**सिद्धौर बाराबंकी।** एक विवाहिता के सपनों का संसार उस वक्त टूटकर बिखर गया जब दहेज के भूखे ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने असन्द्रा थाना पहुंचकर अपने साथ हुए अत्याचार की आपबीती सुनाई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला असन्द्रा थाना क्षेत्र के मिर्चिया गांव का है। यहां की रहने वाली रेशमा बानो पुत्री बाबू ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी लगभग एक वर्ष पूर्व लखनऊ जनपद के नगराम थाना क्षेत्र निवासी अफरोज नामक युवक के साथ हुई थी। विवाह के समय परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज भी दिया था, लेकिन शादी के कुछ ही समय बाद ससुराल पक्ष का असली चेहरा सामने आने लगा। रेशमा के अनुसार, उसका पति अफरोज, ससुर मुन्ना, सास रफीकुन निशा और ननद जिलेबा निरंतर दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। हर दिन का सूरज उसके लिए एक नई यातना लेकर आता। शनिवार को हालात इतने बिगड़े कि उसे बुरी तरह पीटकर घर से निकाल दिया गया। आहत और अपमानित रेशमा ने न्याय की आस में पुलिस का दरवाजा खटखटाया। थाना प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध नियमसंगत तरीके से कार्रवाई की जा रही है। रेशमा की यह करुण कहानी एक बार फिर समाज के उस काले सच को उजागर करती है, जहां बेटियाँ शादी के बाद भी सुरक्षित नहीं हैं, और दहेज जैसी कुप्रथा अब भी उनके अस्तित्व को निगल रही है।

## उपभोक्ताओं के समस्या को लेकर भाकियू का प्रदर्शन, ज्ञापन

**सिद्धौर बाराबंकी।** भाकियू टिकैट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सिद्धौर विद्युत उपकेंद्र पर जमकर धरना प्रदर्शन किया। भाकियू का आरोप था कि विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है, और उपभोक्ताओं की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के खिलाफ भी यूनियन ने अपना आक्रोश प्रकट किया। धरने के दौरान यूनियन ने अधिशाषी अभियंता को संबोधित चार सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इसमें प्रमुख रूप से स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक, अनियमित बिजली कटौती बंद कर रोस्टर के अनुसार आपूर्ति, बिल संबंधी अनियमितताओं का निस्तारण तथा गांव धनौरा में फूलचंद के घर के अंदर लगे विद्युत पोल को हटाने की मांग की गई। यूनियन के नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर ग्रामीण उपभोक्ताओं की भारी समस्या का कारण बनेगी। यह योजना किसानों के हित में नहीं है। भाकियू इसका राष्ट्रीय स्तर पर विरोध कर रही है।

# न्यायमूर्ति ने मंत्रोच्चारों के बीच की महादेव की पूजा अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। शिवधाम महादेवा में सोम प्रदोष के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।प्रातःकाल से ही हजारों श्रद्धालु जयघोषों के साथ भगवान श्रीलोधेश्वर महादेवजी का जलाभिषेक करने लगे।इसी बीच लगभग 10 बजे लखनऊ हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी सपत्नीक मठ में पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत जलाभिषेक कर भगवान लोधेश्वर का पूजन अर्चन किया।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत व थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## मंदिर में हावी वीआईपी कल्चर

महादेवा मंदिर व्यवस्था कुछ न्यायालय द्वारा नियुक्ति का हरिप्रसाद द्विवेदी के हवाले है। रिसीवर द्वारा मंदिर को ठेकेदार के हवाले कर दिया गया है। ठेकेदार द्वारा मोटी रकम लेकर दरअसल कराया जाता है। तो भारी भीड़ के मत अपने खास लोगों जिनसे कि दक्षिणा में मोटी रकम मिलती है, गर्भ गृह में मूर्ति विचारों और बैठा दिया जाता है। जिससे दूर-सुदूर से आने वाले शिव भक्त दिल अभिषेक नहीं कर पाते हैं। इतना ही नहीं श्रद्धालु से अभद्र व्यवहार किया जाता है। धक्का देकर बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। मंदिर ठेकेदार के लोग अपने चाहे तो ग पूजा कर आया करते हैं और जनसाधारण कतारबद्ध बाहर और गैलरी में खड़े होकर बारी आने का इंतजार करते हैं। चित्र में मंदिर के भीतर और बाहर व्याप्त अवस्थाओं का अवस्थाओं का प्रमाण है।

# 'जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम' पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । जहां अधिकतर लोग अपना जन्मदिन केक और मोमबत्तियों के साथ मनाते हैं, वहीं हैदरगढ़ क्षेत्र के पंचायत सचिव दीपक राजपूत ने पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए एक नई मिसाल कायम की। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर न सिर्फ एक प्रेरणादायी संदेश दिया, बल्कि समाज को जागरूक करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया।

पंचायत सचिव दीपक राजपूत ने खंड विकास अधिकारी श्री संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में अपने जन्मदिन को एक पर्यावरणीय संकल्प दिवस में परिवर्तित कर दिया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर यह शपथ ली कि वे न केवल लगाए गए पौधे की देखभाल करेंगे, बल्कि दूसरों को भी इस कार्य हेतु प्रेरित करेंगे। पंचायत सचिव दीपक राजपूत ने कहा ''यदि हम हर वर्ष अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाएं और उसकी पूरी जिम्मेदारी से देखभाल करें, तो हम अपने आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु, हरियाली और संतुलित वातावरण की सौगात दे सकते हैं। यह न केवल हमारे लिए, बल्कि प्रकृति और मानवता के लिए एक जीवनदायिनी भेंट होगी। इस अवसर पर कई अन्य पंचायतकर्मी व गणमान्यजन भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पंचायत सचिव पवन कुमार, नवीन कुमार सिंह, अखिलेश दूबे, अजय यादव, विंदराज यादव, पंकज कुमार, शिव कुमार यादव, हर्षित श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सिन्हा व उदय शुक्ला आदि शामिल रहे। सभी ने मिलकर इस पर्यावरणीय पहल की प्रशंसा की और इसे अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल एक जन्मदिन समारोह था, बल्कि एक जीवंत जागरूकता अभियान बन गया, जो आने वाले समय में समाज में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देगा। यह पहल हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों को समाज और प्रकृति के हित में समर्पित करना चाहता है।

> ऐसे छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव की नींव होते हैं। यदि हर व्यक्ति विशेष अवसरों पर पौधारोपण करें और उसे जीवित रखने की जिम्मेदारी निभाए, तो हम पर्यावरण संकट की दिशा में एक मजबूत कदम उठा सकते हैं।''
> श्री संजीव कुमार गुप्ता
> **खंड विकास अधिकारी**
> **हैदरगढ़ बाराबंकी**

## मैं अपनी राह खुद तय करता हूं लोगों की बातों से नहीं: बुमराह

एजेंसी



लीड्स। लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट लेकर एक बार फिर साबित कर दिया कि वह भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ हैं। ऑस्ट्रेलिया में चोटिल होने के बाद बुमराह के भविष्य को लेकर अटकलें तेज थीं, लेकिन उन्होंने मैदान पर वापसी उसी आत्मविश्वास के साथ की, जैसे उन्होंने खेल को छोड़ा था। लीड्स में रविवार को चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा, ''मैं अपनी वापसी को लेकर कभी भी घबराया नहीं। लोग क्या लिखते हैं, इस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। और ना ही मैं किसी को सिखाना चाहता हूं कि उनके हेडलाइन में मेरा नाम हो या नहीं। मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारे देश में बहुत लोकप्रिय है, और मेरा नाम लगाने से व्यूज़ बढ़ते हैं। लेकिन ये सब मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता। अगर मैं इन सब बातों को अपने दिमाग में बिठा लूं, तो मैं अपनी राह से भटक जाऊंगा। बुमराह ने याद दिलाया कि जब उन्होंने क्रिकेट की शुरुआत की थी, तब भी लोग उन्हें लेकर शंका जताते थे। उन्होंने कहा, शुरू में कहा गया कि मैं टीम में नहीं आ पाऊंगा। फिर कहा गया कि छह महीने भी नहीं टिकूंगा। फिर आठ महीने३ और इस तरह मैंने 10 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बिता दिए। आईपीएल में भी 12-13 साल से खेल रहा हूं। अब भी लोग कहते हैं कि ये चोट शायद आखिरी होगी। मैं इन सबकी परवाह नहीं करता। मैं अपना काम करता रहूंगा। तीन-चार महीने में एक नई हेडलाइन आएगी, लेकिन मैं खेलता रहूंगा जब तक किस्मत में लिखा है। अपनी हालिया चोट के बाद बुमराह ने टेस्ट मैचों के चयन को लेकर सतर्कता बरती है। उन्होंने टीम मैनेजमेंट को पहले ही सूचित कर दिया है कि वह पूरी सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। कप्तानी से पीछे हटने की यही मुख्य वजह थी। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह मायने नहीं रखता कि मैं कितने मैच खेल रहा हूं। उस समय जब मैं मैदान में हूं, मेरा पूरा ध्यान विकेट को पढ़ने, बल्लेबाज को समझने और रणनीति बनाने पर होता है। भविष्य की चिंता में प्रदर्शन पर असर नहीं डालना चाहता। टेस्ट मैच खत्म होने के बाद बाकी सब देखा जाएगा। अपनी सोच को लेकर बुमराह ने एक गहरी बात कही। उन्होंने कहा, रात को मैं खुद से एक सवाल करता हूं क्या मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया? अगर जवाब हां में होता है, तो मैं शांति से सो जाता हूं। अपने बयान के अंत में बुमराह ने कहा कि वह हर दिन अपने आप को बेहतर बनाने और भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, भगवान ने जो बरकत दी है, उसे आगे बढ़ा रहा हूं और भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने की कोशिश कर रहा हूं।

## भारतीय शूटिंग स्टार्स ने ओलंपिक डे पर मनाया जश्न, लॉस एंजेलिस में कामयाबी की जताई उम्मीद

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय शूटिंग दल ने सोमवार को ओलंपिक डे के अवसर पर जश्न मनाया और आने वाले ओलंपिक खेलों में देश के लिए और अधिक पदक जीतने का विश्वास जताया। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने शूटिंग की सभी 15 स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए 21 सदस्यीय दल भेजा था। इस दौरान मनु भाकर ने इतिहास रचते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट (सरबजोत सिंह के साथ) में दो पदक जीतकर एक ही ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। स्वप्नील कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में भारत को एकमात्र पदक दिलाया। 2024 ओलंपिक में भारत के कुल छह पदकों में से तीन पदक शूटिंग से आने के बाद इस खेल की लोकप्रियता देशभर में तेजी से बढ़ी और भारतीय निशानेबाजों को वैश्विक स्तर पर बड़ी पहचान मिली। हाल ही में म्यूनिख में संपन्न हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2025 में भी भारतीय निशानेबाजों ने दो स्वर्ण और दो कांस्य समेत कुल चार पदक जीतकर अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। अब खिलाड़ियों की नजरें 2028 में लॉस एंजेलेस में होने वाले अगले ओलंपिक खेलों पर टिकी हैं। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज सरबजोत सिंह ने कहा, ''यह दिन हम सभी के लिए बेहद खास है क्योंकि यह हमें उस मेहनत की याद दिलाता है जो हमने ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए की थी। एक खिलाड़ी के लिए ओलंपिक में हिस्सा लेना ही सबसे बड़ी उपलब्धि होती है और जब आप वहां पदक जीतते हैं, तो वह पल जीवनभर याद रहता है।'' 23 वर्षीय सरबजोत ने आगे कहा, ''पेरिस ओलंपिक और हाल के शूटिंग टूर्नामेंट्स में मिली सफलता ने हम सभी के भीतर नई ऊर्जा भर दी है। हम पूरे आत्मविश्वास के साथ कह सकते हैं कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज और भी ज्यादा पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाएंगे। ओलंपिक पदक विजेता स्वप्नील कुसाले ने भी सरबजोत की भावना को साझा करते हुए कहा, ''पिछले साल ओलंपिक में मिली सफलता के कारण इस बार ओलंपिक डे मनाना और भी खास लग रहा है। अब लगता है कि पूरे देश की निगाहें हम पर हैं और हर कोई हमारी सफलता के लिए दुआ कर रहा है।'' उन्होंने आगे कहा, ''हालांकि यह एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है, लेकिन साथ ही यह हमें प्रेरणा भी देती है कि हम अपने प्रदर्शन को और बेहतर करें और भारत को गौरवान्वित करें। मुझे पूरा भरोसा है कि 2028 लॉस एंजेलेस ओलंपिक में शूटिंग में भारत की पदक यात्रा एक नया अध्याय लिखेगी। ओलंपिक डे की शुरुआत 1948 में हुई थी, जो 23 जून 1894 को पेरिस के सोरबोन में आधुनिक ओलंपिक खेलों की स्थापना की याद में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनिया भर में उम्र, लिंग या क्षमता की परवाह किए बिना खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देना है।


## पृथ्वी ने एमसीए को पत्र लिखकर मुंबई छोड़ने की स्वीकृति मांगी

एजेंसी

मुंबई। भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज पृथ्वी साव अपनी घरेलू टीम मुंबई से रिश्ता तोड़ना चाहते हैं और उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा है जिससे कि एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए नई घरेलू टीम से अनुबंध कर सकें। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने सफ़ेद गेंद (सीमित ओवरों के प्रारूप) की क्रिकेट खेली है। हालांकि उनके मैदान के बाहर के अनुशासनात्मक मुद्दों ने मैदान पर उनके प्रदर्शन से अधिक सुर्खियां बटोरी हैं। एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पुष्टि की कि संघ को पृथ्वी का पत्र मिला है जिसमें स्थानांतरण के लिए एनओसी की मांग की गई है। एमसीए सूत्र ने बताया, ''हां, हमें उनका पत्र मिला है और इसे स्वीकृति के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय लिया जाएगा। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एमसीए को भेजे पत्र में कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने 2017 में मुंबई के लिए पदार्पण किया था। पृथ्वी ने कहा, ''मैं इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने संघ का प्रतिनिधित्व करने के दौरान मुझे बहुमूल्य अवसर और अटूट समर्थन दिया। उन्होंने कहा, ''एमसीए ढांचे का हिस्सा बनना बेहद सम्मान और सौभाग्य की बात है और मैं यहां प्राप्त अनुभव के लिए बहुत आभारी हूं। इसके बाद उन्होंने टीम छोड़ने की इच्छा के अपने कारण बताए। पृथ्वी ने कहा, ''मेरे करियर के इस मोड़ पर मुझे एक अन्य राज्य संघ के तहत पेशेवर क्रिकेट खेलने का एक शानदार अवसर मिला है जो मुझे विश्वास है कि एक क्रिकेटर के रूप में मेरे विकास और प्रगति में और योगदान देगा।

## दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय ने लिया संन्यास, हॉकी इंडिया ने दी बधाई


एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी फॉरवर्ड और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी। भारत ने बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में 4-3 की जीत के साथ अपना सीजन खत्म किया, जिसके तुरंत बाद ललित ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले से सभी को अवगत कराया। ललित उपाध्याय ने भारत के लिए 183 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 67 गोल दागे। उन्हें भारतीय फॉरवर्ड लाइन का एक अहम और भरोसेमंद हिस्सा माना गया, जो अपनी बहुमुखी प्रतिभा, मैदान पर सूझबूझ और दबाव की घड़ी में संयमित खेल के लिए जाने जाते थे। 2014 हॉकी वर्ल्ड कप से पदार्पण करने वाले ललित ने टोक्यो 2020 ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक और पेरिस 2024 ओलंपिक में दोबारा कांस्य पदक जीतकर खुद को बड़े मुकाबलों का खिलाड़ी साबित किया। ओलंपिक के अलावा ललित भारत की 2016 एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 एशिया कप (जिसमें उन्होंने चार गोल किए), 2018 एशियाई खेलों (कांस्य), 2018 पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी (स्वर्ण), 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल (कांस्य) और 2018 एफआईएच चैंपियंस ट्रॉफी (रजत) जैसी कई अहम सफलताओं के भागीदार रहे। वे 2021-22 एफआईएच प्रो लीग में कांस्य और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। भारतीय हॉकी में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के छोटे से गांव से आने वाले ललित का सफर संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने रविवार रात अपने फ़ेसबुक पोस्ट में लिखा, ''यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने अनंत। एक स्टिंग ऑपरेशन से लेकर ओलंपिक पोडियम तक पहुंचना– वह भी दो बार, यह यात्रा चुनौतियों, सीख और गौरव से भरी रही। मेरे शहर से 26 साल बाद कोई ओलंपियन बनना मेरे लिए गर्व और आभार का विषय है। ललित ने अपने संन्यास संदेश में अपने परिवार, कोच परमानंद मिश्रा, एयर इंडिया में मौका देने वाले हरिंदर, मेंटर समीर और धनराज, बीपीसीएल, अपने साथियों, हॉकी इंडिया और राज्य सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने उल्लेख किया कि उन्हें डीएसपी पद की जिम्मेदारी भी गर्व से निभानी है। ललित ने अपने संदेश में टीम इंडिया के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को खासतौर पर याद करते हुए लिखा, ''हॉकी ने मुझे सबकुछ दिया और उसमें तुम (हरमनप्रीत) सबसे कीमती तोहफा हो, भाई।' हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने ललित के योगदान पर कहा, ''ललित अपने दौर के सबसे स्टाइलिश और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर हो या किसी लीग मैच में, उन्होंने हमेशा भारत के लिए गर्व और जज्बे के साथ खेला। वाराणसी की गलियों से ओलंपिक पोडियम तक की उनकी यात्रा प्रेरणादायक है। हम उनके योगदान के लिए आभार प्रकट करते हैं और उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी ललित की प्रशंसा करते हुए कहा, ''ललित ना केवल मैदान पर निर्भीक खिलाड़ी रहे, बल्कि मैदान के बाहर भी बेहद विनम्र इंसान हैं। उनकी निरंतरता, तकनीक और बड़े मुकाबलों में प्रदर्शन करने की क्षमता ने उन्हें टीम की रीढ़ बनाया। हॉकी इंडिया को उनके योगदान पर गर्व है और हम उनके शानदार करियर को हमेशा याद रखेंगे।

## ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद कच्चे तेल का भाव 2 फीसदी से ज्यादा उछला

एजेंसी



नई दिल्ली। ईरान में परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले का वैश्विक बाजार पर व्यापक असर देखने को मिल रहा है। अमेरिका की ओर से सप्ताहांत ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चे तेल के भाव में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई है, जो 80 डॉलर प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया है। आने वाले समय में इसका व्यापक असर भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम पर पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में 2 फीसदी से अधिक की तेजी दिखी है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.92 डॉलर यानी 2.49 फीसदी उछलकर 78.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड (डब्ल्यूटीआई) 1.89 डॉलर यानी 2.56 फीसदी बढ़कर 75.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। जानकारों का कहना है कि ईरान की संसद ने हाल ही में अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का प्रस्ताव पास किया है। अगर ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद करता है, तो इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर पड़ सकता है। दरअसल यह कच्चे तेल के व्यापार का अहम रास्ता है। इस खबर के बाद क्रूड ऑयल का भाव बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये, मुंबई में 104.21 रुपये, कोलकाता में 103.94 रुपये और चेन्नई में 100.75 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, डीजल का भाव दिल्ली में 87.62 रुपये, मुंबई में 92.15 रुपये, कोलकाता में 90.76 रुपये और चेन्नई में 92.34 रुपये प्रति लीटर है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्राल और डीजल के दाम में अभी इजाफा नहीं किया है, लेकिन क्रूड ऑयल के दाम बढ़ने पर तेल कंपनियों को पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं, क्योंकि भारत अपनी कच्चे तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इंपोर्ट करता है।

## व्यापार लाइसेंसिंग प्रक्रिया से दिल्ली पुलिस को हटाने का निर्णय ऐतिहासिक: खंडेलवाल

एजेंसी



नई दिल्ली। चांदनी चौक से सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को विभिन्न तरह के व्यापार को लाइसेंसिंग एवं एनओसी प्रक्रिया से दिल्ली पुलिस को हटाने के फैसले का स्वागत किया है। खंडेलवाल ने कहा कि इससे दिल्ली के 4 लाख के लगभग छोटे बड़े व्यवसायों को लाभ मिलेगा। प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह व्यवसाय सुगमता की दिशा में एक शानदार कदम है। व्यापार लाइसेंसिंग प्रणाली से पुलिस की भूमिका को समाप्त करना पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और प्रभावी प्रशासन की ओर बढ़ने जैसा हैं, जिससे उद्यमियों को सशक्त बनाया जाएगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री का यह निर्णय न केवल अनावश्यक नौकरशाही बाधाओं को समाप्त करेगा, बल्कि पुलिस को भी उनके मुख्य, कर्तव्यों कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगा। संशोधित व्यवस्था के अनुसार होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, मोटल, स्विमिंग पूल, वीडियो गेम पार्लर, डिस्कोथेक, ऑडिटोरियम और मनोरंजन पार्क जैसे व्यवसायों के लाइसेंस और एनओसी अब शहरी स्थानीय निकायों से जारी किए जाएंगे। व्यापारिक समुदाय पुलिस आधारित लाइसेंस प्रणाली में देरी और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ी इन मांगों को लंबे समय से उठा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### गांगुली का सबसे बड़ा खेद, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में और अधिक शतक नहीं लगाना

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एकदिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। गांगुली ने कहा, ''मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए। अगर गांगुली के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि वह 30 बार 80 या 90 रन की संख्या पार करने के बाद आउट हुए। अगर वह इन पारियों को भी शतक में बदलने में सफल रहते तो उनके नाम पर 50 से अधिक शतक दर्ज होते। गांगुली जब अकेले होते हैं तो उन्हें अपनी पुरानी पारियां देखना पसंद है। इससे उन्हें यह याद आता है कि वह और अधिक शतक बनाने के कितने करीब थे। उन्होंने कहा, ''मैं अपने (बल्लेबाजी के) वीडियो तब देखता हूं जब मैं अकेला होता हूं। जब मेरी पत्नी घर में नहीं होती है क्योंकि सना लंदन में रहती है। मैं यूट्यूब पर जाता हूं, और देखता हूं और खुद से कहता हूं अरे फिर 70 रन पर आउट हो गया। मुझे शतक बनाना चाहिए था। लेकिन अब आप इसे बदल नहीं सकते। गांगुली ने वनडे में 72 और टेस्ट क्रिकेट में 35 अर्धशतक लगाए हैं। एक कप्तान के तौर पर कभी-कभी मुश्किल फैसले लेना ज़रूरी हो जाता है। आपको किसी खिलाड़ी को बाहर करके उस खिलाड़ी को शामिल करना पड़ता है जो आपको लगता है कि परिस्थितियों या टीम की जरूरत के हिसाब से अधिक बेहतर है। गांगुली ने दुनिया के महानतम लेग स्पिनरों में से एक अनिल कुंबले को टीम से बाहर किये जाने पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा, ''अनिल कुंबले को कुछ बार मौका नहीं मिला, क्योंकि वह बहुत अच्छे खिलाड़ी थे। ऑस्ट्रेलिया गांगुली की सबसे पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी टीम है और उनके लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं।

### सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स)।** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए कार्तिक दलाल ने 70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

### मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे कोचर

**माराकेच (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को राइजिंग स्टार्स माराकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समानाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अजीतेश संधू संयुक्त 13वें, खलिन जोशी संयुक्त 34वें, राहिल गंगजी संयुक्त 43वें, अर्जुन शर्मा संयुक्त 45वें और अमन राज संयुक्त 51वें स्थान पर रहे। कोचर ने पहले, चौथे, नौवें, 10वें, 12वें, 16वें और 17वें होल पर सात बर्डी बनाईं।

## इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज का आईपीओ 26 जून को खुलेगा, प्राइस बैंड 105-111 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी

मुंबई। फसल सुरक्षा उत्पाद बनाने वाली कंपनी इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 26 जून को खुलेगा और 30 जून को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 105-111 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड ने सोमवार को आईपीओ प्रेस वर्चुअल मीट में बताया कि 10 रुपये अंकित मूल्य वाले अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 105-111 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने कहा कि ये आईपीओ 26 जून को खुलेगा और 30 जून को बंद होगा। इसमें निवेश करने के लिए बड़े (एंकर) निवेशक 25 जून को बोली लगा पाएंगे। यह कंपनी का पहला आईपीओ है। इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड के इस आईपीओ में 160 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने तथा ओम प्रकाश अग्रवाल (एचयूएफ) के 15,40,960 इक्विटी शेयरों और संजय अग्रवाल (एचयूएफ) द्वारा 20,62,643 इक्विटी शेयरों यानी कुल 36.03 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश का मिश्रण है। निवेशक इसके लिए न्यूनतम 135 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 135 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। सिस्टमैटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड एकमात्र बुक-रनिंग लीड मैनेजर है और बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू का रजिस्ट्रार है। कंपनी की योजना इस आईपीओ से हासिल राशि में से 65 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण, 34.12 करोड़ रुपये ऋण भुगतान और 14 करोड़ रुपये का उपयोग पूंजीगत व्यय एवं सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,740 रुपये से लेकर 1,00,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,340 रुपये से लेकर 92,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,09,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# राष्ट्रपति के भाषणों पर आधारित पुस्तक विकसित भारत के निर्माण की मार्गदर्शक : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 51 भाषणों के संग्रह 'विंग्स टू आॅवर होप्स' (दूसरा अंक) का सोमवार को यहां विमोचन किया और कहा कि यह पुस्तक विकसित भारत के निर्माण की मार्गदर्शक बनेगी।

श्री सिंह ने यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में इस पुस्तक का ई-संस्करण भी जारी किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन भी इस अवसर पर मौजूद थे। यह पुस्तक राष्ट्रपति के दूसरे वर्ष के कार्यकाल (अगस्त 2023 - जुलाई 2024) के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालती है। इसमें राष्ट्रपति के विभिन्न कार्यक्रमों में दिये गये अंग्रेजी और हिन्द के भाषणों का संकलन है। रक्षा मंत्री ने राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति के संबोधन से लेकर विश्वविद्यालयों में नवाचार, देश के विकास में महिलाओं के योगदान, समानता और सांस्कृतिक विरासत पर भाषणों के संकलन को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सरकार के दृष्टिकोण का सार बताया। उन्होंने कहा, यह पुस्तक हमारी गौरवशाली विरासत को संरक्षित करते हुए प्रगतिशील विचारों के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए मार्गदर्शक बनेगी। राष्ट्रपति हमारे देश में विविधता के महत्व को जानती हैं और वंचितों के दर्द को पहचानती हैं। यह पुस्तक समानता की भावना का उद्घोष करती है। श्री सिंह ने कहा कि यह पुस्तक सभ्यता से संस्कृति, धर्म से विज्ञान, कला से साहित्य, शिक्षा से स्वास्थ्य और अतीत से भविष्य तक के विविध क्षेत्रों में राष्ट्रपति के




ज्ञान और विचारों का समावेश है। उन्होंने इस समावेशिता को भारत के चरित्र का प्रतिबिंब बताया जो आने वाली पीढ़ियों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने पुस्तक में जो विचार व्यक्त किये हैं वे सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप हैं। राष्ट्रपति के अनुसार, विरासत के साथ-साथ विकास हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। नैतिकता हमारे व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन का आधार है। सभी को, विशेषकर लोक सेवकों और अधिकारियों को, निस्वार्थ सेवा और परोपकार की भावना रखनी चाहिए। न्याय प्रणाली और प्रशासन को आम लोगों के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। विकास के सभी आयामों में नवाचार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। आधुनिक विश्व-व्यवस्था को बेहतर बनाने में भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि देश में श्रीमती मुर्मु के नेतृत्व में महिलाओं का विकास हो रहा है और सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उनके नेतृत्व में भारतीय सैनिकों ने ऐतिहासिक 'आॅपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। आॅपरेशन के सभी लक्ष्यों को हासिल किया गया और आतंकवादियों के मन में भय पैदा हुआ। उन्होंने सशस्त्र बलों को लगातार प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रपति की सराहना की। उन्होंने कहा, हम अपने जीवन के माध्यम से, राष्ट्रपति ने सभी के लिए शिक्षा , समान अधिकारों और अवसरों तक पहुंच के लिए एक प्रेरक उदाहरण स्थापित किया है। साहस, कड़ी मेहनत, सार्वजनिक सेवा और आध्यात्मिकता के आदर्श उनके जीवन में दिखाई देते हैं और इन्हें उनके भाषणों में भी पढ़ा जा सकता है। श्री वैष्णव ने पुस्तक को देश के 'प्रथम नागरिक' के दृष्टिकोण से समकालीन मुद्दों को समझने का एक माध्यम बताया और आशा व्यक्त की कि यह राष्ट्रपति के लोक कल्याणकारी विचारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रभात और प्रकाशन प्रभाग के प्रधान महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अभिव्यक्ति, वाद-विवाद लोकतंत्र के अभिन्न अंग: धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अभिव्यक्ति और वाद - विवाद को भारतीय लोकतंत्र के अभिन्न अंग करार देते हुए कहा है कि विश्वविद्यालयों को अभिव्यक्ति, नये विचारों और वाद-विवाद का उद्गम बनना चाहिए।

श्री धनखड़ ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गौतमबुद्ध नगर में भारतीय विश्वविद्यालय संघ ल्ल कुलपतियों के 99वें वार्षिक सम्मेलन और राष्ट्रीय सम्मेलन (2024-2025) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री बांटने के लिए नहीं होने चाहिए बल्कि उन्हें नवाचार के वाहक और विचारों के उद्गम स्थल बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा लोकतंत्र का प्राणतत्व है तथा विश्वविद्यालयों को असहमति, बहस, संवाद और चर्चा के लिए जगह देनी चाहिए। उन्होंने कहा, ल्लअभिव्यक्ति और वाद विवाद, हमारे लोकतंत्र के अभिन्न अंग हैं। उपराष्ट्रपति ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि धरती के सबसे अच्छे सपूतों में से एक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज बलिदान दिवस है। उन्होंने एक राष्ट्र ,एक निशान का नारा दिया था। श्री धनखड़ ने कहा कि अनुच्छेद 370 ने देश और जम्मू-कश्मीर राज्य को नुकसान पहुंचाया। अनुच्छेद 370 और कठोर अनुच्छेद 35- ए ने लोगों को उनके बुनियादी मानवाधिकारों और मौलिक अधिकारों से वंचित किया। अनुच्छेद 370 अब हमारे संविधान में मौजूद नहीं है। श्री धनखड़ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि नयी शिक्षा नीति ने पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। यह नीति सभ्यतागत भावना, सार और लोकाचार के साथ प्रतिध्वनित होती है। शिक्षा ऐसी समानता लाती है जो कोई अन्य तंत्र नहीं ला सकता। शिक्षा असमानताओं को खत्म करती है और वास्तव में, शिक्षा लोकतंत्र को जीवन देती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने साइबर अपराध विरोधी तमिलनाडु के रुख की तारीफ की

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने साइबर अपराध से निपटने के लिए निवारक निरोध कानूनों को लागू करने के कदम को डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने में एक 'स्वागत योग्य प्रवृत्ति' बताते हुए तमिलनाडु की तारीफ की।

न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने साइबर अपराध के आरोपी अभिजीत सिंह की निवारक निरोध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। तमिलनाडु खतरनाक गतिविधि रोकथाम अधिनियम, 1982 के तहत सिंह की हिरासत को पहले मद्रास उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मेहता ने टिप्पणी करते हुए कहा,ल्लयह राज्य की ओर से आने वाली एक अच्छी प्रवृत्ति है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ निवारक निरोध कानूनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह एक बहुत ही स्वागत योग्य दृष्टिकोण है। सामान्य आपराधिक कानून इन अपराधियों के खिलाफ सफल साबित नहीं हो रहे हैं।ङ्क याचिकाकर्ता सिंह के पिता ने तर्क दिया कि निरोध आदेश असंवैधानिक था और संविधान के अनुच्छेद 22 (5) का उल्लंघन करता है। उन्होंने तर्क दिया कि कथित साइबर धोखाधड़ी एक बार की घटना थी और इससे सार्वजनिक व्यवस्था में कोई बाधा नहीं आई। उन्होंने यह भी दावा किया कि सलाहकार बोर्ड की सुनवाई के लिए नोटिस सुनवाई की तारीख के बहुत करीब दिया गया था, जिससे हिरासत में लिए गए व्यक्ति को प्रभावी ढंग से अपना पक्ष रखने से रोका गया। नयी दिल्ली में रहने वाले पंजाब के मूल निवासी सिंह को 25 जुलाई, 2024 को थेनी जिले के साइबर अपराध पुलिस थाने में 84.5 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता भानुमति ने आरोप लगाया कि मेसर्स क्रिएटिव क्राफ्ट नाम से संचालित सिंह के खाते में 12.14 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। जांच से पता चला कि सिंह ने चार कंपनियां बनाई थीं और धोखाधड़ी वाले फंड को रूट करने के लिए अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर कई बैंक खाते खोले थे। जिला कलेक्टर ने 23 अगस्त, 2024 को हिरासत आदेश जारी किया, जिसे बाद में 25 सितंबर को सलाहकार बोर्ड द्वारा और 09 नवंबर, 2024 को राज्य सरकार द्वारा 12 महीने की अवधि के लिए पुष्टि की गई। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि सिंह का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था और इस बात पर जोर दिया कि अधिकतम अवधि के लिए निवारक हिरासत अनुचित थी। इस पर न्यायमूर्ति मेहता ने कहा, ल्लयह राज्य का विवेक है। हिरासत की अवधि रिट क्षेत्राधिकार में न्यायालय द्वारा तय नहीं की जा सकती। यदि हिरासत का कोई आधार नहीं है, तो आदेश को ही खत्म करना होगा, अवधि को स्वतंत्र रूप से कम नहीं किया जा सकता है। अदालत ने राज्य द्वारा दायर जवाबी हलफनामे पर गौर किया और रजिस्ट्री को इसे रिकॉर्ड पर अपलोड करने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई बुधवार 25 जून, 2025 के लिए मुकर्रर की गई है।

# मेरी यात्रा आसान नहीं थी : व्योमिका सिंह

एजेंसी

फगवाड़ा। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने सोमवार को लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने छोटी बच्ची के रूप में विमान उड़ाने का सपना देखा और भारतीय वायु सेना में एक सफल पायलट बनने तक की अपनी जीवन यात्रा साझा की।

सुश्री सिंह ने साझा किया,ल्लमेरी यात्रा आसान नहीं थी। मुझे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन मेरे पास हमेशा लक्ष्य और साहस था जिसने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। व्योमिका सिंह यहां लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के एक ऑन-कैंपस समारोह में पहुंची हुईं थीं। विंग कमांडर सिंह ने छात्रों को निडरता से अपने सच्चे लक्ष्य का पीछा करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा,ल्लचाहे आप कुछ भी बनना चाहते हों; चाहे वह चित्रकार हो, अभिनेता हो या पायलट; बस वही बनें। किसी और को आपके लिए निर्णय न लेने दें। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और इसे वह धन कहा जो आपको मजबूत बने रहने और नेतृत्व करने की शक्ति देता है। छात्रों से बात करते हुए उन्होंने कहा, अपने जीवन पर नियंत्रण रखें। अपने समय का रचनात्मक उपयोग करें, एक उद्देश्य रखें और अपने मस्तिष्क को प्रशिक्षित करें - यह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। अपने लक्ष्य निर्धारित करें और अपने जीवन की नाव को दिशा के साथ चलाएं ताकि आप चक्कर लगाते न रहें। माता-पिता को उन्होंने दिल से सलाह दी कि अपने बच्चों का समर्थन करें। उन्हें बताएं कि वे सबसे अच्छे हैं। उन्हें मूल्यवान महसूस कराएँ ताकि वे कहीं और मान्यता की तलाश न करें। यदि आप उनके लिए अपना दिल खोलते हैं, तो वे कभी भी अपना रास्ता नहीं खोएँगे। एलपीयू के चांसलर डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने कहा,ल्लएलपीयू में हमारा लक्ष्य हमेशा से हर योग्य छात्र के लिए शिक्षा को किफायती और सुलभ बनाना रहा है; चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। जब आप अपने बच्चे को हमें सौंपते हैं, तो वे हमारी जिम्मेदारी बन जाते हैं; न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि संभावनाओं और सपनों से भरे युवा व्यक्तियों के रूप में।

उन्होंने कहा,ल्लएलपीयू में हम मानते हैं कि डिग्री आकस्मिक है। जो वास्तव में मायने रखता है वह एक सफल करियर को आकार देना और एक अच्छा इंसान बनाना है। यह हमेशा से हमारी नींव रही है। एलपीयू की छात्रवृत्ति पहल जैसे कि रक्षक सम्मान अनुदान और शिक्षक सम्मान अनुदान रक्षा कर्मियों और शिक्षकों के बच्चों को सम्मानित करना जारी रखते हैं। इसके अतिरिक्त, अपने ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से, एलपीयू जय जवान (ऑपरेशन सिंदूर) पहल के तहत सशस्त्र बलों के कर्मियों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति भी प्रदान करता है। इस अवसर पर एलपीयू ने हजारों योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की।

## सजायाफ्ता लालू का राजद अध्यक्ष के लिए फिर नामांकन करना अनैतिक : जद-यू

**नयी दिल्ली।** जनता दल युनाईटेड (जद-यू) ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष पद के लिए श्री लालू प्रसाद यादव के नामांकन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि इससे नैतिकता तार तार हो गयी है। जद -यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव को राजद का दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कराकर नैतिकता की सभी सीमायें तोड़ दी गई हैं। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव लगातार नीतीश कुमार सरकार पर नैतिकता को आधार बनाकर निंदा करते हैं लेकिन अपनी पार्टी में इसे भूल जाते हैं। उन्होंने कहा, न्यायपालिका की तरफ से यह तय हो गया है कि श्री लालू प्रसाद यादव पंचायत का चुनाव तक नहीं लड़ सकते हैं ऐसे में वो किस मुंह से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का चुनाव चिन्ह अपने उम्मीदवारों को बांटेंगे? प्रवक्ता ने कहा कि श्री तेजस्वी यादव लोगों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं लेकिन हकीकत ये है कि लालू परिवार का पूरी तरह से राजद पर कब्जा है और यह विशुद्ध रुप से एक पारिवारिक पार्टी है। लोगों को संविधान की मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले श्री तेजस्वी यादव ने दरअसल संविधान की मर्यादा की धज्जियां उड़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इतनी व्यापक आलोचना के बाद एक बार फिर से श्री लालू प्रसाद यादव का राजद राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करना ये साबित करता है कि राजद को राजनीतिक शुचिता की कोई परवाह नहीं है और परिवार के आगे सारे नियम कानून बेमानी हैं।

## तकनीक के प्रयोग से लाभ खत्म कर रही है सरकार : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार व्यवस्थित तरीके से तकनीक का प्र्रयोग देश के सबसे कमजोर तबकों को सामाजिक कल्याण की योजनाओं से मिलने वाले लाभ से वंचित करने के लिए कर रही है। कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आधार को एक हथियार की तरह प्रयोग कर करोड़ों मज़दूरों को मनरेगा से बाहर कर दिया गया है। एसिड अटैक से पीड़ित महिलाओं को सिर्फ़ आधार में नाम जुड़वाने के लिए अदालत में लड़ाई लड़नी पड़ी है। देश भर के आदिवासी आज भी तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से अपने राशन से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा, 'डिजिटल इंडिया का मकसद सशक्तिकरण होना चाहिए, न कि अधिकार छीनना। भाषण समावेश का, व्यवहार बहिष्कार का- ये बात नहीं होनी चाहिए। श्री रमेश ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक परिपत्र को साझा करते हुए कहा है कि गर्भवती महिलाओं के सामने एक और बाधा खड़ी कर दी गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले बुनियादी और कानूनी अधिकारों के लिए अब फ़ेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी (एफआरटी ) - चेहरा पहचान प्रणाली अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में इस बात के सबूत हैं कि एफआरटी जैसी तकनीक त्वचा का रंग और वर्ग के आधार पर भेदभाव करती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि इससे पहले भी आधार आधारित भुगतान प्रणाली और नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप जैसी तकनीक के विफल होने और रुकावट पैदा करने के सबूत सामने आ चुके हैं। संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति की 365वीं रिपोर्ट में भी इस बात का ज़िक्र किया गया था कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू करने से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को लाभ मिलना बाधित हुआ। इसका नतीजा ये हुआ कि जिस योजना के तहत वर्ष 2019-20 में 96 लाख महिलाओं को भुगतान मिला था, वह घटकर वर्ष 2023-24 में सिर्फ 27 लाख रह गया।

## धनखड़, मोदी, बिरला, शाह ने दी मुखर्जी को श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री धनखड़ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ल्लयह हमारे देश के इतिहास में एक महान दिन है। हमारी धरती के सबसे बेहतरीन सपूतों में से एक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज बलिदान दिवस है। उन्होंने नारा दिया था - एक सिद्धांत, एक निशान और एक प्रधान एक ही देश में दो नहीं होंगे।

# पेज एक का शेष

## सपा ने तीन...

रही है। राम मंदिर जाकर दर्शन करना अगर अपराध है, तो मुझे वह अपराध स्वीकार है। उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की राजनीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ''ये नारा सिर्फ़ छलावा है। जिन दलित महापुरुषों के नाम पर जिले का नाम रखा गया था, उन्हीं का अपमान करके अमेठी नाम फिर से बहाल कर दिया गया। विधायक ने कहा कि ल्लपीडीए अब परिवार डेवेलपमेंट अथॉरिटी बन गया है, जहां सब कुछ परिवार के फायदे के लिए हो रहा है। दलितों और पिछड़ों का नाम लेकर सिर्फ़ दिखावा किया जा रहा है। धर्म और संस्कृति का अपमान करना अगर पार्टी की नीति है, तो मैं ऐसी राजनीति से बाहर रहना पसंद करूंगा।

## ईरान की सहायता...

अपना रुख बता दिया है। यह भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है, ईरानी पक्ष के लिए समर्थन का एक रूप है। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हाल ही में हुई बातचीत में ईरान का विषय बार बार आया है। पेस्कोव ने संवाददाताओं से कहा, 'ईरान के विषय पर राष्ट्रपतियों ने अपनी हालिया बातचीतों के दौरान कई बार चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान के परमाणु संयंत्रों पर रूस ने जो प्रतिक्रिया की है, उसका ईरान स्वागत करता है। विदेश मंत्री ने टेलीग्राम पर कहा कि हम रूसी संघ के रुख की सराहना करते हैं, जिसने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। श्री अराघची ने कहा कि रूस और ईरान ने हमेशा सभी मुद्दों पर संवाद एवं सहयोग किया है और इस क्षेत्र की वर्तमान विशेष परिस्थितियों में दोनों देशों के बीच और भी घनिष्ठ एवं संतुलित संबंध की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उम्मीद है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ इस क्षेत्र के खतरों पर चर्चा होगी, जिसमें इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला भी शामिल हैं। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि हम रूस के साथ समान चिंताएँ और विरोध साझा करते हैं। हम समान विश्वास रखते हैं और चुनौतियों एवं खतरों का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करते हैं। इस तरह के विचार-विमर्श सोमवार को रूसी राष्ट्रपति के साथ बैठक में किए जाएंगे। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने 22 जून को स्पुतनिक को पुष्टि करते हुए कहा कि श्री अराघची रूसी नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए मास्को पहुंच गए हैं। गौरतलब है कि अमेरिका ने रविवार सुबह नतांज़, फ़ोर्डो और इस्फ़हान में ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया। हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान को अब इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सहमत होना चाहिए नहीं तो उसे कहीं ज्यादा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ईरान पर रविवार को किए गए अमेरिकी हमलों को वैश्विक स्तर पर मिली जुली प्रतिक्रिया मिली। संयुक्त राष्ट्र, रूस, चीन, ईरान, कतर, उत्तर कोरिया, वेनेजुएला और पाकिस्तान ने इस कदम की निंदा की, जबकि ब्रिटेन, इजरायल, फ्रांस, इटली, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने हमले की सराहना की है। संयुक्त अरब अमीरात, न्यूजीलैंड, भारत, जापान, मैक्सिको, वियतनाम जैसे अन्य देशों ने तत्काल तनाव कम करने का आग्रह किया और पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की।

## ईरान के खिलाफ...

ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान अमेरिका द्वारा भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं किया गया था। पीआईबी ने सबूत के तौर पर अमेरिकी सेना के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन की प्रेस ब्रीफिंग का लिंक संलग्न किया जिसमें जनरल डैन केन ने अमेरिकी विमानों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले मार्ग के बारे में बताया है। जनरल डैन केन के अनुसार, शुक्रवार आधी रात से शनिवार सुबह तक, बमों से युक्त सात बी-2 स्पिरिट बमवर्षक स्ट्राइक पैकेज में भारत की सीमा के विपरीत दिशा से ल्लपश्चिम की ओर से आये थे।

## नक्सलवाद के खात्मे के...

इसका मूल कारण नक्लवाद है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब बच्चा हाथ में बंदूक की जगह पेंसिल पकड़कर क, ख, ग लिखता है, तो न सिर्फ एक क्षेत्र का बल्कि पूरे देश का भविष्य संवरता है। यह क्षण जल्द ही आने वाला है। जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वो क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि जब नक्सवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा तो उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में 'लियोर ओयना' - नक्सलियों द्वारा आदिवासियों के भीषण संहार और बस्तर को बचाने के प्रयासों पर लिखित पुस्तक का लोकार्पण भी किया।

## सुप्रीम कोर्ट एकल...

याचिका में कहा गया है कि प्रतिवादी अधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, एकल माता के ओबीसी प्रमाण-पत्र के आधार पर ओबीसी प्रमाण-पत्र नहीं दिया जा सकता और आवेदक को केवल पैतृक पक्ष से ही ऐसा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि प्रतिवादियों द्वारा की गई ऐसी कार्रवाई स्पष्ट रूप से संवैधानिक प्रावधानों के विरुद्ध है। याचिका में कहा गया है, प्रतिवादियों द्वारा एकल माता के बच्चों को उनकी (एकल माता के) अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र के आधार पर ओबीसी प्रमाण-पत्र जारी करने में की गई निष्क्रियता भी अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में इसे संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन भी कहा गया है, क्योंकि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति श्रेणी से संबंधित एकल माता के बच्चों को उनके प्रमाण-पत्र के आधार पर जाति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। याचिका में कहा गया है कि एकल माता के बच्चों को ओबीसी प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए अधिकारियों द्वारा पिता के ओबीसी प्रमाण-पत्र या पैतृक पक्ष पर जोर देना पूरी तरह से उनके द्वारा पाले गए बच्चों के अधिकारों के विरुद्ध है। इसमें ओबीसी प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए दिल्ली सरकार के दिशा-निर्देशों का हवाला दिया गया है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, दिल्ली में रहने वाले और ओबीसी प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को अपने किसी भी रक्त संबंधी का ओबीसी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें पिता, दादा या चाचा शामिल हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि ओबीसी श्रेणी से संबंधित एकल मां जो अपने स्वयं के प्रमाण-पत्र के आधार पर अपने दत्तक बच्चे के लिए इस तरह के प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करना चाहती है, उसे पति के ओबीसी प्रमाण-पत्र नहीं होने के कारण आवेदन करने की अनुमति नहीं दी गई।

## विस उपचुनावों में ...

मिले। इस सीट पर भाजपा के जीवन गुप्ता 20232 मतों के साथ तीसरे और शिरोमणि अकाली दल के एडवोकेट परुपकार सिंह घुम्मन 8203 मतों के साथ चौथे स्थान पर रहे।यह सीट आप विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के कारण रिक्त थी । आप नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लुधियाना पश्चिम सीट की सफलता पर सोसल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा,ल्ल बड़ी बढ़त के साथ मिली जीत दर्शाती है कि राज्य की जनता हमारी सरकार के काम से बेहद खुश है।.. उपचुनाव के दौरान लोगों से किये गये हर वादे को हम प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेंगे। पंजाब कंग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आरोप लगाया कि आदमी पार्टी ने यह सीट जीतने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किया है। गुजरात विधानसभा की दो सीटों पर हुए उपचुनाव में एक सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एक आम आदमी पार्टी (आप) के खाते में गयी है। राज्य विधानसभा की विसावदर सीट पर आप के इटालिया गोपाल ने भाजपा उम्मीदवार किरिट पटेल को 17554 मतों से हराया। आप उम्मीदावार को 75942 मत और भाजपा उम्मीदवार को 58388 मत मिले।कंाग्रेस उम्मीदवार नितिन रणपारिया सिर्फ 5501 मत ही हासिल कर पाये। राज्य की कडी (सुरक्षित) सीट पर भाजपा उम्मीदवार राजेन्द्रकुमार (राजूभाई) दनेश्वर चावड़ा ने कंाग्रेस के रमेशभाई चावड़ा को 39452 मतों से पराजित किया। भाजपा उम्मीदवार को कुल 99742 मत और श्री चावड़ा को 60290 मत हासिल हुए। इस सीट पर तीसरे स्थान पर रहे आप के जगदीशभाई गणपतिभाई चावडा को मात्र 3090 मत मिले। केरल में कंाग्रेस उम्मीदवार आर्यदान शौकत ने नीलाम्बुर सीट पर सत्तारूढ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के जोरदार चुनाव अभियान का सामना करते हुए सत्तारुढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के उम्मीदवार एम स्वराज को 11,077 मतों के अंतर से हराया। श्री स्वराज की यह लगातार दूसरी हार है। वह 2021 के विधानसभा चुनाव में त्रिपुनितुरा सीट पर कंाग्रेस के वरिष्ठ नेता के बाबू से 992 मत के छोटे अंतर से हार गए थे। श्री शौकत को 77,737 वोट मिले जबकि श्री स्वराज को 66,660 मत प्राप्त हुए। इस सीट के पूर्व प्रतिनिधि एवं निर्दलीय उम्मीदवार पीवी अनवर को 19,760 और भाजपा के एडवोकेट मोहन जॉर्ज को 8,648 मत मिले। यह सीट श्री अनवर के इस्तीफा देने से रिक्त थी। उन्होंने पिछला चुनाव एलडीएफ के समर्थन से जीता था लेकिन वह तृणमूल कंाग्रेस में शामिल हो गए थे और विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। कंाग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस जीत पर कहा, ल्ल हमने एक टीम के रूप में काम किया, हर एक ने प्रतिबद्धता और एक ही लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया, यही इस सफलता का सबसे महत्वपूर्ण सबक है। आर्यदान शौकत को हार्दिक बधाई, जिनके समर्पण और सेवा ने चमक बिखेरी है। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट सत्तारूढ तृणमूल कंाग्रेस के खाते में बनी रही। इस सीट पार्टी उम्मीदवार अलीफा अहमद विजयी रहीं। सुश्री अलीफा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आशीष घोष को 50049 मतों के अंतर से हराया। विजयी उम्मीदवार को 1,02,759 वोट मिले, जबकि घोष को 52,710 मत प्राप्त हुए। वाम मोर्चा समर्थित कंाग्रेस उम्मीदवार काबिलुद्दीन शेख को 28,348 मत मिले। सुश्री अलीफा ने 2021 के विधानसभा चुनावों में अपने पिता नसीरुद्दीन अहमद के 47,000 के जीत के अंतर को भी पार किया है। यह सीट श्री अहमद के निधन से रिक्त हुयी थी। तृणमूल कंाग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा, कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में सभी धर्मों, सभी समुदायों, सभी जातियों और सभी वर्गों के लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और हमें भारी आशीर्वाद दिया। मैं उनके प्रति कृतज्ञतापूर्वक अपना सिर झुकाती हूं।

## मुखर्जी ने जो सपना...

करने का कार्य तत्कालीन सरकार ने किया था। देश की सुरक्षा के साथ देश की अखण्डता को स्वयं सरकार में बैठे लोग ही चुनौती देने लग गए थे। तब एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान का ऐलान करते हुए डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर में प्रवेश किया था। उनको गिरफ्तार किया गया। हिरासत में ही 23 जून 1953 को जम्मू कश्मीर की जेल में उनका बलिदान हुआ। डॉ. मुखर्जी ने 1953 में एक भारत का अखण्ड और सुरक्षित का जो सपना देखा था, उसे साकार होने में 65-66 साल लगे। जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पांच अगस्त 2019 में कश्मीर में धारा 370 समाप्त हुई। आज जम्मू कश्मीर लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों के साथ भारत के संविधान की भावनाओं के अनुरूप एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पनाओं को साकार कर रहा है। कश्मीर में धारा 370 का हटना डॉ. मुखर्जी के प्रति पीएम मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की सरकार की कृतज्ञता है। उनकी इस पावन पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस अवसर पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे

# मुख्यमंत्री नीतीश ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल की दी सौगात

**■ पटना से राघोपुर के बीच सफर हुआ आसान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में कच्ची दरगाह से बिदुपुर के बीच बने 6 लेन के गंगा पुल का उद्घाटन किया, जिससे पटना और राघोपुर के बीच सफर आसान हो गया है। इस पुल के बनने से अब राघोपुर के लोगों को साल भर सड़क संपर्क मिलेगा और उत्तर-दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। लोकर्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 6 लेन गंगा पुल का राघोपुर तक निरीक्षण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिये सड़क सम्पर्क मिलेगा। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इससे महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम हो गया है। उत्तर और दक्षिण बिहार के सम्पर्क के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल गया है, जिससे आवागमन और सुगम हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पटना शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने दीदारगंज में कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल को जेपी गंगा पथ से जोड़नेवाले निर्माणाधीन लिंक पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेपी गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है। जेपी गंगापथ की तरफ से आने-जानेवाले वाहनों को कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल से सीधा संपर्क बहाल करने के लिए बचे हुए काम को एक माह में तेजी से पूर्ण किया जाए। उल्लेखनीय है कि पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या-103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 किलोमीटर लम्बाई के 6 लेन ग्रीन फील्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 किमी लम्बा पुल तथा 10 किमी लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य होना है। इस परियोजना की कुल लागत 4 हजार 988 करोड़ रूपये है।

# लालू प्रसाद यादव ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वर्तमान अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव सोमवार को परिवार के साथ राजद ऑफिस पहुंचे, और राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन किया।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अध्यक्ष पद के लिए औपचारिक रूप से नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव समेत पूरा लालू परिवार मौजूद रहा। पटना स्थित राजद कार्यालय में नामांकन के लिए भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता भी जुटे हुए थे। कार्यालय के बाहर और भीतर ''लालू यादव ज़िंदाबाद'' के नारों से माहौल गूंज उठा। लालू प्रसाद यादव के खिलाफ अब तक किसी और ने नामांकन नहीं दाखिल किया है, जिससे यह तय माना जा रहा है कि वे एक बार फिर से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि लालू यादव ही अगले अध्यक्ष होंगे। राजद द्वारा आधिकारिक तौर पर घोषणा 5 जुलाई को की जाएगी, उस दिन लालू यादव का जन्मदिन भी है। पार्टी इसे ''लालू सम्मान दिवस'' के रूप में भी मनाने की तैयारी कर रही है। नामांकन के मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की गैरमौजूदगी ने सियासी अटकलों को जन्म दे दिया है। हाल के दिनों में जगदानंद सिंह और तेजस्वी यादव के बीच मतभेद की खबरें सामने आई थीं। ऐसे में उनका पार्टी कार्यालय में उपस्थित न रहना एक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# लुधियाना विधानसभा उपचुनाव में आआपा के संजीव अरोड़ा जीते

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब में लुधियाना पश्चिमी विधानसभा हलके में हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा दस हजार 637 वोटों से चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने इस सीट पर कांग्रेस के भारत भूषण आशु को हराया। भाजपा उम्मीदवार जीवन गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे हैं। वर्ष 2022 में हुए आम चुनाव में भी लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के गुरप्रीत सिंह बस्सी उर्फ गोगी चुनाव जीते थे। गोगी के निधन के बाद यहां 19 जून को उपुचनाव करवाया गया था। सोमवार को खालसा कालेज में हुई मतगणना के दौरान सभी 14 राउंड पूरे होने पर आम आदमी पार्टी के संजीव अरोड़ा को 35 हजार 179 वोट, कंग्रेस के भारत भूषण आशु को 24 हजार 542 वोट मिले। तीसरे नंबर पर रही भारतीय जनता पार्टी के जीवन गुप्ता को यहां 20 हजार 323 वोट मिले। शिरोमणि अकाली दल के परउपकार सिंह महज 8203 वोट ही मिले। संजीव अरोड़ा इस समय राज्यसभा के सदस्य हैं। अभी तक उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया था। अब विधायक बनने के बाद वह राज्यसभा से इस्तीफा देंगे। विधायकों की संख्या के बल पर यह तय है कि राज्य सभी रिक्त सीट आप के खाते में जाएगी। आआपा के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पंजाब से राज्यसभा में जाने की अटकलें लग रही हैं।

# मुख्यमंत्री ने की मौलाना आजाद अस्पताल के डॉक्टरों से मुलाकात, पिछली सरकारों पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को मौलाना आजाद अस्पताल के डॉक्टरों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से संवाद करके उनकी समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने मुलाकात के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कि पिछली शिक्षित सरकारों और यहां के अस्पताल प्रशासन की गैरजिम्मेदारी से हैरान है। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थान की खराब स्थिति और यहां पढ़ने वाले छात्रों की हालत देखकर बहुत दुख होता है। उन्होंने कहा कि 1966 से 1990 के बीच में बने यहां सात छात्रावास की 1200 छात्रों की क्षमता है, लेकिन लगभग 3200 छात्र रह रहे हैं। एक कमरे में आठ-आठ बेड है और अलमारी भी शेयर करनी पड़ती है, स्टडी टेबल कुर्सी जैसी कोई चीज यहां नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के छात्रावासों में कभी मरम्मत का काम ही नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे मेडिकल के छात्र ऐसी विपरीत परिस्थितियों में यहां पर रह रहे हैं। यहां सुरक्षा की कोई दुरुस्त व्यवस्था नहीं है, परिसर में भारी अतिक्रमण किया गया है। पिछली सरकारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अतिक्रमण की वजह से छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। कई वारदातें भी हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावासों की मरम्मत और उनमें सुविधाओं को देने के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाए जाएंगे। नए छात्रावासों को बनाने की संभावनाएं खोजी जाएगी, ताकि एक कमरे में दो या चार छात्रों को रहना पड़ें। छात्रों के लिए अलग अलमारी और स्टडी टेबल कुर्सी की व्यवस्था की जाएगी। दिल्ली सरकार छात्रों को सभी सुविधाएं देने की कोशिश करेगी। परिसर में हुए अतिक्रमण को जल्द हटाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने 19 जून को मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, लोक नायक अस्पताल, जीबी पंत अस्पताल और गुरु नानक नेत्र केंद्र परिसर की स्थिति को लेकर एक आपातकालीन समीक्षा बैठक की। बैठक में चार हजार छात्रों और डॉक्टरों के लिए आवासीय सुविधा तथा मूलभूत ढांचे के पुनर्निर्माण की विस्तृत योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया। यह काम दिल्ली लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने और आपराधिक गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली नगर निगम और शिक्षा विभाग को परिसर में संचालित अवैध स्कूलों को तुरंत हटाने और अतिक्रमणों की पहचान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को अपने अधीन संरक्षित स्मारकों पर हो रहे अवैध कब्जों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गुजरात में आम आदमी पार्टी का परचम लहराएगा: मान


चंडीगढ़ (कैनविज टाइम्स)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को गुजरात के विसावदर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार गोपाल इटलिया की जीत पर उन्हे बधाई देते हुए कहा कि जल्दी ही गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) का परचम लहराएगा। श्री मान ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक संदेश में कहा,ल्लगुजरात के विसावदर विधानसभा क्षेत्र से जीत पर पार्टी के युवा नेता गोपाल इटलिया को हार्दिक बधाई। यह जीत आम आदमी पार्टी गुजरात के कार्यकर्ताओं के नाम है जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अत्याचार के सामने डटकर खड़े रहे। भाजपा की चालें बेनकाब हो गई हैं, लोगों ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताया है। अगर पूरे देश में किसी में भाजपा को हराने का साहस है तो वो आप है। वो दिन दूर नहीं जब श्री अरविंदर केजरीवाल जी के नेतृत्व में गुजरात में आप का परचम लहराएगा...पूरे पार्टी संगठन को भी बधाई...। हम लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में भी बड़ी जीत हासिल की है।।

# ड्रग्स तस्करी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की अंतरराज्यीय सेल ने नशा मुक्त भारत अभियान और ''जीरो टॉलरेंस फॉर ड्रग्स'' नीति के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 288 किलोग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत करीब 50 लाख आंकी जा रही है। इस सिलसिले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है और तस्करी में इस्तेमाल एक ट्रक को जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सोनीपत हरियाणा निवासी मुकेश दहिया (39) और राजेश दहिया (29) के रूप में हुई है। मुकेश ट्रक का मालिक है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि यह गिरोह ओडिशा से गांजा सप्लाई करता था। जिसकी पहुंच उप्र, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर तक थी।

# बाल मजदूरों को मुक्त कराने में बिहार देश में दूसरे स्थान पर, 2024-25 में 3,974 बच्चे छुड़ाए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बाल श्रम और बच्चों की ट्रैफिकिंग से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ चलाए गए अभियानों में वर्ष 2024-25 में बाल मजदूरों को मुक्त कराने के मामले में बिहार देश में दूसरे स्थान पर रहा। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठनों ने इस दौरान कुल 53,651 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। जिसमें 3,974 बच्चे बिहार से छुड़ाए गए। बाल मजदूरों को मुक्त कराने में तेलंगाना शीर्ष पर रहा जहां 11,063 बच्चे छुड़ाए गए। जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के शोध प्रभाग सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियर चेंज (सी-लैब) की बाल श्रम के संबंध में एक रिपोर्ट 'बिल्डिंग द केस फॉर जीरो : हाउ प्रासीक्यूशन एक्ट्स ऐज टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड लेबर' में उजागर हुए, रिपोर्ट के अनुसार मुक्त कराए गए बच्चों में 90 प्रतिशत उन क्षेत्रों में काम कर रहे थे, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन व भारत सरकार बाल मजदूरी का सबसे बदतरीन स्वरूप मानती है। इन छापों के बाद 38,388 मामले दर्ज किए गए और 5,809 गिरफ्तारियां हुईं। इनमें 85 प्रतिशत गिरफ्तारियां बाल मजदूरी के मामलों में हुईं। यह रिपोर्ट 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच देश के 24 राज्यों व केंद्र शासित क्षेत्रों के 418 जिलों में काम कर रहे जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठनों के बाल श्रम और ट्रैफिकिंग के शिकार बच्चों को मुक्त कराने के लिए की गई छापामार कार्रवाई के आंकड़ों पर आधारित है। रिपोर्ट में समग्र नीतिगत बदलावों, सरकारी खरीदों में बाल श्रम का इस्तेमाल कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति, खतरनाक उद्योगों की सूची के विस्तार, राज्यों को उनकी विशेष जरूरतों के हिसाब से नीतियां बनाने, बाल मजदूरी के खात्मे के लिए सतत विकास लक्ष्य 8.7 की समय सीमा को 2030 तक बढ़ाने, दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान सबसे ज्यादा तेलंगाना में 7,632 छापे मारे गए जबकि इसके बाद उत्तर प्रदेश (2,469), राजस्थान (2,453) और मध्यप्रदेश (2,335) रहे। यह दर्शाता है कि देशभर में चलाए गए बाल मजदूरी विरोधी अभियान प्रभावी रहे हैं, लेकिन स्थायी बदलाव तभी आएगा जब कानून का डर और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। रिपोर्ट बताती है कि छापेमारी के साथ बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराने में भी तेलंगाना अव्वल रहा वर्ष 2024-25 में बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराने में तेलंगाना देश में अव्वल रहा जहां 11,063 बच्चे छुड़ाए गए जबकि इसके बाद बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली का स्थान है।

# सेना ने आईआईटी रोपड़, आईआईटी कानपुर संग एमओयू पर किए हस्ताक्षर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। सेना की पश्चिमी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार के नेतृत्व में राष्ट्रीय रक्षा अनुप्रयोगों के लिए संयुक्त अनुसंधान, नवाचार और स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए दो प्रमुख संस्थानों-भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ और आईआईटी कानपुर के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते की पृष्ठभूमि में 25 फरवरी 2025 को, आईआईटी रोपड़ के 16वें स्थापना दिवस के हिस्से के रूप में, टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर फाउंडेशन (टीबीआईएफ) स्टार्टअप और इनोवेशन प्रदर्शन के लिए लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार और पश्चिमी कमान के वरिष्ठ अधिकारियों की को निमंत्रण दिया गया था। मेजर जनरल अजय महाजन, मेजर जनरल सुनील रामपाल, ब्रिगेडियर योगेश कौरा और कर्नल दिनेश सहित प्रतिनिधिमंडल को टीबीआईएफ के निदेशक डॉ अथर्व पौंडरिक और आईआईटी रोपड़ के प्रैक्टिस प्रोफ़ेसर लेफ्टिनेंट जनरल सुरिंदर सिंह महल (सेवानिवृत्त) ने उभरती रक्षा-केंद्रित प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी थी। इस कार्यक्रम में यूएवी सिस्टम, वीआर का उपयोग करने वाले एफपीवी ड्रोन, ड्रोन फोरेंसिक, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध समाधान और सामरिक बुनियादी ढांचा प्रौद्योगिकियों जैसे अभूतपूर्व नवाचार शामिल थे। समझौता ज्ञापन पर आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफ़ेसर मनिंद्र अग्रवाल और जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने वरिष्ठ संकाय और सैन्य नेतृत्व की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

# हाईकोर्ट ने प्रदेश में पंचायत चुनाव पर लगाई रोक, सरकार से मांगा जवाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। हाईकोर्ट ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर रोक लगा दी है। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा आरक्षण रोटेशन नियमावली की अधिसूचना जारी न किए जाने को लेकर लिया गया है।

शनिवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी की थी, जबकि इस मुद्दे पर न्यायिक सुनवाई लंबित थी। हाईकोर्ट ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्धारित किये गए आरक्षण के रोटेशन प्रक्रिया को चुनौती देती याचिकाओं पर सुनवाई की।मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने आरक्षण को नियमों के तहत तय नहीं पाते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर रोक लगा दी, साथ में सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। बीते शुक्रवार को कोर्ट ने राज्य सरकार से स्थिति से अवगत कराने को कहा था, लेकिन राज्य सरकार आज स्थिति से अवगत कराने में असफल रही है। कोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार ने चुनाव की तिथि जारी कर दी, जबकि मामला कोर्ट में चल रहा है। बागेश्वर निवासी गणेश दत्त कांडपाल व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि सरकार ने 9 जून 2025 को एक आदेश जारी कर पंचायत चुनाव की नई नियमावली बनाई गई, साथ ही 11 जून को आदेश जारी कर अब तक पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण रोटशन को शून्य घोषित करते हुए इस वर्ष से नया रोटशन लागू करने का निर्णय लिया है, जबकि हाईकोर्ट ने पहले से ही इस मामले में दिशा निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता के अनुसार, इस आदेश से पिछले तीन कार्यकाल से जो सीट आरक्षित वर्ग में थी वह चौथी बार भी आरक्षित कर दी गई है, जिस कारण वे पंचायत चुनाव में भाग नहीं ले पा रहे हैं। इस मामले में सरकार की ओर से बताया गया कि इसी तरह के कुछ मामले एकलपीठ में भी दायर हैं, जबकि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने खण्डपीठ में 9 जून को जारी नियमों को भी चुनौती दी है। एकलपीठ के समक्ष केवल 11 जून के आदेश जिसमें अब नए सिरे से आरक्षण लागू करने का उल्लेख है, को चुनौती दी गई है।

# डॉ. मुखर्जी का संकल्प आज भी भारतीय जनता पार्टी की प्रेरणा : गजराज

नैनीताल। भारतीय जनता पार्टी नैनीताल ने सोमवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नैनीताल क्लब में एक विशेष विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हल्द्वानी नगर निगम के महापौर गजराज बिष्ट ने डॉ. मुखर्जी के विचारों, राष्ट्रहित में किए गए उनके कार्यों और बलिदान को वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का संकल्प आज भी भारतीय जनता पार्टी की प्रेरणा है। नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन दर्शन आज भी संगठन को ऊर्जा देता है और कार्यकर्ताओं को सेवा व समर्पण का मार्ग दिखाता है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र ढेला और एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय भट्ट ने भी संगठनात्मक सुदृढ़ता और विचारधारा के प्रचार पर बल दिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063